✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 74 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शनिवार, 9 अगस्त 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com




## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री ने दी रक्षाबंधन की बधाई

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रक्षाबंधन के पावन पर्व पर प्रदेश एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दीं हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के बीच प्यार एवं स्नेह का त्योहार है। रक्षाबंधन के दिन बहनें अपने भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बॉधती हैं और बदले में भाई जीवन भर उनकी रक्षा करने का वचन देते हैं। राज्य सरकार महिलाओं की सुरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण के लिये प्रतिबद्ध है।

### बीपीएससी ने असिस्टेंट प्रोफेसर के 539 पदों पर निकाली भर्ती

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अंतर्गत सह-प्राध्यापक के 539 पदों पर बहाली करेगा। ये रिक्तियां राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में विभिन्न विषयों में को भरने के लिए निकाली गई हैं। ऑनलाइन आवेदन की तिथि 18 अगस्त से शुरू होगी। अभ्यर्थी 12 सितंबर तक आवेदन कर सकते हैं।

### नक्सली गिरफ्तार

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के पालीगंज अनुमंडल अंतर्गत खीरीमोर थाना क्षेत्र के 2019 के एक पुराने नक्सली मामले में फरार चल रहे कुख्यात नक्सली रामानंद बिंद को आखिरकार पुलिस ने दबोच लिया। पटना एसटीएफ और खीरीमोर थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में गया जिले से रामानंद बिंद को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी रोड कंस्ट्रक्शन कंपनी से रंगदारी मांगने और मशीनरी को कब्जे में लेने के मामले से जुड़ी है।

### तीन दिनों से लापता युवक का शव बरामद

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के दानापुर अनुमंडल के खगौल थाना अंतर्गत दल्लू चक से अपहृत युवक विशाल कुमार के शव को पुलिस ने रूपसपुर नहर से बरामद किया है। शव की बरामदगी के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल दानापुर भेज दिया है। वहीं आक्रोशितों ने रूपसपुर नहर के मार्ग पर विरोध प्रदर्शन करते हुए सड़क को जाम कर दिया।

### पूर्व डीलर के पुत्र की गोली मारकर हत्या

**मधुबनी (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के अंधराठाढ़ी थाना क्षेत्र के शिवा पंचायत के बड़की शिवा गांव में बीती रात अपराधियों ने पूर्व डीलर के पुत्र की गोली मारकर हत्या कर दी। यह वारदात कमला पूर्वी तटबंध पर उस समय हुई जब मृतक किसी काम से झंझारपुर से अपने गांव लौट रहा था। मृतक की पहचान बड़की शिवा निवासी नासिर डीलर के बड़े पुत्र मो. शव्विर उर्फ भुट्टू के रूप में हुई है।

### अधेड़ का मिला शव

**गयाजी(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के फतेहपुर थाना क्षेत्र के डुब्बा गांव के पास से शुक्रवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में पीपरा निवासी फुलौरी यादव का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने माता जानकी मंदिर के निर्माण के लिए किया भूमि पूजन

# पुनौरा धाम से होगी बिहार के भाग्योदय की शुरुआत : शाह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सीतामढ़ी।** गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को पुनौरा धाम में माता जानकी के भव्य मंदिर के निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की मौजूदगी में गृह मंत्री ने मंदिर निर्माण स्थली पर पहली ईंट रखी। भूमि-पूजन कार्यक्रम से पहले गृह मंत्री ने मां सीता के मंदिर में पूजा की। इस दौरान गृह मंत्री ने जनसभा को भी संबोधित किया। उन्होंने मिथिला की संस्कृति को भारत का धरोहर बताया और कहा कि यह सिर्फ एक क्षेत्रीय परंपरा नहीं बल्कि पूरे देश का गौरव है। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह वही पावन भूमि है जहां राजा जनक ने सोने का हल चलाया था और मां जानकी प्रकट हुई थीं। आज यहां बारिश होकर



जैसे मां सीता ने खुद आशीर्वाद दिया है। इस पावन स्थल को देश की मातृशक्ति को समर्पित किया जाएगा। जहां राम-सीता की पहली मुलाकात हुई, लव-कुश का जन्म हुआ और सीता माता ने अंत समय बिताया, उन सभी स्थानों को भव्य रूप दिया जाएगा। शिलान्यास के बाद गृह मंत्री अमित शाह ने घोषणा की कि पुनौरा धाम में 890 करोड़ रुपये की लागत से भव्य माता जानकी मंदिर और स्मारक परिसर का निर्माण किया जाएगा। इसके तहत परिक्रमा मार्ग का निर्माण, धार्मिक जल स्रोतों का विकास, स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थापना, रामायण कथाओं पर आधारित थ्री-डी अनुभव केंद्र जहां युवा माता सीता और श्रीराम के जीवन प्रसंगों को देख सकेंगे। माता सीता भारतीय संस्कृति की आदर्श पत्नी, बेटी, मां और राजमाता रहीं। उनका यह मंदिर न केवल उन्हें, बल्कि मैत्रेयी, गार्गी और विदुषी भारती जैसी महान महिलाओं को भी समर्पित होगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने मिथिला की कला और संस्कृति को भरपूर सम्मान दिया। 2018 में शारदा सिन्हा को पद्म भूषण और 2025 में मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। वाजपेयी जी ने मैथिली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किया और मोदी जी ने इसे वैश्विक मंच पर प्रस्तुत किया। यहां तक कि दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति को भी मिथिला की (शेष पृष्ठ 10 पर)

# रक्षाबंधन के मौके पर सीएम नीतीश ने महिलाओं को दी बड़ी सौगात

## 9-10 अगस्त को बस में नहीं देना होगा किराया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** रक्षाबंधन को लेकर बिहार सरकार ने महिलाओं एवं छात्राओं के लिए बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की सभी बसों में निशुल्क यात्रा कराने का फैसला लिया है। बिहार के सभी जिलों में रक्षाबंधन के दिन मुफ्त में बस यात्रा कराने को लेकर सभी क्षेत्रीय प्रबंधक को पत्र जारी कर निर्देश दिया गया है। रक्षाबंधन को देखते हुए बिहार राज्य पथ परिवहन निगम ने 9 एवं 10 अगस्त को पूरे बिहार में महिलाओं एवं छात्राओं के लिए निशुल्क बस यात्रा का निर्णय लिया है। परिवहन निगम की तरफ से विभाग के प्रशासक के तरफ से राज्य के पटना, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, भागलपुर, पूर्णिया एवं गया के क्षेत्रीय प्रबंधक को पत्र लिखकर महिलाओं एवं छात्राओं को निशुल्क यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पत्र जारी किया गया है। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम के द्वारा पत्रांक 3339 के द्वारा जारी पत्र के माध्यम से निर्देश दिया गया है। इसमें




कहा गया है कि बिहार राज्य पथ परिवहन निगम के अंतर्गत कुल 6 क्षेत्रीय कार्यालय जिसमें पटना, गया, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, भागलपुर और पूर्णिया से विभिन्न मार्गों पर निगम की बसों का परिचालन किया जाता है। निगम की बसों में 65% सीट महिलाओं के लिए आरक्षित होती हैं। पत्र के आलोक के निर्देशानुसार सभी क्षेत्रीय प्रबंधकों को निर्देश दिया गया है कि इस वर्ष 9 एवं 10 अगस्त को रक्षाबंधन के अवसर पर परिवहन निगम की सभी 6 क्षेत्रीय कार्यालयों के अधीन कुल 19 प्रतिष्ठानों से चलने वाली सभी बसों में महिलाओं के लिए दो दिन निशुल्क यात्रा सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

# फंदे से लटका मिला दारोगा का शव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** जिला मुख्यालय में दारोगा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। वह एसएसपी कोठी के पास ही किराए के मकान में रहता था। शुक्रवार सुबह कमरे में ही फंदे से लटकती हुई उसकी लाश बरामद हुई। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। मौके पर पुलिस आला अधिकारी और रामपुर थाना की पुलिस पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर भेज दिया। दारोगा सहरसा जिले के बनगांव का रहने वाला था। फिलहाल पुलिस मृतक के परिजनों का इंतजार कर रहे हैं। शुक्रवार की सुबह एसपी आफिस के मीडिया सेल से कर्मियों ने दारोगा अनूज कुमार को फोन किया था लेकिन फोन रिसीव नहीं होने के कारण आफिस के कर्मी घर पहुंच गए। दरवाजा खटखटाने के बाद भी कोई जबाब नहीं मिला तब पुलिसकर्मियों ने सिढ़ी के सहारे घर के छत पर पहुंचे। जब कमरे के वेंटिलेटर से देखा तो दारोगा अनूज कुमार कश्यप फंदे से लटका हुआ था। उसके बाद पुलिसकर्मियों ने सीनियर पुलिस पदाधिकारी को सूचना दी। सूचना मिलते ही रामपुर थाना की पुलिस समेत कई आलाधिकारी मौके पर पहुंचे और दरवाजा को तोड़कर शव को बाहर निकाला। वहीं मौके पर एफएसएल टीम को बुलाया गया। मौके पर पहुंची फौरेंसिक की टीम शव और घटनास्थल की छानबीन कर रही है। वहीं पुलिस पदाधिकारी ने मृतक दारोगा के परिजनों को सूचना दी है।

आय से अधिक संपत्ति मामले में एसवीयू की बड़ी कार्रवाई

# सदर डीएसपी संजीव कुमार के कई ठिकानों पर छापेमारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** बिहार में भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई लगातार तेज होती जा रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार तड़के स्पेशल विजिलेंस यूनिट (एसवीयू) ने जहानाबाद जिले में पदस्थापित मुख्यालय पुलिस उपाधीक्षक संजीव कुमार के तीन जिलों पटना, खगड़िया और जहानाबाद स्थित ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। एसवीयू ने इस मामले में कांड संख्या 16/2025 दर्ज किया है। डीएसपी संजीव कुमार पर एक करोड़ 52 लाख 42 हजार 469 रुपये की अवैध संपत्ति अर्जित करने का गंभीर आरोप है, जो उनकी ज्ञात आय के स्रोतों से कहीं अधिक है। यह कार्रवाई भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधित 2018) और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा



61(2)(ए) के तहत की गई है। स्पेशल विजिलेंस यूनिट की टीम ने शुक्रवार सुबह एक साथ पटना, खगड़िया और जहानाबाद में डीएसपी के आवास और अन्य ठिकानों पर दबिश दी। इस दौरान टीम ने कई अहम दस्तावेज, संपत्ति की रजिस्ट्री, बैंक खातों की जानकारी, संदिग्ध निवेश से संबंधित कागजात और कीमती सामान बरामद किए हैं। सूत्रों के अनुसार एसवीयू की टीम अभी नकदी, जेवरात और अन्य अघोषित संपत्तियों का मूल्यांकन कर रही है। टीम द्वारा बरामद सामग्रियों की कानूनी जांच जारी है जिसके बाद अवैध संपत्ति की जब्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इस पूरे मामले की विशेष बात यह है कि एसवीयू ने खुद अपने थाने में केस दर्ज कर कार्रवाई की है। यह इस बात का संकेत है कि जांच एजेंसी के पास डीएसपी संजीव कुमार के खिलाफ पहले से पुख्ता सबूत मौजूद थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्च स्तर पर निगरानी की जा रही है। स्पेशल विजिलेंस यूनिट द्वारा डीएसपी पर हुई इस कार्रवाई से पूरे पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। इस संबंध में पूछे जाने पर पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार ने बताया कि स्पेशल विजिलेंस यूनिट (एसवीयू) द्वारा छापेमारी की कार्रवाई की जा रही है। उसकी जानकारी उन्हें मिली है। कार्रवाई पूरी होने के बाद ही विस्तृत जानकारी सार्वजनिक की जाएगी।

# पेट्रोल छिड़क कर बाप-बेटे को जिंदा जलाया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कटिहार।** जिले में सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया गया है। अपराधियों ने पिता-पुत्र को पेट्रोल छिड़ककर आग के हवाले कर दिया। इसमें बेटे की मौत हो गई जबकि पिता गंभीर रूप से घायल है। यह पूरा मामला कदवा थाना क्षेत्र के कचौरी गांव का है। बताया जाता है कि गुरुवार रात को दोनों बाप-बेटे सोए हुए थे तभी अपराधियों ने आकर शरीर पर पेट्रोल छिड़क दिया और आग लगा दी। इस घटना में 12 साल के सुनील कुमार मंडल की मौत हो गई है। वहीं उसके पिता रामकल्याण मंडल (45) गंभीर रूप से घायल हैं। जानकारी के अनुसार दोनों घर के बारामदे पर सोए थे जबकि घर के अन्य सदस्य भीतर में सो रहे थे। अपराधी दबे पांव आए और घटना को अंजाम दे दिया। जब आग की लपटें उठने लगी तो शोर सुनकर घर के लोग बाहर आए। आस-पास के लोग भी पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। आनन-फानन में गंभीर से घायल रामकल्याण मंडल और सुनील कुमार मंडल को स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दुर्गागंज ले जाया गया जहां स्थिति गंभीर होने पर दोनों को चिकित्सकों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया। परिवार वाले इसके बाद दोनों को सदर अस्पताल लेकर पहुंचे जहां से उन्हें भागलपुर बर्न वार्ड रेफर किया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान 12 वर्षीय सुनील कुमार मंडल की मौत हो गई। वहीं रामकल्याण मंडल जिंदगी और मौत से जंग लड़ रहे हैं। घटना के बाद से परिवार में मातम परसा हुआ है। लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। इधर सूचना पाकर स्थानीय थाना की पुलिस भी मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। मामले में एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## बिहार के जवान ने खुद को मारी गोली

**गोरखपुर(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के छपरा जिले के मकेर प्रखंड के जगदीशपुर निवासी और पूर्व सैनिक जितेंद्र सिंह ने गोरखपुर एयरपोर्ट पर ड्यूटी के दौरान अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली। वे एयरपोर्ट रनवे की सुरक्षा में तैनात थे। सेना से रिटायर होने के बाद उन्होंने डीएससी जॉइन किया। कुछ दिन पहले सावन पूजा के लिए गांव गए थे और 3 अगस्त को ड्यूटी पर लौटे थे। हकर्मियों के मुताबिक वे हमेशा अनुशासित और मिलनसार रहे। किसी ने नहीं सोचा था कि वे इतना बड़ा कदम उठा लेंगे।

## बिजली उपभोक्ताओं से सीधा संवाद करेंगे सीएम नीतीश

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राज्य सरकार की ओर से घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को प्रतिमाह 125 यूनिट तक निःशुल्क बिजली देने की ऐतिहासिक घोषणा की गई है। एक अगस्त 2025 से जुलाई माह की बिजली खपत के आधार पर लोगों को 125 यूनिट तक पूर्ण अनुदान पर बिजली मिल रही है। उपभोक्ताओं को योजना की संपूर्ण जानकारी देने हेतु व्यापक जनजागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 12 अगस्त को विद्युत उपभोक्ता संवाद कार्यक्रम के माध्यम से राज्य के बिजली उपभोक्ताओं से सीधा संवाद करेंगे। शुक्रवार को बिजली कंपनी की ओर से दी गई आधिकारिक जानकारी के अनुसार इस संवाद कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु प्रत्येक विद्युत आपूर्ति प्रशाखा में 4 संवाद स्थल निर्धारित किए गए हैं।

# मंदिर के महंथ की हत्या

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी नगर थाना क्षेत्र के गांधी नगर स्थित श्री विजय राघव मंदिर के महंथ श्याम नारायण स्वामी 60 को शुक्रवार को उनके सहयोगी ने डंडे से सिर पर मार जख्मी कर दिया। इलाज के लिए नारायण मेडिकल अस्पताल में उनकी मौत हो गई। महंत शिव नारायण स्वामी दरीहट थाना क्षेत्र के तड़वा गांव के निवासी थे। एएसपी सह एसडीपीओ अतुलेश झा ने प्रेस वार्ता में बताया कि आज श्री विजय राघव मंदिर के महंथ की उनके ही सहयोगी ने सिर पर ईंट से मार दिया जिससे वे बुरी तरह घायल हो गए। घटना के बाद हत्यारा फरार हो गया। आवाज सुन कर मंदिर में रहने वाले अन्य लोग आये और उन्हें इलाज के लिए नारायण मेडिकल कालेज अस्पताल ले गए जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। हत्या में शामिल आरोपित का पता चल गया है। उसकी गिरफ्तारी को पुलिस संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रारम्भिक जांच में पता चला है कि महंथ से द्वेष से पुजारी ने इस घटना को अंजाम दिया। श्री झा ने बताया कि आरोपी सुभाष पुजारी पिछले 2 महीना से आश्रम में रह रहा था। महंत से अपने मेहनताना का 25 हजार रुपए एडवांस भी लिया था। इसके बाद वो छुट्टी पर चला गया था। आज अचानक वह छुट्टी से वापस लौटा और पुराने विवाद को लेकर तू-तू मैं-मैं होने लगी और इसी विवाद में महंत पर उसने हमला कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस निरीक्षक सह डिहरी थानाध्यक्ष शिवेंद्र कुमार व एफ एस एल की टीम मौके पर पहुंच जांच कर रही है।

# बिहार के विकास में केंद्र की बड़ी भागीदारी : नीतीश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सीतामढ़ी।** मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के विकास में केंद्र सरकार का भरपूर सहयोग मिल रहा है। जुलाई 2024 के केंद्रीय बजट में बिहार को विशेष आर्थिक पैकेज के तहत सड़क, उद्योग, स्वास्थ्य, पर्यटन, बाढ़ नियंत्रण के लिए बड़ी राशि देने की घोषणा की गयी। वहीं फरवरी 2025 के बजट में मखाना बोर्ड तथा दरभंगा में एयरपोर्ट की स्थापना सहित अन्य कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गयीं। श्री कुमार ने मां सीता की जन्मस्थली पुनौराधाम मंदिर एवं परिसर के समग्र विकास की वृहद् योजना का भूमि पूजन कर शिलान्यास के बाद कहा कि केंद्र सरकार द्वारा बिहार में खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आयोजन कराया गया, यह हम सभी के लिए गौरव की बात है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोगों की सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत सभी वृद्धजनों, दिव्यांगजनों, विधवा महिलाओं को मिलने वाली 400 रुपये की पेंशन राशि को बढ़ाकर 1100 रुपये किया है, इससे 1 करोड़ 12 लाख लोगों को फायदा मिलना शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2018 में हमलोगों ने हर घर तक बिजली का कनेक्शन पहुंचा दिया है जो भी नई बसावटें हैं, उन सभी तक हर आवश्यक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाई जा रही है। हमलोग शुरू से ही अनुदानित दर पर लोगों को बिजली मुहैया कराते रहे हैं और अब राज्य सरकार की तरफ से सभी बिजली उपभोक्ताओं को 125 यूनिट बिजली प्रतिमाह निःशुल्क दिया जा रहा है। इसके अलावा सभी इच्छुक



लोगों के घरों की छतों पर राज्य सरकार अनुदानित दर पर सोलर पैनल लगाने का निर्णय लिया है, इससे लोगों को काफी फायदा होगा। प्रगति यात्रा के दौरान पूरे बिहार का भ्रमण करने के साथ ही स्थानीय लोगों से बातचीत कर हम वहां की समस्याओं से अवगत हुए थे। प्रगति यात्रा के क्रम में हमने सीतामढ़ी जिले के कई स्थानों का भ्रमण कर यहां की समस्याओं की जानकारी ली थी। हमलोगों ने पूरे बिहार के लिए 50 हजार करोड़ रुपये की लागत से 430 नई योजनाओं की स्वीकृति प्रदान कर दी है ताकि इस पर तेजी से काम हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पुनौराधाम मंदिर परिसर के विकास के लिए पहले से भी अनेक कार्य कराए गए हैं। आज 883 करोड़ रुपये की लागत से यहां माता सीता के भव्य मंदिर के निर्माण के साथ ही मंदिर परिसर के समग्र विकास की वृहद योजना का शिलान्यास किया गया है। मां जानकी के मंदिर परिसर का पूरे तौर पर विकास किया जाएगा, इसके लिए यहाँ पूर्व से उपलब्ध 17 एकड़ भूमि के अलावा 50 एकड़ भूमि अधिग्रहित की जा रही है। जमीन अधिग्रहण के बाद कुल 67 एकड़ भूमि पर मां जानकी के भव्य मंदिर एवं परिसर का विकास कार्य बेहतर ढंग से कराया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मां जानकी के भव्य मंदिर बनने और नई ट्रेन शुरू होने से आप सभी को काफी फायदा होने वाला है। बिहार में 24 नवम्बर, 2005 से जदयू और भाजपा की गठबंधन वाली एनडीए की सरकार बनी। वर्ष 2005 से पहले बिहार की हालत काफी बदतर थी, यह किसी से छुपा नहीं है। शाम के बाद लोग डर के कारण अपने घरों से बाहर नहीं निकलते थे। सड़कों के अभाव के कारण कहीं आने-जाने के लिए रास्ता नहीं था। हमलोगों ने हर क्षेत्र के विकास और हर तबके के उत्थान के लिए काम किया है।

औरंगाबाद में क्या आप अपने व्यवसाय का विस्तार करना चाहते हैं? इस प्रीमियम व्यावसायिक स्थान को किराया पर लें और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें।

- संपत्ति का प्रकार : पूर्ण व्यावसायिक भवन
- स्थान : रावल बिगहा, कुंडा-सिमरा रोड पर, औरंगाबाद (बिहार)
- कुल मंजिलें : 2
- निर्मित क्षेत्रफल : 13000 वर्गफीट




उपयुक्त

- शोरूम
- कार्यालय
- कोचिंग संस्थान
- क्लिनिक/अस्पताल
- रेस्टोरेंट/कैफे
- सुपरमार्केट/खुदरा श्रृंखलाएं

सुविधाएं : पार्किंग स्थान उपलब्ध, प्रत्येक मंजिल पर अलग शौचालय, 24 X 7 पानी और बिजली

संपर्क करें : प्रमोद कुमार सिंह, मो.-9931820911

CMYK

# जनता दरबार में 78 फरियादों के समाधान हेतु डीएम ने कार्रवाई के दिए निर्देश



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** समाहरणालय के स्थानीय डीआरडीए सभागार कक्ष में जिलाधिकारी उदिता सिंह द्वारा जिला जनता दरबार का आयोजन किया गया जिसमें लगभग कुल 78 फरियादी उपस्थित हुए जिन्हें विषयवार/विभागवार यथा राजस्व, विकास एवं अन्य विभिन्न विभागों से सम्बंधित समस्याओं/शिकायतों को अलग-अलग पंक्तियों में बैठाकर सभी आवेदकों से जिलाधिकारी के द्वारा जिलास्तरीय सभी पदाधिकारियों के साथ एक-एक करके सभी आवेदकों से साक्षात्कार करते हुए उनके समस्याओं को सुना गया तथा उनसे प्राप्त आवेदन पत्रों पर त्वरित निष्पादन करने हेतु सम्बंधित विभागीय पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया गया। जनता दरबार में अपर समाहर्ता-सह-अपर जिला दण्डाधिकारी रोहतास, उप विकास आयुक्त, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी राजस्व शाखा, निदेशक डीआरडीए, विशेष कार्य पदाधिकारी, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र रोहतास, जिले के सभी अंचलाधिकारी एवं जिला मुख्यालय के सभी विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने भाग लिया।

## डीएम को जेजे इंटरनेशनल स्कूल की छात्राओं ने बांधी राखी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** समाहरणालय स्थित जिलाधिकारी कार्यालय में रक्षाबंधन के अवसर पर जेजे इंटरनेशनल स्कूल की छात्राओं ने जिलाधिकारी उदिता सिंह को रक्षा सूत्र बांधी। इस दौरान छात्राओं ने जिलाधिकारी का आशीर्वाद और स्नेह प्राप्त किया। जिलाधिकारी द्वारा छात्राओं से संवाद कर मोटीवेट किया गया। इस दौरान छात्राओं ने बताया कि आईएएस, तो किसी ने शिक्षक तो किसी ने डॉक्टर तो किसी ने पुलिसकर्मी बनना है और समाज की सेवा करना है। मौके पर जिलाधिकारी ने प्रशासनिक गतिविधियों और प्रशासनिक व्यवस्था से अवगत कराया। जिलाधिकारी के कार्यों और कर्तव्यों के बारे में विस्तार से बताते हुए छात्राओं को प्रेरित किया गया। छात्राओं को आईएएस बनकर जिलाधिकारी की तरह समाज की सेवा करने की बात कही। जिलाधिकारी ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अंत में जिलाधिकारी द्वारा छात्राओं के बीच डायरी कलम का वितरण किया गया। मौके पर डीपीआरओ आशीष रंजन एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

## वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी बन दी धमकी, दो को पूछताछ के लिए लाया गया थाना



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** एएसपी सह एसडीपीओ अतुलेश झा ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि संध्या में इन्द्रपुरी थानाध्यक्ष को एक नंबर से थाना के सरकारी नम्बर पर कॉल आया जिसमें खुद को वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी बताते हुए धमकी भरे लहजे में एक काण्ड के अनुसंधान को मनमाफिक दिशा देने के लिए धमकाया गया। घटना से सतर्क होते हुए स्टेशन डायरी दर्ज करते हुए कार्रवाई प्रारंभ किया। अग्रेतर क्रम में उक्त नम्बरों का उपयोगकर्ता प्रदीप पाण्डेय, जिला-भोजपुर तथा मनीष कुमार पाण्डेय, जिला-बक्सर, पूछताछ के लिए थाना पर लाया गया। पूछताछ के क्रम में पता चला कि ये एक संगठित गिरोह के सदस्य हैं। इस गिरोह का काम है कि पुलिस पदाधिकारियों एवं अन्य विभागाध्यक्षों को संबंधित विभाग के वरीय पदाधिकारी बन धमकी देते हुए अपने मनमाना ढंग से काम करवाते हैं तथा किसी परिचित के केस में पैरवी करना, धमकी देना, युवाओं को सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर पैसा लेने का काम करते हैं। उन्होंने बताया कि और भी इस गिरोह के अन्य लोगों के बारे में पता चला है कि पुलिस एवं अन्य सिविल डिपार्टमेंट के अलावा ये अन्य युनिफार्म सर्विस के पदाधिकारी है उनका आइडेंटीटी यूज करते हैं जिनके लिए अग्रेतर छापामारी की जा रही है।

## डीआईजी ने सिपाही प्रशिक्षण का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** शाहाबाद प्रक्षेत्र के डीआईजी डॉ सत्यप्रकाश ने जिला पुलिस लाइन में सिपाही प्रशिक्षण का निरीक्षण और समीक्षा की है जिसमें उन्होंने सिपाहियों को विभिन्न कौशलों और ज्ञान के साथ प्रशिक्षित करने पर जोर दिया है। डी आईजी के अनुसार बताया कि नव नियुक्त 1400 सिपाहियों का प्रशिक्षण पुलिस लाइन में दिया जा रहा है। उन्हें कानून और व्यवस्था बनाए रखने, अपराधियों को पकड़ने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। सिपाहियों को सामुदायिक पुलिसिंग के सिद्धांतों और तरीकों से प्रशिक्षित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हथियारों के उपयोग और सुरक्षा, आत्मरक्षा के तरीकों और तकनीकों से प्रशिक्षित करने की जानकारी ली गई। उन्हें प्राथमिक चिकित्सा के तरीकों और तकनीकों से प्रशिक्षित के साथ कानूनी ज्ञान और प्रक्रियाओं से भी अवगत कराया जा रहा है। उन्होंने एसपी रौशन कुमार को सप्ताह में दो दिन मंगलवार व शुक्रवार को क्लास लेने को कही। डीआईजी ने सिपाही प्रशिक्षण की निगरानी और समीक्षा के दौरान उनके आवासीय व्यवस्था, भोजन के मेनू को भी देखा। उन्होंने कहा कि सिपाही प्रशिक्षण उच्च गुणवत्ता वाला हो इसकी व्यवस्था की गई है। सिपाही प्रशिक्षण में सुधार के लिए सुझाव भी दिया। निरीक्षण में एसपी रौशन कुमार उपस्थित थे।

## कार से 285 लीटर शराब जब्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी नगर थाना क्षेत्र के पाली रोड स्थित एक निजी पार्किंग में खड़ी एक कार से पुलिस ने 285 लीटर देसी व अंग्रेजी शराब बरामद किया। एएसपी सह एसडीपीओ अतुलेश झा के अनुसार गुरुवार रात सूचना मिली कि एक स्विफ्ट डिजायर कर बीआर 08सी 9052 पर शराब तस्कर अवैध शराब लेकर शहर में आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस निरीक्षक सह डिहरी थानाध्यक्ष शिवेंद्र कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई जिसमें थाने के सहायक पुलिस निरीक्षक त्रिवेणी राम, एस आई विश्वजीत कुमार, सिपाही महेश कुमार और वर्षा रानी को शामिल किया गया। उन्होंने बताया कि गठित टीम ने शराब के परिवहन किए जाने की सूचना पर क्षेत्र की घेराबंदी की गई। शराब तस्कर थाना क्षेत्र से बाहर जाने में असफल रहा और अपना स्विफ्ट कार को पाली रोड स्थित महादेव बंगला के निजी पार्किंग में खड़ा कर चला गया।

### प्रतिभावान खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने हेतु जिला स्तरीय मशाल खेल प्रतियोगिता का आयोजन

## खेल में हार जीत होती रहती है हौसला मत खोइये : डीडीसी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** सासाराम के न्यू फैजलगंज स्टेडियम में शिक्षा विभाग, खेल विभाग, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण एवं जिला प्रशासन रोहतास के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को मशाल खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह खेल प्रतियोगिता चार दिनों तक 8 अगस्त से लेकर 11 अगस्त तक चलेगा। कार्यक्रम की शुरुआत सम्मान समारोह के साथ किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को बुके देकर सम्मानित किया गया। उसके बाद उद्घाटन का कार्यक्रम मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त विजय कुमार पाण्डेय द्वारा उपस्थित पदाधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीडीसी रोहतास विजय कुमार पाण्डेय ने खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि खेल में हार जीत होती रहती है इसलिए हौसला मत खोइये लगातार संघर्ष कीजिये एक दिन अवश्य आपकी जीत होगी। वही उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा विनय प्रताप ने मशाल खेल प्रतियोगिता की जानकारी दी तथा चार दिवसीय इस प्रतियोगिता में शामिल पांच खेल यथा एथलेटिक्स, फुटबॉल, कबड्डी, वॉलीबॉल एवं साइकिलिंग के बारे में भी जानकारी दी तथा खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीडीसी विजय कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया जबकि मंच का संचालन राजनीश कुमार श्रीवास्तव ने की। आयोजन के माध्यम से राज्यभर में गांव, मोहल्ले में खेल प्रतिभाओं को निखारने का अवसर प्रदान करना है। साथ ही खिलाड़ियों को उचित मंच प्रदान कर उसे अपना प्रतिभा का परचम लहराने का अवसर प्रदान करना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के अलावा जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी राजस्व शाखा, निदेशक डीआरडीए, विशेष कार्य पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी लोक शिकायत अनुश्रवण कोषांग-सह-महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र रोहतास, जिले के सभी अंचलाधिकारी एवं जिला मुख्यालय स्थित सभी विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने भाग लिया।

## जेडयू कार्यालय भभुआ में विधान सभा बीएलए 2 एकदिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रामपुर (कैमूर)।** जनता दल यू कार्यालय भभुआ में शनिवार को भभुआ विधानसभा का बि एल ए 2 का एकदिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जनता दल यू के प्रदेश महासचिव विधानसभा समन्वय अनिल कुमार रहे तथा अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अजय कुमार पटेल एवं संचालन बी एल ए 1 मोहम्मद लियाकत अंसारी ने किया। अपने संबोधन में प्रदेश से आए अनिल कुमार ने बताया कि एक-एक मतदाता चाहे वह हमारा वोटर हो या नहीं हो छुटना नहीं चाहिए हमारे लिए और हमारे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है इसलिए कोई भी मतदाता छूटे नहीं और गलत मतदाता जुड़े नहीं मुख्यमंत्री के द्वारा किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा उनके द्वारा 20 साल के कार्यों की अगर व्याख्यान किया जाए तो समय कम पड़ जाएगा कोई भी क्षेत्र हो और कोई भी जाति और धर्म हो उन्होंने काम किया है। सड़क के क्षेत्र में हो शिक्षा के क्षेत्र में हो या बच्चों हो या बच्चियों हो अगड़े, पिछड़ों, दलित, महादलित महिला, पुरुष हर लोग के लिए हर क्षेत्र में विकास कार्य किए गए हैं। बैठक में कैमूर के संगठन प्रभारी प्रश्न परशुराम दाती भभुआ विधानसभा के प्रभारी अशोक पटेल मोहनिया विधानसभा के प्रभारी संतोष चौधरी रामगढ़ विधानसभा के प्रभारी रामप्रवेश राम धर्मेंद्र कुमार प्रखंड अध्यक्ष भभुआ के मनीष पटेल रामपुर प्रखंड के अध्यक्ष अखिलेश चंद्रवंशी भभुआ नगर के नगर अध्यक्ष बलदाऊ पटेल युवा जनता दल यूके जिला अध्यक्ष त्रिलोक पटेल सुनीता यादव इत्यादि लोग मौजूद रहे।

## पैराडाइज ग्रुप ऑफ स्कूल में योग शिविर और पोधारोपण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**चेनारी।** पतंजलि योग समिति एवं भारत स्वाभिमान न्यास रोहतास के तत्वावधान में पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के निर्देशानुसार पैराडाइस ग्रुप ऑफ स्कूल चेनारी के प्रांगण में योग शिविर का आयोजन किया गया और साथ ही साथ पतंजलि ग्रुप के आयुर्वेद के महारथी एवं आधुनिक युग के धनवंतरी जड़ी बूटियों के ज्ञाता आचार्य बालकृष्ण के जन्म दिवस को जड़ी बूटी दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया। उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों और शिक्षकों को बताया गया कि वह बहुत विलक्षण प्रतिभा के धनी है उनके नेतृत्व में पतंजलि रिसर्च केंद्र आयुर्वेद के क्षेत्र में देश का सबसे बड़ा अनुसंधान केंद्र है जहां 400 से अधिक वैज्ञानिक विभिन्न रोगों में काम आने वाला औषधीय पौधों पर अनुसंधान कर रहे हैं। आज के कार्यक्रम में सर्वप्रथम बच्चों और शिक्षकगणों को योग कराया गया उसके पश्चात औषधीय पौधों का वितरण किया गया और स्कूल प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया जिसमें धरती का अमृत आंवला, अमरूद, एलोवेरा, गिलोय, तुलसी, नागदोन, अनार, श्रीफल, आम, पीपल, पुनर्नवा आदि का पौधा शामिल था और उसके सेवन से होने वाले लाभ के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। कार्यक्रम में पैराडाइस ग्रुप ऑफ स्कूल के डायरेक्टर संतोष कुमार सिंह और मुख्य अतिथि के रूप में बिहार दक्षिणी के सह राज्य प्रभारी पतंजलि योग समिति अवध नारायण चौबे के निर्देशन में कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। कार्यक्रम में मुख्य भूमिका के रूप में एसपी यादव, कमलेश चौबे, अजय चौबे, विजय सिंह, उपेन्द्र खरवार, विक्की आनंद की सराहनीय भूमिका रही। योग सार्वभौमिक सर्वकालिक एवं सार्वजीवन महत्व की ऋषि मुनियों की अनमोल विरासत है। कर्म करने में सबसे बड़ी कुशलता (चातुर्य) ही योग है। इस योग को जीवन में अपनाने से बंधन स्वभाव वाले कर्म भी योगी को बंधन में नहीं डाल पाते हैं। नियमित रूप से योग को अपने आचरण में लायें एवं जीवन को सुखमय बनाएं।

## देसी शराब बरामद, महिला कारोबारी धरायी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** स्थानीय पुलिस ने थाना क्षेत्र के मुसई टोला से गुप्त सूचना पर लगभग 24.3 लीटर देसी शराब के साथ महिला धंधेबाज को पकड़ लिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि गुरुवार की रात गुप्त सूचना मिली कि मुसई टोला में स्व. जमुना चौधरी की पत्नी सुकरमनी कुंवर अपने घर में देशी शराब रख बिक्री कर रही है।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई—नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मंडल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा निम्न वर्णित पार्किंग स्टैंड के संचालन हेतु ई—नीलामी आमन्त्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न है:—

**1. कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : AA/1 :** गया रेलवे स्टेशन के डेल्हा साइड स्थित तीन पहिया वाहन पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षों के लिए।, **ई—नीलामी कैटेलॉग संख्या :** PARK-GAYA-25-22, **ई—नीलामी लॉट संख्या :** PARKING-DDU-GAYA-RW-3-25-1, **ई—नीलामी की तिथि एवं समय :** ई—नीलामी दिनांक 20.08.2025 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:30 बजे बंद होगी।

**2. वेबसाईट का पता जहाँ ई—नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध है: www.ireps.gov.in (E-auction Leasing)**

**मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पू०म०रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय**

पीआर/0739/डीडीयू/सीओएमएमएल/ईएएन/25–26/28


## शपथ पत्र

मैं, निशा कुमारी, उम्र लगभग 43 वर्ष, पति संजय कुमार, पिता स्व. कैलाश सिंह, मुहल्ला न्यू गंगौली, डालमियानगर (ठाकुर वाड़ी गली) पो.+थाना- डालमियानगर, जिला-रोहतास, बिहार शपथपूर्वक निम्नलिखित बयान करती हूं कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं एवं मेरा आधार न.- 6568 9537 1989 है। मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम निशा कुमारी है।

मेरे सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र में मेरा नाम बेबी कुमारी है।

मेरे आधार कार्ड और पैन कार्ड में मेरी जन्म तिथि 12-10-1982 है। भारतीय जीवन बीमा निगम के शाखा गया के पॉलिसी संख्या 514723376 में मेरा नाम बेबी कुमारी एवं जन्म तिथि 11-12-1988 दर्ज है। उपरोक्त दोनों नाम निशा कुमारी एवं बेबी कुमारी एक ही व्यक्ति अर्थात मेरा ही नाम है।

मैं पुनः घोषणा करती हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरी व्यक्तिगत जानकारी में सही एवं सत्य है। शपथ पत्र संख्या-14418- दिनांक-05/08/25 है।

**शपथकर्ता**
**निशा कुमारी उर्फ वेबी कुमारी**


**पूर्व मध्य रेल**

**निविदा सूचना**

**सं. डी.एन.आर./एस. एण्ड टी./सिंग/2025/17 दानापुर, दि. 05.08.2025**

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (सिगनल एवं दूर संचार) पूर्व मध्य रेलवे, दानापुर मंडल, निम्नलिखित कार्य हेतु रेलवे के वेबसाइट पर निविदाएं आमंत्रित करते हैं:— **1. कार्य का नाम एवं स्थान:** दानापुर मंडल के अंतर्गत खुसरूपुर (KOO) और जमुई (JMU) यार्ड में डीसी—ट्रैक सर्किट के समानांतर मल्टी सेक्शन डिजिटल एक्सल काउंटर (MSDAC) के प्रवधान हेतु कार्य। **2. अनुमानित लागत:** रुपये 46741695.51 **3. बयाना राशि:** रुपये 383700.00 **4. निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय:** दिनांक 27.08.2025 को 15:00 बजे तक। **5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :** दिनांक 27.08.2025 को 15.00 बजे। **6 वेबसाइट विवरण:** http://www.ireps.gov.in **7 कार्यालय का पता जहाँ से निविदा सम्बन्धी विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है:** वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियंता कार्यालय, दानापुर **नोट:** विवाद की स्थिति में अंग्रेजी नोटिस मान्य होगा। यदि जरूरत हुई तो शुद्धि—पत्र उपरोक्त बेवसाईट पर 14 दिन पहले अपलोड कर दिया जायेगा।

**मं सं० एवं दूर सं० अभि०**
**पूर्व मध्य रेल,./दानापुर**
**कृते भारत के राष्ट्रपति**

पीआर/0730/डीएनआर/सिंग. एवं दूर/टी/25–26/40


## पुत्र के जन्मदिन पर पिता ने 30 बच्चों को भेंट की ड्रेस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी/ तिलौथू।** स्वर्णकार गली स्थित निःशुल्क पाठशाला में एक दृश्य बेहद भावुक और प्रेरणादायक रहा जब तिलौथू निवासी लालू कुमार ने अपने पुत्र कान्हा बाबू के जन्मदिन पर परंपरा और संवेदना का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया। बजाए चकाचौंध वाले होटल, रेस्टोरेंट और दिखावटी आयोजन के उन्होंने अपने बेटे का जन्मदिन गरीब व वंचित बच्चों के साथ सादगी और सेवा भाव से मनाया। इस अवसर पर उन्होंने 30 बच्चों को उपहार स्वरूप नए ड्रेस भेंट किए जिससे बच्चों के चेहरे पर जो मुस्कान खिली, वह किसी उत्सव से कम नहीं थी। पाठशाला के संचालक सत्यानंद कुमार ने बताया कि इस अवसर पर न तो बड़ी सजावट थी, न ही कोई तामझाम—बल्कि सच्चे अर्थों में मानवता, सेवा और समाज के प्रति जिम्मेदारी का संदेश था। श्री कुमार का यह प्रयास समाज के लिए एक प्रेरणास्पद उदाहरण है कि खुशियां बांटने का असली आनंद तब है जब वह उन चेहरों तक पहुंचे जहां उम्मीदें कम होती हैं।

## साइबर थाना का डीआइजी ने किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** शाहाबाद प्रक्षेत्र के डीआइजी डॉ सत्यप्रकाश ने जिला साइबर थाना का निरीक्षण किया। लंबित कांडों के निष्पादन में लापरवाही पर संबंधित आइओ की क्लास लगाई। डीआइजी के अनुसार समीक्षा के दौरान 120 कांड लंबित पाए गए। लगभग एक सौ आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। उन्होंने लंबित कांडों के निष्पादन में तेजी लाने और आरोपितों की गिरफ्तारी में तेजी लाने का निर्देश दिया। लापरवाह आइओ से शो कौज किया जा रहा है। मौके पर एसपी रौशन कुमार व साइबर थाना के डीएसपी सह थानाध्यक्ष गौरव कुमार यादव मौजूद थे।

## शपथ पत्र

मैं उदय कुमार सिंह, पिता स्व. राजदेव सिंह, ग्राम-मेन बाजार मदनपुर, पो.+थाना-मदनपुर, जिला-औरंगाबाद (बिहार) सत्य एवं निष्ठा के साथ घोषणा करता हूं कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं। शुभम कुमार मेरा पुत्र है। मेरा पुत्र शुभम कुमार केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षा (मैट्रिक) उत्तीर्ण हुआ जिसका रौल नं. 23273951 एवं रजिस्ट्रेशन नं.-R120/54370/0248 है। मेरा पुत्र के मैट्रिक के प्रमाण पत्र में मेरा नाम Uday Kumar Singh के जगह पर Uday Kuamr Singh अंकित हो गया है जो गलत है।

मेरा आधार कार्ड में एवं मेरे पुत्र के इन्टरमीडियट प्रमाण-पत्र में भी मेरा नाम Uday Kumar Singh अंकित है जो सही है।

शपथ पत्र मैं अपने पुत्र शुभम कुमार के मैट्रिक के सभी प्रमाण पत्र में Uday Kuamr Singh के स्थान पर अपना सही नाम Uday Kumar Singh दर्ज इसकी द्वितीयक प्रति प्राप्त करने वास्ते कर रहा हूं।

मैं पुनः घोषणा करता हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरे व्यक्तिगत जानकारी में सही एवं सत्य है। शपथ पत्र संख्या-17282- दिनांक-04/08/2025 है।

**शपथकर्ता**
**उदय कुमार सिंह**

## रक्षाबंधन को लेकर बाजार में सजी राखी की दुकानें, बहनों में उत्साह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी।** प्रखंड क्षेत्र में रक्षा बंधन को लेकर शुक्रवार को चेनारी मुख्य बाजार व तेलारी बाजार में रौनक बढ़ गई है। रंग-बिरंगी राखियों से सजी दुकानों पर बहनों की भीड़ उमड़ रही है। हर कोई अपने भाई के लिए सबसे सुंदर और खास राखी चुनने में जुटा है। बाजार में पारंपरिक धागों वाली राखियों से लेकर डिजाइनर, मोतियों, पत्थरों और चांदी-पॉलिश वाली राखियों तक की लंबी रेंज मौजूद है। बच्चों के लिए कार्टून कैरेक्टर वाली राखियों और म्यूजिकल राखियों की भी खूब मांग है।

## सड़क पर जलजमाव से वाहन चालक समेत आम जनता परेशान

### शिकायत के बाद भी ध्यान नहीं देते जिला परिषद सदस्य एवं स्थानीय विधायक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**भभुआ।** भभुआ प्रखंड अंतर्गत कोहारी गांव का है जहां इन दिनों मुख्य सड़क पर जलजमाव लगने से लोगों की मुश्किलें बढ़ गई है। वही ग्रामीणों का कहना है कि सड़कों पर जलजमाव के कारण आवागमन में लोगों को काफी कठिनाई हो रही है। सड़क पर दो से तीन फुट पानी जमा होने से राहगीर को आने जाने में परेशानी झेलनी पड़ रही है। दो पहिया, चार पहिया, साइकिल सवार समेत पैदल आने जाने वाले व्यक्तियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वही ग्रामीणों ने आगे बताया कि जलजमाव के कारण मुख्य सड़क क्षतिग्रस्त व जर्जर पड़ गई है। आलम यह है सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे उभर गए हैं जिससे यहां से आवागमन करने वाले वाहन हिचकोले मारते हुए गुजरते हैं। वही स्थानीय लोगों ने आगे बताया कि जलजमाव के कारण हर दिन यहां कई लोग फिसलकर गिर रहे हैं। वही ग्रामीणों ने आगे बताया कि इसकी शिकायत कई बार जिला परिषद सदस्य भोला बिंद एवं विधायक भरत बिंद से करने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। वहीं साइकिल व बाइक सवार, ई-रिक्शा चालक जलजमाव में फंस कर घायल हो रहे है। मुख्य सड़क पर जलजमाव लगने से सबसे अधिक इस इलाके के स्थानीय लोग प्रभावित हो रहे हैं। वही स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क खराब होने से अक्सर जलजमाव लग जाता है। जिसके वजह से हमलोगों के स्वास्थ्य को लेकर भी कठिनाई हो रही है।


**कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम**

ज्ञापांक .............. दिनांक ..................

**शुद्धि - पत्र**

कार्यालय ज्ञापांक 3161 दिनांक 01.08.2025 द्वारा सैरात बन्दोबस्ती सूचना आमंत्रित की गयी थी। उक्त सैरात बन्दोबस्ती सूचना में निम्नांकित तिथि में आंशिक संशोधन की जाती है :—

| क्रमांक | नाम | पूर्व की तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | डाक से संबंधित कागजात जमा करना | 10.08.2025 | 11.08.2025 |
| 2 | खुली डाक बोली | 10.08.2025 | 11.08.2025 |

शेष शर्तें यथावत् रहेंगी। जिसका PR – 358833 है।

**ह0/— सहायक नगर आयुक्त**
**मेदिनीनगर नगर निगम**

PR 359187 District (25-26)_D

# अमित शाह एवं नीतीश कुमार ने अमृत भारत एक्सप्रेस के परिचालन का किया शुभारंभ


**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**हाजीपुर।** गृह एवं सहकारिता मंत्री, अमित शाह एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा सीतामढ़ी से नई दिल्ली के लिए एक नई अमृत भारत ट्रेन सेवा का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया। आज इसका परिचालन सीतामढ़ी से 05599 सीतामढ़ी-दिल्ली उद्घाटन स्पेशल के रूप में किया गया। दिल्ली और सीतामढ़ी के मध्य गाड़ी सं. 14048/14047 दिल्ली-सीतामढ़ी-दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस का नियमित परिचालन दिल्ली से 09.08.2025 से प्रत्येक शनिवार को तथा सीतामढ़ी से 10.08.2025 से प्रत्येक रविवार को किया जाएगा। गाड़ी सं. 14048 दिल्ली-सीतामढ़ी अमृत भारत एक्सप्रेस 09.08.2025 से प्रत्येक शनिवार को दिल्ली से 14.00 बजे खुलकर गाजियाबाद, टुंडला, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, कप्तानगंज, सिसवा बाजार, बगहा, नरकटियागंज, सिकटा, रक्सौल, बैरगनिया स्टेशनों पर रुकते हुए अगले दिन 10.45 बजे सीतामढ़ी पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 14047 सीतामढ़ी-दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस 10.08.2025 से प्रत्येक रविवार को सीतामढ़ी से 22.15 बजे खुलकर उपरोक्त स्टेषनों पर रूकते हुए अगले दिन 22.40 बजे दिल्ली पहुंचेगी। विदित हो भारतीय रेल की ओर से बिहार को मिलने वाली यह सातवीं अमृत भारत ट्रेन है। इससे पहले जब देश में पहली बार अमृत भारत ट्रेनें बनकर तैयार हुई थी तो उनका परिचालन दरभंगा से वाया अयोध्या आनंद विहार टर्मिनल तथा मालदा टाउन से सर एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनल बेंगलुरूके बीच किया गया था। सहरसा और मुंबई के मध्य अमृत भारत एक्सप्रेस के परिचालन का प्रारंभ प्रधानमंत्री द्वारा किया गया था। इसके अलावा पटना और नई दिल्ली के बीच प्रतिदिन अमृत भारत एक्सप्रेस के साथ-साथ मोतिहारी से आनंद विहार के लिए, दरभंगा से लखनऊ तथा भागलपुर, गया, सासाराम के रास्ते मालदा टाउन से लखनऊ के लिए अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है जिससे बिहार के लोगों को काफी लाभ मिल रहा है। अमृत भारत ट्रेनों का निर्माण मेक इन इंडिया प्रोग्राम के तहत इंटीग्रेटेड कोच फैक्ट्री में किया गया है। इसे खास तौर पर मध्य एवं निम्न आय वर्ग के लोगों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है जिसमें स्लीपर और जनरल क्लास के डिब्बे लगे हुए हैं। आधुनिक सुविधाओं से लैस अमृत भारत ट्रेन के नए संस्करण में कई-नई सुविधाएं भी प्रदान की गई है जिससे अमृत भारत 2.0 पहले से कहीं ज्यादा सुविधाजनक और हाईटेक हो गई है। अमृत भारत ट्रेन लो बजट में यात्रा करने का एक सुविधाजनक और विश्वसनीय माध्यम बन गई है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हाल ही में जानकारी दी थी कि देश में 100 नए अमृत भारत रेक निर्माणाधीन हैं जिन्हें भारतीय रेल के विभिन्न रुटों पर चलाया जाएगा। अमृत भारत 2.0 ट्रेन के कोच में फोल्डेबल स्नैक्स टेबल, मोबाइल होल्डर, फोल्डेबल बटल होल्डर जैसी सुविााएं प्रदान की गई हैं। इनमें हवाई जहाज की तर्ज पर रेडियम एलिमिनेटेड फ्लोरिंग स्ट्रिप, एयर स्प्रिंग बडी जैसी सुविधाएं प्रदान की गई है जिससे सफर आरामदायक होता है। इस ट्रेन के प्रत्येक शौचालय में इलेक्ट्रो न्यूमेटिक फ्लशिंग प्रणाली, ऑटोमेटिक सप डिस्पेंसर और एरोसल आधारित फायर सप्रेशन सिस्टम लगाया गया है जिससे स्वच्छता और सुरक्षा को मजबूती प्राप्त होगी। शौचालयों के निर्माण में शीट मेटल कंपाउंड सामग्री का उपयोग किया गया है जिससे रखरखाव आसान होगा। अमृत भारत 2.0 ट्रेन में 130 किमी/घंटा रफ्तार देने की क्षमता है। भारतीय रेल के इतिहास में पहली बार ट्रेन में सेमी-ऑटोमैटिक कपलर का उपयोग किया गया है जो न केवल यात्रा को सुगम बनाती है, बल्कि कनेक्शन को भी सुविधाजनक बनाती है। लोकोमोटिव के साथ यह रेक स्थिरता के साथ उच्चतम गति और बेहतर संचालन सुनिश्चित करता है।

## सीतामढ़ी में विश्व स्तरीय सीता मंदिर शिलान्यास पर डॉ. प्रेम कुमार ने दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार के सहकारिता मंत्री एवं भाजपा के वरीय नेता डॉ. प्रेम कुमार ने केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और बिहार की एनडीए सरकार को सीतामढ़ी जिले के पुनौरा धाम में जगत जननी माता सीता की जन्मस्थली पर विश्व स्तरीय मंदिर निर्माण का शिलान्यास करने के लिए बधाई दी है। डॉ. कुमार ने कहा कि अमित शाह ने पुनौरा धाम के पुनरुद्धार और भव्य मंदिर निर्माण का शिलान्यास कर विश्वभर में फैले हिंदू श्रद्धालुओं को अनुपम और अद्वितीय सौगात दी है। उन्होंने कहा कि 881 करोड़ 87 लाख रुपये की लागत से बनने वाला यह मंदिर आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण होगा और इसे भक्तों एवं पर्यटकों के लिए आकर्षण और भक्ति-शक्ति के केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस पहल से न केवल सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान को नया आयाम मिलेगा, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को दर्शन, पूजन और आशीर्वचन प्राप्त करने का सुलभ अवसर मिलेगा जिससे राज्य के राजस्व में भी वृद्धि होगी। डॉ. कुमार ने कहा बिहार की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक तरक्की के साथ-साथ अब आर्थिक विकास भी तेज होगा। यह कदम विकसित भारत के सपने को साकार करने में बिहार की महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित करेगा।

## एसबीआई फाउंडेशन के प्रबंध निदेशक ने वैशाली जिले के 'ग्राम सेवा' गांवों का किया दौरा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**हाजीपुर।** एसबीआई फाउंडेशन के प्रबंध निदेशक संजय प्रकाश ने वैशाली जिले के मरीचाराम और अलावलपुर गांवों का दौरा किया जहां समग्र ग्रामीण विकास परियोजना 'ग्राम सेवा' का क्रियान्वयन किया जा रहा है। उन्होंने परियोजना की प्रगति की समीक्षा की, समुदायों से बातचीत की और उनकी प्रतिक्रिया ली। एसबीआई फाउंडेशन ने क्षेत्र में समग्र ग्रामीण विकास गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए मार्च 2024 के दौरान सीएसआर परियोजना शुरू की थी। यह परियोजना बीएआईएफ डेवलपमेंट रिसर्च फाउंडेशन (एनजीओ) के साथ साझेदारी में तीन वर्षों की अवधि के लिए क्रियान्वित की जा रही है। पिछले डेढ़ वर्षों में छात्रों, किसानों और महिलाओं के लाभ के लिए विविध विकासात्मक गतिविधियां संचालित की गई हैं। शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए सरकारी मिडिल स्कूल में स्मार्ट क्लासरूम, कंप्यूटर लैब और साइंस लैब स्थापित की गई हैं। विभिन्न ऑनलाइन सेवाओं की सुविधा के लिए 'ग्राम सेवा केंद्र' स्थापित किए गए हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए 'संजीवनी' स्वास्थ्य शिविर और एम्बुलेंस सेवाएं भी प्रदान की जा रही हैं। स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए 'स्वच्छता साथी' नामक कचरा संग्रहण वाहन आस-पड़ोस में घूम रहा है।

## बिहार टेक्सटाइल एवं लेदर पॉलिसी से उद्योगों को मिल रहा नया आयाम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार ने राज्य में औद्योगिक विकास और रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'बिहार टेक्सटाइल एवं लेदर पॉलिसी' लागू की है। इस नीति के तहत निवेशकों को आकर्षित करने और उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए कई प्रोत्साहन दिए जा रहे हैं। नीति के अनुसार पूंजीगत अनुदान के रूप में प्लांट एवं मशीनरी पर 30 करोड़ रुपये तक अधिकतम 30 प्रतिशत की सहायता दी जा रही है। इसके साथ ही उद्योगों को ब्याज दर में 10-12 प्रतिशत अथवा वास्तविक ब्याज दर पर छूट दी जा रही है। एफसीआई पर 50 प्रतिशत की छूट अथवा 20 करोड़ रुपये तक का अनुदान दिया जा रहा है। इसके अलावा 10 लाख रुपये तक पेटेन्ट अनुदान भी प्रदान किया जा रहा है। बिजली शुल्क में 2 रुपये प्रति यूनिट की छूट दी जाएगी। कर संबंधी प्रोत्साहन के तहत 100% एसजीएसटी की प्रतिपूर्ति और स्टाम्प ड्यूटी, पंजीकरण शुल्क और भूमि समपरिवर्तन शुल्क पर 100 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। प्रतिवर्ष 10 लाख रुपये तक माल भाड़ा प्रतिपूर्ति की सुविधा उपलब्ध होगी। रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए भी विशेष प्रावधान किए गए हैं, जिसके तहत ईपीएफ और ईएसआई भुगतान का 300 प्रतिशत की प्रतिपूर्ति दी जाएगी और साथ ही 5000 रुपये प्रति माह प्रति कर्मचारी को सहायता दी जा रही है।

## नाबार्ड द्वारा अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष पर चार राज्यों के लिए क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सहकारिता मंत्रालय द्वारा सहकारिता विभाग, बिहार एवं नाबार्ड के संयुक्त तत्वावधान में दीपनारायण सिंह सहकारी प्रशिक्षण संस्थान, पटना में एक दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य पैक्सों को बहुद्देशीय बनाए जाने, पैक्सों के माध्यम से विश्व की सबसे बड़ी अन्न भण्डारण योजना की प्रगति एवं पैक्सों को कम्प्यूटरीकृत किये जाने की प्रगति की समीक्षा के साथ-साथ कई विभागों के आपसी समन्वय से निश्चित समय पर योजना के कार्यान्वयन को गति प्रदान करना था। आज की एक दिवसीय कार्यशाला में भारत सरकार के संयुक्त सचिव सिद्धार्थ नाथ जैन, सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार सरकार धर्मेन्द्र सिंह, निबंधक, सहयोग समितियां, पटना, अंशुल अग्रवाल, मुख्य महाप्रबंधक, नाबार्ड, सुब्रत कुमार नंदा, संजय कुमार गुप्ता, विनय कुमार सिन्हा, डॉ. मिलिन्द, उप महाप्रबंधक, नाबार्ड, गोवर्द्धन सिंह रावत उपस्थित रहे। साथ ही सचिव, सहकारिता मंत्रालय, आशीष कुमार भूटानी एवं नाबार्ड के चेयरमैन के.बी. शाजी ऑनलाइन माध्यम से इस कार्यशाला में जुड़े।

## दशरथ मांझी कौशल विकास योजना के तहत 40 प्रशिक्षुओं को मिला रोजगार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग की अधीनस्थ संस्था बिहार महादलित विकास मिशन द्वारा संचालित दशरथ मांझी कौशल विकास योजना के अंतर्गत कुल 40 प्रशिक्षुओं को कोर्स पूर्ण होने पर सर्टिफिकेट और दस प्रशिक्षुओं को प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार के लिए नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए गए हैं। यह प्रशिक्षण आईसेक्ट लिमिटेड के माध्यम से डोमेन स्किलिंग श्रेणी में दिया गया है जिसमें रोजगारोन्मुखी विषयों पर विशेष फोकस किया गया। कार्यक्रम के दौरान अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के उप निदेशक (मुख्यालय) राणा वैद्यनाथ कुमार सिंह, क्षेत्रीय उप निदेशक (कल्याण) पटना प्रमंडल प्रमोद कुमार और पटना के जिला कल्याण पदाधिकारी सह जिला परियोजना पदाधिकारी संजीव कुमार रत्न ने प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र और ऑफर लेटर प्रदान किए। अधिकारियों ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और उन्हें अपने कौशल का उपयोग कर समाज एवं राज्य के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

## राखी महोत्सव में सैकड़ों बहनों ने बांधी राजेश राम को राखी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में राखी महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से आयी बहनों ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम को राखी बांधकर इस पर्व को हर्षोउल्लास के साथ मनाया। राखी महोत्सव में विधायक प्रतिमा कुमारी दास, नीतू सिंह, महिला कांग्रेस अध्यक्ष शरवत जहां फातमा ने राजेश राम को राखी बांधकर राखी महोत्सव का शुरूआत किया। इस अवसर पर राज्य भर से डाक से आये हजारों राखी को उपस्थित बहनों ने प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम के कलाई पर बांधी। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम की धर्मपत्नी रेखा दास के साथ सैकड़ों बहनें उपस्थित थी। राखी बांधने के पश्चात बहनों ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को लम्बी उम्र, स्वस्थ जीवन और जनसेवा में सफलता की शुभकामनाएं दी। राजेश राम ने भी सभी बहनों को उपहार स्वरूप शुभ आशीर्वाद और स्नेह प्रदान किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि रक्षाबंधन का पर्व प्रेम, विश्वास और आपसी सौहार्द का प्रतीक है। यह पर्व हमें नारी सम्मान, सुरक्षा और भाईचारे का संदेश देता है। बहनों द्वारा बांधी गयी राखी केवल एक धागा नहीं बल्कि हमारी सामाजिक मूल्यों और पारिवारिक संस्कृति की पहचान है। कांग्रेस पार्टी सदैव महिलाओं के अधिकारों, उनकी सुरक्षा और सम्मान के लिए प्रतिबद्ध रही है। समाज में हर बहन, बेटी सुरक्षित, सशक्त और आत्मनिर्भर बने यही रक्षाबंधन का सच्चा अर्थ है। मैं सभी बहनों को इस पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं और उनके स्नेह और विश्वास के लिए आभार प्रकट करता हूं।

## यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय के तत्वाधान में वित्तीय समावेशन संतृप्ति एवं जागरूकता अभियान का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** विदित हो कि वित्तीय सेवाएं विभाग द्वारा ग्राम पंचायत (जीपी) और शहरी स्थानीय निकाय (यूएलबी) में वित्तीय समावेशन (एफआई) योजनाओं के संतृप्ति हेतु 01 जुलाई, 2025 से 30 सितंबर, 2025 तक तीन महीने की अवधि के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के प्रमुख लक्ष्यों में पीएमजेडीवाई के तहत बैंकिंग सेवाओं से वंचित वयस्कों के लिए बैंक खाते खोलना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सामाजिक सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना के तहत नामांकन बढ़ाना, रि-केवाईसी, खातों में नामांकन, डिजिटल धोखा-धड़ी की रोकथाम पर जागरूकता कार्यक्रम आदि शामिल हैं। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय, पटना द्वारा ऊर्जा ऑडिटोरियम, पटना में एक वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन भारतीय रिजर्व बैंक, पटना के क्षेत्रीय निदेशक सुजीत कुमार अरविंद तथा बैंक के कार्यपालक निदेशक नितेश रंजन द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में बिहार ग्रामीण बैंक के चेयरमैन मुकुल सहाय, भारतीय रिजर्व बैंक, पटना के महाप्रबंधक प्रभात कुमार, मुख्य महाप्रबंधक जी.के. सुधाकर राव, अंचल प्रमुख, पटना गुणा नंद गामी, उप अंचल प्रमुख, पटना रणजीत सिंह एवं विजय कुमार रॉय, क्षेत्र प्रमुख, पटना मुकेश कुमार उपस्थित रहे।

## आइपीआरडी के दो निशानेबाजों ने 35वीं राज्य निशानेबाजी प्रतियोगिता में जीते पदक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** सरकार के सूचना एवं जन संपर्क विभाग में कार्यरत दो निशानेबाजों ने 35वीं राज्य निशानेबाजी प्रतियोगिता 2025 में शानदार प्रदर्शन कर गौरव बढाया है। विभाग के दो सहायक प्रशाखा पदाधिकारी रंजीत कुमार भारती और प्रवीण कुमार ने 1 से 6 अगस्त तक नालंदा के हरनौत में मौजूद इंडोर शूटिंग रेंज और पटना के बिक्रम में एसएस शूटिंग एकेडमी में संयुक्त रूप से आयोजित प्रतियोगिता में ये पदक जीते। रंजीत कुमार भारती ने 25 मीटर के स्टैंडर्ड पिस्टल स्पर्धा में एकल और टीम स्पर्धा में दो स्वर्ण पदक हासिल किए। इसके अलावा उन्होंने 25 मीटर के स्पोर्ट्स पिस्टल टीम स्पर्धा में कांस्य पदक भी अपने नाम किया। वहीं, प्रवीण कुमार ने भी 25 मीटर के स्पोर्ट्स पिस्टल टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। प्रतियोगिता से लौटने पर सूचना एवं जन संपर्क विभाग के निदेशक वैभव श्रीवास्तव ने दोनों विजेताओं को फिर से पदक पहनाकर सम्मानित किया और उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर विभाग के अपर सचिव राजीव कुमार सिंह और संयुक्त निदेशक रवि भूषण सहाय ने भी निशानेबाजों को उनकी सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।

## ग्रीन डे में सावन की हरियाली संग खिले नन्हें चेहरे



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** टेंडर हार्ट इंटरनेशनल स्कूल में ग्रीन डे का उल्लासपूर्ण आयोजन हुआ जिसमें मॉन्टेसरी एवं प्राइमरी वर्ग के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने सावन के पावन माह और हरियाली को समर्पित विविध गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता जिसमें बच्चों ने हरी सब्जियां, फल, कांवरिया, भगवान शिव और माता पार्वती के रूप में मंच पर जीवंत प्रस्तुतियां दीं। काशवी सिन्हा ने कैप्सिकम, ज्ञान कुमार सिंह ने पेड़, और उमाएमा ने फूलगोभी का रूप धारण कर सबका मन मोह लिया।

## खादी मॉल में 'राखी पर लाइव मधुबनी पेंटिंग' कार्यक्रम का समापन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के अंतर्गत संचालित खादी मॉल, पटना में 'राखी पर लाइव मधुबनी पेंटिंग' कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह आयोजन रक्षाबंधन त्योहार के अवसर पर बिहार की समृद्ध लोककला मधुबनी पेंटिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया था। यह कार्यक्रम 2 अगस्त 2025 से 8 अगस्त 2025 तक आयोजित किया गया। इस विशेष अवसर पर स्थानीय एवं नवोदित कलाकारों ने राखी से जुड़े विषयों पर 7 दिनों तक खादी मॉल में लाइव मधुबनी चित्रकारी की जिसे मॉल में आए दर्शकों और खरीददारों ने अत्यंत उत्साह के साथ लाइव डेमो देखा। उनके मार्गदर्शन और प्रेरणादायक शब्दों ने युवाओं को पारंपरिक कला की ओर प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के अंत में बोर्ड के सहायक लेखा पदाधिकारी अभय सिंह एवं मॉल प्रबंधक रमेश चौधरी द्वारा प्रतिभागी कलाकार सुप्रिया सिन्हा, द होप ट्रस्ट और निशा पारसरमका को उनकी उत्कृष्ट प्रस्तुति एवं सहभागिता के लिए प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस आयोजन से न केवल कलाकारों को मंच मिला, बल्कि आमजन को भी बिहार की सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने का अवसर प्राप्त हुआ। खादी मॉल, पटना द्वारा इस तरह के आयोजनों का उद्देश्य पारंपरिक कला एवं शिल्प को पुनर्जीवित करना और स्थानीय कलाकारों को सशक्त बनाना है।

## स्तनपान को लेकर महिलाओं को किया जागरुक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** रोटरी क्लब ऑफ गया युवा की तरफ से स्तनपान कराने के संबंध में महिलाओं को जानकारी देने के संबंध में के बी मेमोरियल हॉस्पिटल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर डॉ नन्द किशोर गुप्ता ने वहा मौजूद महिलाओं को स्तनपान के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। मौके पर मौजूद महिलाओं ने सभी बातों को अच्छे से समझा और प्रश्न भी पूछे। महिलाओं के बीच सेनिट्री पैड, प्रोटीन पाउडर अन्य सामग्री भी बांटा गया। इस मौके पर रोटरी युवा की अध्यक्ष राहुल महाजन, मुख्य आयोजनकर्ता रोटेरियन मुकेश गुप्ता, कमल, ममता, आदित्य एवं अन्य कई सदस्य मौजूद थे।

## गिग वर्कर्स और बंधुआ श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा के लिए दो समझौतों पर हुए हस्ताक्षर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** राज्य में गिग वर्कर्स और बंधुआ श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा और सम्मानजनक जीवन से जोड़ने के उद्देश्य से इंटरनेशनल जस्टिस मिशन और इंडस एक्शन इनिसिएटिव के साथ श्रम संसाधन विभाग ने शुक्रवार को दो अहम समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। श्रम संसाधन विभाग की यह एक ऐतिहासिक पहल बताई जा रही है। श्रम संसाधन विभाग के प्रतिबिंब सभागार में शुक्रवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें 'जागरूकता' नामक प्रेरणादायक जिंगल का भी विमोचन किया गया जिसका उद्देश्य समाज में श्रमिकों के अधिकारों के प्रति जनजागरण फैलाना है। राज्य के श्रमायुक्त राजेश भारती ने इस पहल को गिग वर्कर्स और बंधुआ श्रमिकों के सामाजिक एकीकरण की दिशा में मील का पत्थर बताया और कहा कि इससे उन्हें न केवल सम्मानजनक जीवन मिलेगा, बल्कि उन्हें समाज की मुख्यधारा से भी जोड़ा जा सकेगा। उन्होंने बताया कि बिहार प्लेटफॉर्म आधारित गिग कामगार (निबंधन, सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याण) विधेयक हाल ही में विधानसभा और विधान परिषद द्वारा पारित किया गया है। इसके तहत एक बोर्ड का गठन किया जाएगा जो गिग वर्करों की सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा प्रदान करेगा। उन्होंने इंडस एक्शन और आईजेएम की द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह भागीदारी भविष्य की नीतियों के निर्माण में अत्यंत सहायक होगी। कार्यक्रम के दौरान बंधुआ मजदूरी के उन्मूलन के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए जिंगल 'जागरूकता' का भी औपचारिक विमोचन किया गया। यह जिंगल आम लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रचार माध्यमों के जरिये प्रसारित किया जाएगा जिससे बंधुआ प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ व्यापक जनमत तैयार किया जा सके।

## एक ही छत के नीचे 25 हजार से ज्यादा उत्पाद, पटना में ग्रैंड ट्रेड फेयर शुरू



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** ज्ञान भवन में शुक्रवार को इंडिया इंटरनेशनल ग्रैंड ट्रेड फेयर-2025 का भव्य शुभारंभ हुआ। महापौर सीता साहू ने दीप प्रज्ज्वलित कर मेले का उद्घाटन किया। 8 से 17 अगस्त तक चलने वाले इस दस दिवसीय मेले में देश-विदेश के हजारों उत्पाद एक ही छत के नीचे देखने और खरीदने को मिलेंगे। मेला रोज सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक आम जनता के लिए खुला रहेगा। करीब एक लाख वर्ग फुट में फैले इस वातानुकूलित मेले में 15 राज्यों और 7 देशों के व्यापारी और शिल्पकार भाग ले रहे हैं। यहां 25 हजार से अधिक अनूठे उत्पाद प्रदर्शित किए जा रहे हैं जिनमें हस्तशिल्प, हैंडलूम, फर्नीचर, होम डेकोर, परिधान, ज्वेलरी, इलेक्ट्रॉनिक्स और खानपान शामिल हैं।

# चहुंमुखी विकास की राह पर बिहार : श्रवण कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री व क्षेत्रीय विधायक श्रवण कुमार ने गुरुवार को बेन प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत राज नोहसा में दो सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इनमें नोहसा से कोल्हुआ (लंबाई 2.40 किमी) और नोहसा से वसंतपुर (लंबाई 1 किमी) तक की सड़क का निर्माण कार्य शामिल है। शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार का चहुंमुखी विकास हो रहा है। आज बिहारी कहलाना गर्व और सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार वादों से ज्यादा कार्यों पर विश्वास करती है, और गरीबों के समुचित विकास के लिए प्रतिबद्ध है। स्थानीय युवाओं को प्राथमिकताः शिक्षक नियुक्ति में 85% आरक्षण




मंत्री ने कहा कि बिहार सरकार ने राज्य के युवाओं के लिए बड़ा फैसला लेते हुए शिक्षक नियुक्तियों में 85 प्रतिशत पद केवल स्थानीय युवाओं के लिए आरक्षित किए हैं। इससे राज्य के प्रतिभाशाली युवाओं को अपने घर में ही रोजगार के अवसर मिलेंगे।

**पुनौराधाम को मिलेगा नया स्वरूप**

उन्होंने यह भी घोषणा की कि माता सीता की जन्मस्थली पुनौराधाम को अयोध्या की तर्ज पर भव्य और दिव्य स्वरूप प्रदान किया जाएगा। यह बिहार की धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर को नई पहचान देने की दिशा में बड़ा कदम होगा।

**महिला सशक्तीकरण को नई ऊर्जा**

महिला सशक्तीकरण की दिशा में राज्य सरकार ने एक और ऐतिहासिक निर्णय लिया है। अब आशा कार्यकर्ताओं और फैसिलिटेटर्स को प्रति माह 1,000 रुपये के बजाय 3,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि मिलेगी। वहीं ममता दीदियों को प्रति प्रसव 600 रुपये दिए जाएंगे, जो पहले 300 रुपये थे। इस योजना से एक लाख से अधिक आशा कार्यकर्ता और फैसिलिटेटर तथा 5,000 से अधिक ममता कार्यकर्ता लाभांवित होंगी। साथ ही, राज्य में 29,000 नई आशा कार्यकर्ताओं की बहाली भी की जाएगी। अपने संबोधन में मंत्री ने विपक्ष पर भी निशाना साधते हुए कहा कि एक ओर नीतीश कुमार दिन-रात बिहार के विकास में जुटे हैं, वहीं कुछ नेता सिर्फ श्रेय लेने की होड़ में लगे हैं। उन्होंने नीतीश कुमार को दूरदर्शी नेता बताते हुए कहा कि उनके फैसले सिर्फ आज नहीं, बल्कि भविष्य को ध्यान में रखकर लिए जाते हैं।

इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष अरविंद पटेल, मुखिया शैलेंद्र सिंह, कुमुद प्रसाद, जीतू मांझी, मो. कलीम, विनोद कुमार, मधु पासवान, भगेड़न पाल, गौरी कुमारी, गोल्डन कुमार, ओम प्रकाश सिन्हा, अभिमन्यु कुमार समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व स्थानीय कार्यकर्ता मौजूद थे।

# गोविंदपुर क्षेत्र के जदयू बीएलए-2 के कार्यों की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** प्रखंड के ऐतिहासिक जेपी आश्रम सोखोदेवरा परिसर अवस्थित राजेंद्र भवन में शुक्रवार को जनता दल (यूनाइटेड) के गोविंदपुर विधानसभा के बूथ लेवल एजेंट 2 का एक दिवसीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड जदयू सह 20 सूत्री अध्यक्ष दिलीप कुमार कुशवाहा एवं मंच संचालन जदयू के जिला महासचिव शिवालक प्रसाद ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि जदयू किसान एवं सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार,प्रदेश महासचिव व जिला पार्षद राजकिशोर दांगी, जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी, जिला संगठन प्रभारी अरुण कुमार वर्मा, जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता जयशंकर चंद्रवंशी,जिला उपाध्यक्ष शशि कुमार शेष,जिला अभियान प्रभारी सह गोविंदपुर विधानसभा के नेता डॉ0 सतीश कुशवाहा,विधानसभा प्रभारी चुन्नु चंद्रवंशी आदि उपस्थित हुए। 238 गोविंदपुर विधानसभा के बीएलए-2 को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि गोविंदपुर विधानसभा के सभी 404 मतदान केन्द्रों पर बीएलए-2 का गठन कर लिया गया है। सभी बीएलए-2 अपने अपने मतदान केन्द्रों पर बूथ लेवल ऑफिसर से मिलकर छूटे हुए मतदाताओं का नाम जुड़वाने काम करेंगे। फार्म 6 एवं एनेक्सर डी के साथ जमा करा देना है। उन्होंने कहा कि वास्तविक मतदाता छूटे नहीं और फर्जी मतदाता जुटे नहीं,इसी के तहत बीएलए-2 को काम करना होगा। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी ने कहा कि जिले के पांचों विधानसभा में युद्ध स्तर पर बीएलए-2 सभी मतदान केन्द्रों पर स्थापित करने का काम किया गया है। सभी मतदान केन्द्रों पर सुचारु रूप से मतदाता सूची निर्माण कराया जा रहा है सभी मतदान केन्द्रों पर मतदाता सूची एवं काटे गए नामों की सूची उपलब्ध करा दी गई है। उन्होंने कहा कि जिला में कार्यकर्ताओं के दम पर आगामी विधानसभा चुनाव 2025 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के पांचों प्रत्याशी को बड़ी बहुमत से जिताने काम करेंगे। जदयू के वरिष्ठ नेता व गोविंदपुर विधानसभा क्षेत्र के संभावित प्रत्याशी डॉ0 सतीश कुशवाहा एवं जिला संगठन प्रभारी अरुण कुमार वर्मा ने कहा कि जिला में स्वस्थ मतदाता सूची निर्माण कराया जा रहा है। नवादा जिला में जदयू का संगठन काफी मजबूत है। पार्टी के सभी साथी ईमानदारी पूर्वक संगठन के कार्य कर रहे हैं। बैठक में रोह प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार, गोविंदपुर प्रखंड अध्यक्षा शोभा कुमारी, अवधेश कुशवाहा, दिलीप कुशवाहा, पूर्व मुखिया लीला चंद्रवंशी, ईश्वरी कुशवाहा समेत सैकड़ों जदयू कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# इनरव्हील ने किए विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत कई कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** इनरव्हील क्लब बिहारशरीफ की ओर से विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन नालंदा मैटरनिटी होम में डॉ. वीणा के द्वारा महिलाओं के लिए नवजात शिशु के स्तनपान कराने के महत्व को बताया गया। डॉ. वीणा ने बताया कि स्तनपान नवजात शिशु का पहला सुरक्षा टिका है जो जन्म के एक घंटे बाद शुरू हो जाना चाहिए। छह महीने तक केवल स्तनपान करने वाले शिशुओं में डायरिया एवं निमोनिया जैसी संक्रमण से होने वाली बीमारियों से बचा जा सकता है स स्तनपान मां एवं बच्चों के सेहत के लिए लाभप्रद है, दुग्ध पान से बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है साथ ही साथ ही स्तनपान न सिर्फ शिशुओं का सर्वोत्तम आहार है बल्कि मौलिक अधिकार है इससे न सिर्फ सर्वांगीण विकास होगा बल्कि रोग प्रतिरोधक क्षमता भी मजबूत होगा। इस मौके पर बिहारशरीफ इनर व्हील की अध्यक्ष रश्मि रानी एवं सचिव कुमारी रश्मि ने डॉक्टर सुनीति को धन्यवाद करते हुए बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य है कि क्लब अधिक से अधिक महिलाओं को स्तनपान के संदर्भ में जागरूक करें एवं उन्होंने यह भी कहा की मां का दूध नवजात के लिए सबसे सुरक्षित, सर्वोत्तम और पचने वाला आहार है। डैफोडिल पब्लिक स्कूल मंगला स्थान में रिलीजियस एंड कल्चरल ग्रीन डे फेस्टिवल, फ्रेंडशिप डे सेलिब्रेट किया गया जिसमें बच्चों ने बहुत ही अच्छे-अच्छे रंगारंग सांस्कृतिक, कविता पाठ, भाषण हरियाली से संबंधित कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष रश्मि रानी ने बताया कि इस समय सावन का महीना चल रहा है और चारों तरफ हरियाली है इसलिए दिन को यादगार बनाने के लिए हम लोगों ने यह कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के बीच फलदार आम का पौधा माला कुमारी के सहयोग से वितरण किया गया। इस अवसर पर पूर्वाध्यक्ष नीरजा कुमारी, मधु कंचन, मंजू प्रकाश उपाध्यक्ष शोभा रानी एडिटर पूनम कुमारी सदस्य उषा प्रियंवदा, रूबी वर्मा, अमिता रानी, अंजू प्रकाश, सुमन भारती व अशोक कुमार, डॉ. रवि चंद कुमार की उपस्थिति रही।

# ब्रिलिएंट ग्रुप में रक्षाबंधन उत्सव पर्यावरण रक्षा का संकल्प

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर ब्रिलिएंट ग्रुप के विशाल सभागार में बच्चों ने गीत, नृत्य और नाटिकाओं से उत्सव में चार चांद लगा दिए। तालियों की गूंज से बच्चों का उत्साह दोगुना हो गया। कार्यक्रम में विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. धनंजय कुमार ने रक्षाबंधन को भाई-बहन के साथ-साथ गुरु-शिष्य, सेना, पर्यावरण और आपसी भाईचारे की रक्षा का प्रतीक बताया। अध्यक्ष डॉ. शशि भूषण कुमार ने कहा कि इस पर्व पर हमें जवानों और प्रकृति की सुरक्षा का संकल्प लेना चाहिए। चेयरमैन ने 'प्रकृति की ओर चले' मुहिम के तहत पौधों को रक्षा सूत्र बांधकर उन्हें बचाने का प्रण दिलाया। प्राचार्या पुष्पलता विद्यार्थी ने परंपरा को आगे बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण में बच्चों की भूमिका की सराहना की। बच्चों ने भैया मेरे राखी के बंधन को न भूलना जैसे गीत गाकर माहौल को भावनाओं और उल्लास से भर दिया। शिक्षकों और स्टाफ की उपस्थिति ने बच्चों का हौसला और बढ़ाया। उपस्थित शिक्षकों में रंजय कुमार सिंह, पवन कुमार, विजय कुमार, किशोर कुमार पांडेय, सतीश कुमार पांडेय, गांगुली, राजकुमार, नाजिया खान, मिलन, रौनक, सीमा, स्वाति, आरती, चंपा, दुरछणा एवं हिना मिस उपस्थित रहकर बच्चों के हौसला को बढ़ाया।

# बगैर नंबर प्लेट के सड़कों पर गाड़ी दौड़ा रहे अधिकारी

## सरकारी अधिकारियों की इन्हीं लापरवाहियों से नकली बाबुओं व अपराधियों को मिलता है मौका

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बिहार में फर्जी पुलिस और फर्जी अधिकारियों की बढ़ती घटनाओं के बीच नालंदा जिला मुख्यालय, बिहारशरीफ से एक ताजा मामला सामने आया है, जिसने प्रशासनिक सतर्कता पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। यहां प्रखंड विकास पदाधिकारी, बिहारशरीफ और सरमेरा के अति महत्वपूर्ण अधिकारियों की बिल्कुल नई बोलेरो गाड़ी खुलेआम घूम रही है। गाड़ी के आगे-पीछे बड़े-बड़े अक्षरों में प्रखंड विकास पदाधिकारी का बोर्ड लगा है, मगर नंबर प्लेट दोनों तरफ से गायब है। अब सवाल उठता है, जब अधिकारी ही नियमों का खुलेआम उल्लंघन करेंगे, तो आम अपराधी या फर्जी अधिकारी तो मात्र 20-30



रुपए खर्चकर गाड़ी पर बीडीओ का स्टिकर लगाकर बेधड़क घूम सकते हैं और अवैध वसूली कर सकते हैं। सड़क पर अगर कोई आम आदमी बिना नंबर प्लेट की गाड़ी लेकर निकले, तो फौरन उसके मोबाइल पर चालान आ जाता है, लेकिन बड़े बाबुओं पर कार्रवाई नहीं होती। पिछले सालों में पटना सहित बिहार के कई जिलों में पुलिस ने बगैर प्रामाणिक सरकारी बोर्ड या प्लेट लगाकर घूमने वाली दर्जनों गाड़ियों का चालान काटा, मगर कई ऐसे मामले हैं जो कार्रवाई के बाद भी दोहराए जाते रहे हैं। इसी लापरवाही का फायदा उठाकर हाल के वर्षों में बिहार में फर्जी पुलिस चैकियां, फर्जी अधिकारियों के वाहन और नकली दस्तावेजों का इस्तेमाल बढ़ गया है। सड़क सुरक्षा और कानून व्यवस्था के लिए नंबर प्लेट अनिवार्य है। ऐसे में अधिकारी जब खुद नियमों को ताक पर रखते हैं, तो अपराधियों के हौसले और बुलंद हो जाते हैं। प्रशासन द्वारा ऐसे मामलों में तुरंत हस्तक्षेप और जवाबदेही तय करने की जरूरत है, ताकि आम जनता का विश्वास सरकारी सिस्टम पर बना रहे।

# जिला परिषद की सामान्य बैठक संपन्न, विकास योजनाओं की प्रगति पर बिंदुवार चर्चा

## सिंचाई, स्वास्थ्य, शिक्षा और खनन से जुड़ी समस्याओं पर सदस्यों ने रखे सुझाव, अधिकारियों को दिए गए आवश्यक निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिला परिषद सभागार में गुरुवार को जिला परिषद की सामान्य बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता परिषद अध्यक्ष पुष्पा देवी ने की। बैठक का शुभारंभ उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी प्रियंका रानी ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं सदस्यों के स्वागत से किया। बैठक में पिछली कार्यवाही की पुष्टि के बाद बिंदुवार विषयों पर चर्चा की गई। इसमें विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति, समस्याएं और समाधान पर गंभीर विचार-विमर्श हुआ। हिसुआ क्षेत्र के जिला पार्षद




ने तिलैया नदी के बांध टूटने का मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि इससे क्षेत्र के किसानों को सिंचाई में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर लघु सिंचाई विभाग के कार्यपालक पदाधिकारी ने भरोसा दिलाया कि अगले 30 दिनों के भीतर मरम्मत कार्य पूरा कर सिंचाई सुविधा बहाल कर दी जाएगी। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान सदस्यों ने सदर अस्पताल के महिला एवं इमरजेंसी वार्ड में पंखों और रोशनी की कमी का मुद्दा उठाया। उप विकास आयुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि अस्पताल में पंखे, लाइट, दवाएं तथा चिकित्सकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। खुरी नदी के पास स्थित अनुसूचित जाति/जनजाति छात्रावास की जर्जर स्थिति पर भी चर्चा हुई। जिला कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि छात्रावास की मरम्मत के लिए स्टीमेट भेजा जा चुका है। स्वीकृति मिलते ही कार्य आरंभ कर दिया जाएगा। खनन विभाग की समीक्षा में सोनसा नदी में अत्यधिक बालू खनन से सिंचाई बाधित होने की शिकायतें सामने आईं। संबंधित अधिकारी ने बताया कि अवैध खनन पर रोक लगाने की दिशा में कार्रवाई की जा रही है और सिंचाई जल की उपलब्धता बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

# राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जांच शिविर आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज,नवादा।** प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय हंडिया में शुक्रवार को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जांच शिविर आयोजित की गई। यह शिविर सीएचसी नारदीगंज के सौजन्य से हुआ। अध्यक्षता प्रधानाध्यापक मनोज कुमार झा ने की। सीएचसी में कार्यरत चिकित्सक डॉ. इन्द्रदेव कुमार ने विद्यालय में नामांकित छात्र व छात्राओं को स्वास्थ्य जांच की। विद्यालय में कक्षा तीन से आठवीं में अध्ययनरत छात्र व छात्राओं को स्वास्थ्य जांच किया गया। चिकित्सक ने कहा इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों के शारिरिक स्वच्छता व स्वास्थ्य के प्रति सचेत करना है। छात्र छात्राओं में उत्तम कुमार,प्रिया कुमारी, चांदनी कुमारी, उषा कुमारी, सोहानी कुमारी समेत अन्य छात्रों का स्वास्थ्य जांच हुआ।

# मनरेगा भवन में जीविका दीदियां ले रही सिलाई-कटाई का प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** जीविका दीदियां अब आंगनबाड़ी केंद्रों में नामांकित बच्चों के लिए पोशाक की सिलाई का कार्य करेंगी। इसके लिए इच्छुक जीविका दीदियों को चिह्नित करते हुए उन्हें सिलाई-कटाई में हुनरमंद बनाने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। पोशाक की सिलाई-कटाई के लिए पकरीबरावां प्रखंड में शुक्रवार से सात दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हुआ। जिसमें कुल 25 जीविका दीदियां प्रशिक्षण ले रही हैं। समाज कल्याण विभाग एवं जीविका के बीच हुए एकरारनामे के तहत अब आंगनबाड़ी केंद्रों में नामांकित बच्चों की पोशाक की आपूर्ति का कार्य जीविका के माध्यम से किया जाएगा। इस पहल से न केवल बच्चों को समय पर गुणवत्तापूर्ण पोशाक उपलब्ध होगा, बल्कि जीविका दीदियों के लिए रोजगार का बड़ा माध्यम भी बनेगा। इस योजना के तहत प्रखंड पकरीबरावा के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में आपूर्ति होने वाले पोशाक की सिलाई हेतु 100 जीविका दीदियों को चिन्हित किया गया है। इनमें से कई दीदियां पहले से ही सिलाई-कटाई का अनुभव रखती हैं। अब इन्हें विशेष रूप से बच्चों की पोशाक की डिजाइन और गुणवत्ता के अनुसार प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्य को व्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराने हेतु प्रखंड में तीन से चार सत्र आयोजित किए जाएंगे। एक सत्र में औसतन 25 दीदियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक चन्दन कुमार सुमन ने बताया कि सरकार की इस पहल से जीविका दीदियों को कपड़े सिलाई के माध्यम से स्थायी रोजगार मिलेगा, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकेंगी। सरकार की यह योजना महिलाओं को सशक्त करने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है। जिससे ग्रामीण महिलाओं को रोजगार, आत्मसम्मान और स्थायी आजीविका का अवसर मिल रहा है। इस अवसर पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी डॉ.मृत्युंजय कुमार, प्रबंधक संस्थागत विकास पिंटू चौधरी, वित्त प्रबंधक अमित कुमार, प्रबंधक रोजगार सह प्रखण्ड मेंटर ज्योति प्रकाश, प्रबंधक गैर कृषि टुनटुन शाह, पकरीबरावां जीविका की प्रखण्ड परियोजना प्रबंधक पूनम प्रजापति सहित अन्य उपस्थित थे।

# रेड रन-2025 के तहत टी.एस. कॉलेज हिसुआ में मैराथन का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा (हिसुआ)।** राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन, नई दिल्ली (भारत सरकार) द्वारा रेड रन-2025 के तहत युवाओं में एचआईवी एवं अन्य स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर जागरूकता को लेकर देशभर में आयोजित अभियान के क्रम में त्रिवेणी सत्यभामा कॉलेज, हिसुआ में महाविद्यालय स्तरीय रेड रन मैराथन का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. पवन कुमार शर्मा के संरक्षण में तथा रेड रन के नोडल पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार चौहान के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कॉलेज के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे। इस मैराथन में महाविद्यालय के दर्जनों छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले 10 छात्र-छात्राओं का चयन जिला स्तरीय रेड रन प्रतियोगिता के लिए किया गया। चयनित प्रतिभागी हैं– प्रीति कुमारी, सोनम कुमारी, नंदनी कुमारी, मुस्कान कुमारी, रिद्धि रानी, आर्या कुमारी, अखिलेश कुमार, रौशन कुमार, नीतीश कुमार एवं शेखर दास। बताया गया कि नवादा जिला स्तरीय रेड रन प्रतियोगिता 19 अगस्त को आयोजित होगी, जिसमें चयनित प्रतिभागी कॉलेज का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस आयोजन के दौरान एनसीसी पदाधिकारी डॉ. सुनील कुमार दुबे, वितेक्षक डॉ. रजनीश देव, डॉ. मिथिलेश पासवान, डॉ. परमानंद राम, डॉ. संजय कुमार, डॉ. नागेंद्र दास, डॉ. अंजली कुमारी, डॉ. गरिमा वर्मा, डॉ. चंद्रशेखर सांडिल्य, प्रधान सहायक राजेश कुमार, रौशन कुमार, अशोक कुमार समेत कई शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कॉलेज परिवार ने प्रतिभागियों को आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं और युवाओं से स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का संदेश भी दिया।

# मारपीट मामले में पिता-पुत्र गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** धमौल थाना क्षेत्र के धमौल मेन रोड में हुई मारपीट की घटना में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपितों में जद्दू डोम और उसका पुत्र शंकर डोम शामिल है। दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। बताया गया कि नरेश डोम की पत्नी विरंजवा देवी के साथ मारपीट की गई थी। मारपीट में महिला के सिर में गंभीर चोट आई। पीड़िता के आवेदन पर धमौल थाना में जद्दू डोम, शंकर डोम, सुरो डोम समेत चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

# जनता दरबार में जनसुनवाई, कई मामलों का त्वरित निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** समाहरणालय सभाकक्ष में अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी शम्भु शरण पाण्डेय की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। जनता दरबार में कुल 53 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें विद्युत, भूमि विवाद, पेंशन, आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य, राशन कार्ड एवं राजस्व संबंधी मुद्दे प्रमुख रूप से शामिल थे। श्री पाण्डेय ने प्रत्येक मामले को गंभीरतापूर्वक सुना और कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन करते हुए लोगों को तत्काल राहत प्रदान की।




उन्होंने शेष आवेदनों को संबंधित विभागों को अग्रसारित कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश भी दिए। आज के जनता दरबार में थाना हिसुआ के कहरिया बेलदारी निवासी शशिकांत कुमार ने यथोचित कार्रवाई हेतु आवेदन दिया। वहीं थाना नेमदारगंज अंतर्गत राजापुर इन्दौल की संजू देवी ने हथियार के साथ दहशत फैलाने की शिकायत की। थाना हिसुआ की तमन्ना प्रवीण द्वारा धमकी दिए जाने का मामला प्रस्तुत किया गया। थाना अकबरपुर के डीही गांव के सूर्यदेव राम ने मुआवज़े की मांग की, जबकि थाना नेमदारगंज के मिथलेस सिंह ने अपहरण से संबंधित शिकायत दर्ज कराई। श्री पाण्डेय ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे आमजन की शिकायतों का निपटारा संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ करें। उन्होंने कहा कि जनता दरबार आम लोगों की सरकार तक सीधी पहुँच का माध्यम है, जिसका उद्देश्य जनसमस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और संतोषजनक समाधान करना है।

# मॉडर्न शैक्षिक समूह के सभी स्कूलों एवं कॉलेज के पांच हजार विद्यार्थी करेंगे रामचरितमानस का पाठ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** मॉडर्न शैक्षणिक समूह नवादा ने शिक्षा जगत में नवादा को एक नई ऊंचाई पर पहुंचाया है। शिक्षा की बात हो अथवा खेल की अथवा आध्यात्मिक कार्यक्रम की मॉडर्न ग्रुप सभी में आगे रहा है। मॉडर्न ग्रुप की संस्थान मॉडर्न इंग्लिश स्कूल, कुंती नगर नवादा में गोस्वामी तुलसीदास की जयंती पर 10 अगस्त को रामचरितमानस के बालकांड के सीता स्वयंवर और धनुष यज्ञ प्रसंग का संगीतमय पाठ मॉडर्न शैक्षणिक समूह नवादा के लगभग 5000 विद्यार्थियों के द्वारा किया जाएगा। तुलसीदास के जयंती समारोह के अवसर पर आयोजित रामचरितमानस का संगीतमय गायन कार्यक्रम का उद्घाटन पूरे देश में लोकप्रिय रामायण धारावाहिक में शत्रुघ्न की भूमिका निभाने वाले समीर राजदा एवं लक्ष्मण की भूमिका निभाने वाले सुनील लहरी जी उद्धघाटन करने जा रहे हैं। मॉडर्न ग्रुप के अध्यक्ष डॉ अनुज सिंह ने बताया कि वर्ग दशम के हिंदी पुस्तक क्षितिज में एक पाठ पढ़ना है जिसका नाम है- राम लक्ष्मण परशुराम संवाद। इसी पाठ को आधार बनाकर मॉडर्न ग्रुप के संस्थाओं के विद्यार्थियों ने बहुत उत्सुकता के साथ तुलसीदास कृत रामचरितमानस के बाल खंड के अंतर्गत सीता स्वयंवर और धनुष यज्ञ प्रसंग का संगीतमय पाठ करेंगे। भारत की सभ्यता - संस्कृति और सनातन धर्म के अनुसार रामचरितमानस विश्व का सबसे अधिक लोकप्रिय धार्मिक ग्रंथ है। मोबाइल के दौर में आजकल के बच्चे धार्मिक ग्रंथो को पढ़ना भूलते जा रहे हैं। इसी बात को ध्यान में रखते हुए विद्यालय के हिंदी विषय के शिक्षकों ने तुलसीदास की जयंती के अवसर पर रामचरितमानस का संगीतमय पाठ विद्यार्थियों से करवाने का निर्णय लिया। मॉडर्न ग्रुप की संस्थाओं के लगभग 5000 विद्यार्थियों ने बहुत ही धूमधाम से और पवित्रता के साथ रामचरित मानस पाठ करने की तैयारी कर रहे हैं। 10 अगस्त रविवार को मॉडर्न शैक्षणिक समूह की संस्थान मॉडर्न इंग्लिश स्कूल कुंती नगर नवादा के मैदान में आयोजित की जाएगी। विद्यार्थियों के साथ-साथ अभिभावकों को भी इस कार्यक्रम में शामिल होने के निमंत्रण दिया गया है। सभी गणमान्य अतिथिगण एवं साधु संत इस कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगे। मॉडर्न समूह के प्रबंध निदेशक डॉ. अनुज सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम से विद्यार्थियों के ऊपर बहुत अच्छा मानसिक असर होता है। विद्यार्थी मोबाइल छोड़कर रामचरितमानस पढ़ने में लग जाते हैं, यह बहुत बड़ी बात है। रामचरितमानस एक पुस्तक ही नहीं बल्कि भारत की चेतना का आधार है। भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति की पहचान है इस धर्म ग्रंथ से होती है।भारतीय संस्कृति का चित्रण जितना मानस में किया गया है शायद ही किसी और ग्रंथ में हो, क्योंकि इसमें श्रीराम जी के माध्यम से लक्ष्मण जी के माध्यम से और अन्य चरित्रों के माध्यम से हर चीज की चरम सीमा बताई गई है। ऐसी सोच के साथ विद्यार्थियों को इसके लिए प्रेरित करने की कोशिश है।तुलसीदास जयंती के अवसर पर रामचरितमानस का संगीतमय पाठ करने का कार्यक्रम की तैयारी बहुत धूमधाम से चल रही है। विद्यालय के प्राचार्य गोपाल चरण दास, उप प्राचार्य सुजय कुमार, मिथिलेश कुमार विजय, हिंदी शिक्षक विपुल कुमार, उमेश पांडेय, मनीष पांडेय ,वंदना कुमारी, एसके रंजन,नारायण पाठक आदि शिक्षक इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। संगीत के शिक्षक पवन कुमार और अनिल कुमार रामचरितमानस के संगीतमय कार्यक्रम को लीड करने वाली विद्यालय में प्रसिद्ध गायिका अनुराधा, ऋद्धि,सौम्या, कृष्णा, अनमोल, वंशिका, परी आदि बच्चों को प्रत्येक दिन रामचरितमानस के संगीतमय गायन की तैयारी करा रहे हैं।

**पूर्व रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं.: डब्ल्यू_एलएलएच_09_2025-26, दिनांक 05.08.2025; उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/विद्युत, सीएंडडब्ल्यू वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, लिलुआ, हावड़ा-711204 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए तकनीकी क्षमताएं रखने वाले निविदादाताओं से ऑनलाइन ई-निविदाएं (खुली निविदा) आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम :** (i) लिलुआ-हेरीटेज म्यूजियम के नवीनीकरण तथा आईबीएच कॉमप्लेक्स के उन्नयन हेतु विद्युतीकरण कार्य (अनुसूची-ए) एवं (ii) लिलुआ-लिलुआ वर्कशॉप के मौजूदा जर्जित हेरीटेज बिल्डिंग/इंस्टीटयूट के नवीनीकरण तथा सुधार हेतु विद्युतीकरण कार्य (अनुसूची-ए-1)। **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 1,40,90,743.12; **बयाना राशि :** रु. 2,20,500; **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय :** 27.08.2025 को अपराह्न 2.00 बजे। **वेबसाइट जहां निविदा का परिपूर्ण विवरण उपलब्ध है :** **www.ireps.gov.in**

(MISC-160/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

निविदा सं. : एसएलएसडीईएलफिल्टरक्लीनओटी25, दिनांक 05.08.2025; वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता/लोको, पूर्व रेलवे, सियालदह, कमरा सं. 56, पहली मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के लिए एकल पैकेट प्रणाली में खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का नाम :** 2 वर्षों के लिए सियालदह लोको शेड में 3 फेज डब्ल्यूएपी-7 के ड्राइवर कैब एवं मशीन रूम (डब्ल्यूएपी-7) की सफाई एवं टीएमबी, एमआरबी, आरडी एवं एचएल फिल्टरों की सफाई के साथ संबंधित डिस्मेंटलिंग तथा अन्य कार्य। **विज्ञापित मूल्यः** रु. 72,83,166.50; **बयाना राशिः** रु. 1,45,700; **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 26.08.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। **बोली शुरू होने की तारीख :** 12.08.2025. **निविदा अपलोडिंग की तारीख एवं समयः** 05.08.2025 को पूर्वाह्न 11.43 बजे। **निविदा दस्तावेज की कीमत :** रु. शून्य। **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **समापन अवधि :** 24 महीने। बोलीदातागण सिर्फ बंद होने की तारीख एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर पाएंगे। इस निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा इस तरह के प्राप्त किसी भी मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। (SDAH-157/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# गुणवत्तापूर्ण और रोजगारोन्मुखी शिक्षा की जरूरत पहले से कहीं अधिक : एसपी शाही

## मगध विश्वविद्यालय में व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के नामांकन पर उच्चस्तरीय बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय में व्यावसायिक और स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों की नामांकन प्रक्रिया, चुनौतियों और संभावनाओं पर शुक्रवार को एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। दूरस्थ शिक्षा निदेशालय के सभागार में हुई इस बैठक की अध्यक्षता कुलपति प्रो. एसपी शाही ने की। बैठक में कुलपति ने कहा कि वर्तमान शैक्षणिक परिदृश्य में गुणवत्तापूर्ण और रोजगारोन्मुखी शिक्षा की जरूरत पहले से कहीं अधिक है। विश्वविद्यालय न केवल शैक्षणिक गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि छात्रों के समग्र विकास और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए भी लगातार प्रयासरत है। उन्होंने अधिकारियों और पाठ्यक्रम प्रभारियों से समर्पण और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का आह्वान किया। चर्चा के दौरान यह सामने आया कि कुछ पाठ्यक्रमों में अपेक्षित संख्या में छात्रों का नामांकन नहीं हो पा रहा है। इस पर डिजिटल प्रचार, सोशल मीडिया अभियान और स्थानीय नेटवर्किंग के माध्यम से छात्रों को आकर्षित करने की रणनीति पर जोर दिया गया। प्रवेश प्रक्रिया को और सरल, पूरी तरह ऑनलाइन और छात्र-अनुकूल बनाने की सिफारिश की गई, ताकि दूरदराज के छात्र भी आसानी से आवेदन कर सकें। बैठक में स्थानीय उद्योगों और संस्थानों के साथ समन्वय कर इंटर्नशिप, प्लेसमेंट और प्रायोगिक प्रशिक्षण की व्यवस्था पर बल दिया गया। साथ ही कैरियर काउंसलिंग, वर्कशॉप, सेमिनार और जागरूकता कार्यक्रमों के जरिए छात्रों को प्रेरित करने की आवश्यकता पर भी सहमति बनी। बैठक में अधिष्ठाता प्रो. ब्रजेश राय, सीसीडीसी डॉ. संजय तिवारी, कुलानुशासक प्रो. उपेंद्र कुमार, समाज विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. आरएस जमुआर सहित व्यावसायिक और स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों के प्रभारी एवं समन्वयक मौजूद रहे। सभी ने अपने-अपने विभागों की स्थिति रखी और उपयोगी सुझाव दिए। बैठक का समापन धन्यवाद ज्ञापन प्रो. उपेंद्र कुमार ने किया।

# पुरुषोत्तम एक्सप्रेस से 25 किलो गांजा बरामद, उड़ीसा की महिला तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** पूर्व मध्य रेलवे में नशीले पदार्थ की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन नार्कोस के तहत गोमो आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त टीम ने बड़ी सफलता हासिल की है। टीम ने पुरी-नई दिल्ली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस (12801) से 25.150 किलोग्राम गांजा बरामद करते हुए उड़ीसा की एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया। बरामद नशीले पदार्थ की अनुमानित कीमत 3 लाख 77 हजार 350 रुपये आंकी गई है। आरपीएफ सूत्रों के अनुसार, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त सह आईजी अमरेश कुमार के मॉनिटरिंग में गोमो आरपीएफ पोस्ट इंस्पेक्टर संतोष कुमार झा के नेतृत्व में चंद्रपुरा-गोमो सेक्शन के बीच चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान यह कार्रवाई हुई। सामान्य कोच में सफेद झोला, दो नीले रंग के पिट्ठू बैग और एक नीले रंग का ट्रॉली बैग लिए एक संदिग्ध महिला को रोका गया। जांच में बैगों से 13 पैकेट मिले जिन्हें खोलने पर गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में गिरफ्तार महिला ने अपना नाम मानिनि नायक, पिता पानतोल परिचा, निवासी ग्राम बुढ़रेगी, पोस्ट करचोबरी, थाना मोहना, जिला गजपति (उड़ीसा) बताया। उसने स्वीकार किया कि गांजा भुवनेश्वर से लेकर आई थी और डिहरी ऑन सोन में किसी को सौंपने वाली थी। कार्रवाई करने वाली टीम में आरपीएफ के मो. शाकिब आलम, आनंद आलोक, राधा कुमारी, विनोद सिंह, प्रभात सिंह, नवीन कुमार, अमित कुमार और सुनील कुमार यादव शामिल थे। रेल पुलिस टीम में शाहजहां खां और वाल्मीकि पाठक भी थे। आईजी अमरेश कुमार ने बताया कि बिहार विधानसभा चुनाव को देखते हुए नशीले पदार्थ की तस्करी रोकने के लिए आरपीएफ को विशेष रूप से अलर्ट किया गया है जिसके तहत लगातार सफलता मिल रही है। उन्होंने इस ऑपरेशन में शामिल टीम की सराहना करते हुए पुरस्कृत करने की घोषणा की। उन्होंने यह भी कहा कि इससे पहले कोडरमा और डिहरी ऑन सोन आरपीएफ टीम ने भी गांजे की बड़ी खेप पकड़ी थी।

## डीएम ने मेला क्षेत्र की विभिन्न गलियों, सड़कों एवं घाटों का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** पितृपक्ष मेला की तैयारी को लेकर जिले के डीएम शशांक शुभंकर द्वारा मेला क्षेत्र के विभिन्न गलियों, सड़कों एवं घाटों का निरीक्षण किया। विदित हो कि इस वर्ष पितृपक्ष मेला 06 सितंबर से 21 सितंबर तक निर्धारित है। चांद चौरा से पंचमहला जाने वाली रास्ता में नालियों के टूटे जाली को ठीक करवाने का निर्देश दिए हैं। निरीक्षण में अर्धनिर्मित नाला को 20 अगस्त तक हर हाल में पूर्ण करवाने का निर्देश दिए हैं। डीएम ने नारागजी व्यक्त करते हुए नगर निगम के कनीय अभियंता को स्पष्टीकरण पूछते हुए निश्चित रूप से मेला क्षेत्र के सभी नालियों के जाली को समुचित रूप से लगवाने को कहा है। नालियों के जाली के आसपास कोई गड्ढा नहीं हो इसे सुनिश्चित करवाये। पूरी तरह लेवलिंग रहे। निरीक्षण में कार्यपालक अभियंता बिजली विभाग को निर्देश दिए हैं कि नीचे लटके बिजली तारो को ऊंचाई में व्यवस्थित रूप से करवाये और बिजली करंट कही नही हो, इसके लिये बिजली खंभों को दाई-इलेक्ट्रिक पेंट सभी बिजली पोल को तेजी से करवाये।गलियों में बंद पड़े स्ट्रीट लाइट को जांच करते हुए चालू करवाने को कहा है। निरीक्षण में गलियों के बाहर आम रास्ता में निजी घरो का ईट- पत्थर मालवा फैले देख नाराजगी वक्त किया और संबंधित मकान मालिकों को नोटिस देने एवं फाइन वसूलने का निर्देश दिए हैं।

## ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** गया-पटना रेलखंड पर खनेटा गांव के पास ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान जहानाबाद के मखदुमपुर थाना क्षेत्र के पाकड़ बिगहा गांव निवासी विजय यादव के बेटे अशोक यादव के रूप में हुआ है। मौत का कारण युवक के चलते ट्रेन से गिर जाना है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल गया भेज दिया है। घटना के संबंध में थानाध्यक्ष धनंजय कुमार ने बताया कि मृतक मखदुमपुर थाना क्षेत्र के पाकड़ बिगहा गांव निवासी विजय यादव का बेटा अशोक यादव है।

## जीबीएम कॉलेज में रेड रन प्रतियोगिता का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** गौतम बुद्ध महिला कॉलेज में प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ सहदेब बाउरी के संरक्षण में एवं एनएसएस पदाधिकारी एवं रेड रिबन क्लब की नोडल अधिकारी डॉ प्रियंका कुमारी के संयोजन में कॉलेज की एनएसएस इकाई एवं रेड रिबन क्लब द्वारा महाविद्यालय स्तरीय रेड रन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। दौड़ प्रतियोगिता में दस छात्राओं का चयन किया गया जो जिला स्तरीय रेड रन प्रतियोगिता मे भाग लेंगी। चयनित प्रतिभागियों में से प्रथम स्थान पर वैष्णवी एवं दामिनी राज, द्वितीय सती एवं अंजलि कुमारी तथा तृतीय स्थान पर राजनंदन एवं स्वाति रहीं। वर्षा, रिशिका, रेशमा एवं रीमा भी चयनित छात्राओं में से हैं। सभी छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल के सदस्यों में एनसीसी सीटीओ डॉ नगमा शादाब, खेलकूद प्रभारी डॉ पूजा रॉय एवं परीक्षा प्रभारी डॉ प्यारे मांझी थे। प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ सहदेब बाउरी ने सभी विजेताओं को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और आशा जतायी कि छात्राएं जिलास्तरीय प्रतियोगिता में भी अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन देंगी। कॉलेज की पीआरओ डॉ रश्मि प्रियदर्शनी ने बताया कि रेड रन प्रतियोगिता का आयोजन किशोरों एवं युवाओं को एचआइवी एड्स, किशोर स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य एवं अन्य संबंधित युवा स्वास्थ्य मुद्दों के प्रति जागरूक करना है, ताकि वे समाज को इन समस्याओं के प्रति जागरूक कर सकें ।

## छात्राओं ने जवानों की कलाईयों पर रक्षा सूत्र बांधे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** एसएसबी 29वीं बटालियन गया जी के परिसर में एसएसबी एवं हॉली पब्लिक स्कूल, डोभी के सयुंक्त तत्वावधान में राखी का त्यौहार रक्षा बंधन का पर्व शुक्रवार को मनाया गया। कार्यक्रम में रविशंकर कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी, अजय कुमार वाजपेयी, उप कमांडेंट अन्य अधिकारीगण, अधिनस्थ अधिकारीगण एवं बटालियन के बलकर्मिकों को हॉली पब्लिक स्कूल, डोभी गया जी की छात्राओं द्वारा जवानों की कलाईयों पर रक्षा सूत्र (राखी) बांध कर रक्षाबंधन का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छात्राओं को अवगत कराया गया कि सशस्त्र सीमा बल भारत-नेपाल सीमा व भारत- भूटान सीमा के ड्यूटी के साथ-साथ कानून व्यवस्था, आंतरिक सुरक्षा, एवं नक्सल विरोधी अभियान जैसे ड्यूटी में अपनी अहम भूमिका निभा रही है।

## रामदेव, पांचू मांझी का शहादत दिवस मना




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोधगया।** रामदेव, पांचू मांझी का शहादत दिवस बोधगया स्थित महा प्रज्ञा गेस्ट हाउस के सभागार में छात्र-युवा संघर्ष वाहिनी, मजदूर-किसान समिति और लोक समिति के संयुक्त तत्वावधान में मनाया गया। सैकड़ों की संख्या में मजदूर - किसान, महिलाएं जुलूस के साथ रामदेव, पांचू अमर रहे, औरत के सहभाग बिना, हर बदलाव अधूरा है जैसे नारे लगाते शहादत स्थली गये और माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पुनः वहां से जुलूस के साथ नारे लगाते महा प्रज्ञा गेस्ट हाउस आये और सम्मेलन किया। सम्मेलन का उद्घाटन लोक समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष, यमुना लाल बजाज पुरस्कृत गिरिजा सतीश, डॉ. मुंद्रिका प्रसाद नायक, लोक समिति के राष्ट्रीय संयोजक कौशल गणेश आजाद ने जेपी के तैल चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर किया।

## सेंधमारी कर नगद, जेवर सहित घरेलू सामानों की चोरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** बेलागंज स्थित उच्च विद्यालय में प्रभारी प्रधानाचार्य के रूप में कार्यरत टिकारी के रिकाबगंज मुहल्ला निवासी अबरार आलम में घर में गुरुवार की मध्यरात्रि चोरों ने की सेंधमारी। मामले को लेकर पीड़ित गृह स्वामी अबरार आलम द्वारा टिकारी थाना में शुक्रवार को शिकायत दर्ज कराई गई है। शिकायत में अबरार आलम ने बताया कि उनके पुराने घर में मां रहती है। विगत कुछ दिनों पूर्व मो. आलम की मां टिकारी से बाहर गई हुई थी जिस कारण घर में ताला लटका था। शुक्रवार की सुबह घर के मुख्य दरवाजा का ताला टूटा हुआ पाया। चोरों ने बन्द घर का फायदा उठाते हुए घर में रखे एक लाख नगद, लाखों रुपये के जेवर जेवरात व घरेलू सामान की चोरी कर ली। मो. आलम ने शिकायत दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। मामले को लेकर टिकारी एसएचओ

## आचार्या बहनों ने पुलिसकर्मियों की कलाइयों पर रक्षा सूत्र बांध की लंबी आयु की कामना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** एकल अभियान टिकारी संच की तत्वावधान में एकल के आचार्या बहनों के द्वारा टिकारी थाना में पदस्थापित थानाध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार सहित अन्य कर्मी को टिकारी थाना में और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी टिकारी के कार्यालय में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुशांत कुमार चंचल के साथ उनके कर्मी को भाई-बहन का महान पर्व रक्षा बंधन के अवसर पर बहनों ने पुलिस पदाधिकारी सहित पुलिसकर्मी भाइयों के हाथ की कलाई पर रक्षा सूत्र बांध कर दीर्घायु की कामना की। वही स्वागत गान, आरती उतारने का कार्य किया गया। इस पुनीत कार्य हेतु सभी में



हर्ष व्याप्त रही। बहनों में अजब की खुशी देखने को मिली। इस बीच पुलिस पदाधिकारी ने सभी आचार्या व समिति के अधिकारीगण के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर संच अधिकारी गण में माता समिति के अध्यक्ष सिंधु जैन, संच अध्यक्ष गणेश प्रसाद, संच सचिव शिव बल्लभ मिश्र, संच कोषाध्यक्ष रामनिवास ठाकुर, संभाग अभियान प्रमुख मीरा कुमारी, संच प्रमुख महेश कुमार, माता समिति सदस्य कामना शर्मा, अमृता वर्मा के साथ-साथ आचार्या बहनों में बिन्नी कुमारी, ज्योति पाठक, रजनी कुमारी, अंजू देवी, शोभा देवी, अनीता कुमारी, प्रभा देवी, बेबी कुमारी सहित सभी आचार्या उपस्थित रही।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।**

**आवश्यक सूचना।**

( अपहृता महिला राधिका देवी, उम्र–25 वर्ष)



भवनाथपुर(हरिहरपुर ओ0पी0) थाना कांड सं0–25/20, दिनांक–07.02.20 धारा–323, 498ए, 364, 504, 120बी, भा0द0वि0 एवं 3/4 दहेज प्रति0 अधि0 के कांड में अपहृता राधिका देवी, उम्र–25 वर्ष घटना के समय, पति–राकेश ठाकुर, ग्राम–डुमरसोता, थाना–भवनाथपरु (हरिहरपुर ओ0पी0), जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के रहने वाली हैं। उक्त अपहृता महिला दिनांक–20.10.19 को 10 बजे दिन में घर से गायब हो गई है। उक्त अपहृता महिला का काफी खोजबीन किया गया, परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि अपहृता महिला राधिका देवी किसी व्यक्ति को कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

हुलिया– उम्र–25 वर्ष, घटना के समय, रंग–गोरा,
लम्बाई–05 फीट 02 इंच, पहचान चिन्ह– गाल के दाहिने तरफ काला दाग (माशा) है।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा।

PR 359199 (Police) 25-26 (D)


## रक्षाबंधन पर आंती पोस्ट ऑफिस से भेजी गई राखियां

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कोंच।** रक्षाबंधन का त्योहार नजदीक आते ही गया जिले के कोंच प्रखण्ड के आंती बाजार और पोस्ट ऑफिस में चहल-पहल तेज हो गई है। स्थानीय पोस्ट ऑफिस से अब तक 9 राखियां अलग-अलग जगहों पर भेजी जा चुकी है जबकि सॉफ्टवेयर प्रॉब्लम के कारण कुछ राखियां अब भी डिलीवरी की प्रक्रिया में हैं। पोस्ट ऑफिस के एस पी एम करण कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि रक्षाबंधन के चलते डाक की संख्या में खासा इजाफा हुआ है। बाजारों में इस समय रंग-बिरंगी राखियों, मिठाइयों और उपहारों की भरमार है। दुकानदारों का कहना है कि इस साल बिक्री में अच्छी बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। बहनें अपने भाइयों के लिए खास राखियां खरीद रही है तो वहीं भाई भी तोहफों की खरीदारी में जुटे हैं। डाक विभाग ने राखियों को समय पर पहुंचाने के लिए विशेष प्रबंध किए हैं। ताकि इस पावन पर्व पर कोई बहन अपने भाई को राखी भेजने से वंचित न रहे। राखी भेजने वाले लोगों में कुसुम देवी, अर्जुन प्रसाद, राज किशोर प्रसाद, हरि प्रकाश शर्मा, राज नन्दन सिंह, रामाशीष कुमार, प्रिंस कुमार, अक्षय कुमार और ब्रजेश यादव का नाम शामिल है। बता दें कि रक्षाबंधन 9 अगस्त को सुबह 5:47 बजे से दोपहर 1:24 बजे तक शुभ मुहूर्त बताया गया है।

## कोंच प्रखण्ड में विकास योजनाओं की समीक्षा
## प्रखण्ड स्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक 11 को

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** प्रखण्ड कार्यालय के सभागार भवन में आगामी 11 अगस्त को सुबह 11: 30 बजे से प्रखण्ड स्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। इस संबंध में बीडीओ बिपुल भारद्वाज ने समिति के सभी सदस्यों को पत्र भेजकर बैठक में उपस्थित होने का अनुरोध शुक्रवार को किया है। बीडीओ ने जानकारी दी कि बैठक में विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की समीक्षा की जाएगी और आगामी कार्यों की योजना तैयार की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित विभागों और जनप्रतिनिधियों से समय पर पहुंचकर बैठक में भाग लेने की अपील की है। ताकि योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाई जा सके। बैठक को लेकर प्रखण्ड स्तर पर तैयारियां भी शुरू कर दी गई है।

## विधिक सहायता क्लीनिक का उद्घाटन

**गयाजी।** नेशनल लीगल सर्विस अथॉरिटी नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निर्देश पर शुक्रवार को जिला सैनिक कल्याण बोर्ड कार्यालय, गया में विधिक सहायता क्लीनिक का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार अरविंद कुमार दास, जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी सेवानिवृत्ति विंग कमांडर संदीप कुमार, असिस्टेंट लीगल डिफेंस काउंसिल राजकुमार एवं अखिलानंद मिश्रा पैनल अधिवक्ता ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया।


**पूर्व मध्य रेल**

**खुली निविदा सूचना**

**संख्या एम०सी०–237–13–वीएसएस, दि० 06/08/2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर निम्नलिखित कार्यों के लिए मान्यता प्राप्त अनुभवी एवं वित्तीय रूप से सक्षम ठेकेदारों से एवं रेल, सिंचाई, सी०पी०डब्लू०डी०, एम०ई०एस० अथवा अन्य लोक उपक्रम में रजिस्टर्ड अथवा कार्यरत ठेकेदारों से ऑन–लाइन खुली निविदा आमंत्रित करते है:–

**1, कार्य का नाम, लोकेशन के साथ :**कोचों में आईपी (IP) आधारित वीडियों निगरानी प्रणाली की स्थापना और कोचों में आईपी (IP) आधारित वीडियो निगरानी प्रणाली (वीएसएस) के लिए व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध। **कार्यस्थल:** दानापुर डिविजीन, **2. अनुमानित निविदा राशि (रूपया में):** रू 56,61,77,620.05/– (रूपये छप्पन करोड़ इकसठ लाख सतहत्तर हजार छह सौ बीस एवं पांच पैसे मात्र)।, **3. अग्रधन राशि (रूपया में) :** रू 29,80,900/– (रूपये उनतीस लाख अस्सी हजार नौ सौ मात्र) , **4. निविदा कागजात जमा करने की एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समय:** निविदा ऑन लाइन **www.ireps.gov.in** पर प्रस्तुत की जानी है। निविदादाताओं द्वारा निर्धारित तिथि 28.08.2025 को 12:00 बजे तक निविदा प्रस्तुत कर दिया जाय एवं उसी दिन निर्धारित तिथि को 12:30 बजे निविदा खोली जायेगी।, **5. वेव साईट नाम एवं निविदा, शुद्धि पत्र (अगर जारी हुआ) संबंधी सूचना:** निविदा सूचना पात्रता मान दंड तथा निविदा प्रलेख क्रिस के वेव साईट **CRIS website: www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।

**मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक),**
**पूर्व मध्य रेल/दानापुर**

पीआर/0738/डीएनआर/एमईसीएच/टी/25–26/44


## जाम की समस्या से ग्रामीण यात्री परेशान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खिजरसराय।** प्रखंड मुख्यालय के समीप बेलारोड खिजरसराय मुख्य मार्ग पर लगातार वर्षों से लग रहे जाम को लेकर आमजनमानस से स्थानीय लोग ग्राहक यात्री प्रतिदिन जूझ रहे हैं। प्रतिदिन समस्या लगातार बढ़ती जा रही है घटने का नाम ही नहीं ले रही है। मुख्य मार्ग के किनारे अतिक्रमणकारियों का दबदबा बढ़ते जा रहा है। सड़क पर वाहन का चलन तो दूर यात्रियों व ग्राहकों को पैदल चलने, रोजमर्रा के सामान खरीद करने में भी काफी मुसीबत उठना पड़ता है। घंटों लगी जाम की उत्पन्न समस्या को लेकर लोगों ने फोटो और वीडियो के माध्यम से स्थानीय प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करवाने का प्रयास किया है। पर हमारे प्रशासनिक पदाधिकारियों के कानों पर जूं तक नहीं रेंगती। बाजार में बड़ी बसों का आगमन और घंटों तक रोड के किनारे खड़े रहना, ठेले, टेम्पू दुकानों का रोड के किनारे तक बेतरतीब लगाया जाना जाम की समस्या का मुख्य कारण है। वैसे स्कूली बसें जो घंटों जाम में फंसे रहते हैं उस में बैठे मासूम बच्चों का मासूमियत और बढ़ जाती है। मायूस चेहरा जो भूखे होते हैं, बच्चों के पसीने से सरावोर शरीर स्कूल से छूटने के बाद घर पहुंचने की चाहत। क्या बेबसी होती है साहब कोई इन बच्चों से पूछे जब एक एम्बुलेंस को भी जाम में फंसा जाती है तो देखने वालों की रूह कांप जाती है। कोई प्रशासनिक पदाधिकारी उनकी सुध तक नहीं लेते। उन पैदल चलने वाली महिलाओं व उन बच्चों, उन बूढ़ों से पूछे जिन्हें अपना काम निपटाकर जल्द घर पहुंचने की चाहत होती है। आखिर कौन है इसका जिम्मेदार? क्यूं प्रशासन अपनी जिम्मेवारियों से भाग रही है? क्यूं वर्षों से बनी इस जाम की समस्या से निजात दिलाने में हमारे पदाधिकारी अपने आप को असहज और असहाय महसूस करते हैं। क्या इस समस्या का कभी कोई अंत नहीं। आम जनता के मन में कई ऐसे प्रश्न हैं जो बाजार के इस भीड़ में आकर गुम हो जाती है।


**समाहरणालय, गढ़वा**
**(उत्पाद शाखा)**

**विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विभागीय अधिसूचना संख्या 1/नीति–05–03/2025–903 दिनांक 21.05.2025 द्वारा अधिसूचित ''झारखंड उत्पाद (मदिरा की खुदरा बिक्री हेतु दुकानों की बंदोबस्ती एवं संचालन) नियमावली, 2025'' तथा राजस्व पर्षद द्वारा अनुमोदित बिक्री अधिसूचना की शर्त्तों के तहत दिनांक 01.09.2025 से 31.03.2030 तक के लिए झारखंड राज्य के गढ़वा जिला की ''देशी शराब की दुकान'' तथा ''शराब की कम्पोजिट दुकान'' की बंदोबस्ती ई–लॉटरी प्रणाली के माध्यम से की जायेगी। ई–लॉटरी में भाग लेने हेतु इच्छुक आवेदकों के द्वारा ''झारखंड उत्पाद (मदिरा की खुदरा बिक्री हेतु दुकानों की बंदोबस्ती एवं संचालन) नियमावली, 2025'', बिक्री अधिसूचना की शर्त्तें, जिलावार खुदरा उत्पाद दुकान/दुकानों के समूह की विवरणी तथा आवेदन प्रपत्र, शपथ पत्र इत्यादि का विहित प्रारूप सभी जिला उत्पाद कार्यालय, विभागीय वेबसाइट https://excise.jharkhand.gov.in, जिला के NIC वेबसाईट www.garhwa.nic.in एवं https://exciselottery.jharkhand.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। ई–लॉटरी कार्यक्रम निम्नानुसार निर्धारित है –

i. ''देशी शराब की दुकान'' और ''कम्पोजिट दुकान'' की ई लॉटरी से बन्दोबस्ती हेतु ऑनलाईन आवेदन दिनांक–08/08/2025 के पूर्वाह्न 11:00 बजे से दिनांक–20/08/2025 की संध्या 7.00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। ऑनलाईन आवेदन https://exciselottery.jharkhand.gov.in वेबसाईट पर किया जा सकेगा।

ii. ई–लॉटरी में प्रतिभागिता के लिए संबंधित दुकान/दुकान समूह हेतु बिक्री अधिसूचना में निर्धारित धरोहर धनराशि तथा आवेदनशुल्क का भुगतान Credit Card/Debit Card/ NET BANKING/NEFT/ RTGS/IMPS इत्यादि ऑनलाईन विधि से उक्त पोर्टल (वेबसाईट) पर प्राप्त किया जायेगा। उक्त भुगतान की पुष्टि आवेदन पोर्टल/विभाग के खाते में दिनांक–20.08.2025 को 11:59 PM तक प्राप्त हो जानी चाहिए। दिनांक–20.08.2025 को 11:59 PM तक विहित राशि के भुगतान प्राप्ति की पुष्टि आवेदन पोर्टल अथवा विभागीय बैंक से अप्राप्त रहने की स्थिति में आवेदक ई–लॉटरी में प्रतिभाग नहीं कर सकेंगे।

iii. कम्प्यूटर से Randomization के द्वारा ई–लॉटरी की प्रक्रिया दिनांक 22/08/2025 के पूर्वाहन 11:00 बजे से की जायेगी। ई–लॉटरी के ऑनलाईन प्रसारण का लिंक विभागीय वेबसाईट https://excise.jharkhand.gov.in एवं जिला के NIC वेबसाईट www.garhwa.nic.in पर भी उपलब्ध रहेगा। ई–लॉटरी का ऑनलाईन टेलीकास्ट जिला समाहरणालय में भी किया जायेगा ।

iv. ई–लॉटरी की प्रक्रिया राज्य स्तर पर दुकान/दुकानों के समूह के लिये निर्धारित वार्षिक न्यूनतम प्रत्याभूत राजस्व (MGR) के आधार पर अवरोही क्रम (descending order) में सम्पन्न होगी ।

v. ई–लॉटरी का परिणाम https://excise.jharkhand.gov.in एवं जिला के NIC वेबसाईट www.garhwa.nic.in पर उपलब्ध होगा।

vi. ''झारखंड उत्पाद (मदिरा की खुदरा बिक्री हेतु दुकानों की बंदोबस्ती एवं संचालन) नियमावली, 2025'' के आलोक में ई–लॉटरी में सफल विजेता को आवेदन तथा उसके साथ संलग्न किये जानेवाले सभी कागजातों की स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रति संबंधित मूल प्रमाण–पत्र के साथ, संबंधित दुकान/दुकानों के समूह के लिए प्रतिभूति राशि तथा निर्धारित एकमुश्त वार्षिक अनुज्ञप्ति शुल्क दिनांक 25.08.2025 तक.जिला उत्पाद कार्यालय में जमा करना होगा।

vii. ''झारखंड उत्पाद (मदिरा की खुदरा बिक्री हेतु दुकानों की बंदोबस्ती एवं संचालन) नियमावली, 2025'' के आलोक में ई–लॉटरी में सफल विजेता को दिनांक 29.08.2025 तक प्रस्तावित दुकान परिसर के लिए आपत्ति रहित स्थल का पूर्ण विवरण .जिला उत्पाद कार्यालय में उपलब्ध कराना होगा।

viii. ''झारखंड उत्पाद (मदिरा की खुदरा बिक्री हेतु दुकानों की बंदोबस्ती एवं संचालन) नियमावली, 2025'' के आलोक में ई–लॉटरी में सफल विजेता को दिनांक 29.08.2025 तक अग्रिम उत्पाद परिवहन कर (ETD) की राशि जमा करनी होगी।

ई–लॉटरी हेतु आवेदन समर्पित करने में किसी प्रकार की कठिनाई के निराकरण हेतु जिला स्तर पर Helpdesk का गठन किया गया है, जिसका मोबाईल संख्या–7004133024 (सामान्य कॉल), 7004156509 (Whatsapp मैसेज) है। उक्त मोबाइल संख्या प्रत्येक दिन के पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 06:00 बजे तक क्रियाशील रहेगी।

ह0/–
उपायुक्त,गढ़वा

PR 359195 Excise(25-26).D

संपादकीय

# धराली की चेतावनी!

उत्तराखंड के उत्तरकाशी ज़िले के धराली गांव में मंगलवार को बादल फटने से खीर गंगा गदेरे (गहरी खाई या नाला) में अचानक आई बाढ़ और उससे मची तबाही फिर इस बात का संकेत है कि हम प्रकृति के साथ खिलवाड़ और छेड़छाड़ बंद करें। धराली के साथ पास के हर्षिल में भी ऐसे ही विनाश की चिंताजनक खबर है। धराली में पांच लोगों की मौत की पुष्टि हुई और करीब सौ लोग लापता हैं, जिनमें सेना के 10 जवान भी हैं। हालांकि अपने साथियों के लापता होने के बाद भी वहां मौजूद सैनिकों ने बचाव कार्य में देरी नहीं की। इस बीच स्थानीय प्रशासन, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और सेना मिलकर राहत कार्य में जुटी हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मृतकों के प्रति संवेदना जताते हुए पीड़ितों की हर संभव सहायता के आदेश दिए हैं। लेकिन वहां की कठिन भौगोलिक स्थिति और मौसम के कारण बचाव कार्य में लगी एजेंसियों को अपना काम करने में दिक्कत आ रही है। धराली आपदा के जो वीडियो वायरल हुए हैं, वह वाकई डरावने हैं। जिसमें कई मकान और होटलें प्रलयंकारी बाढ़ अपने साथ पल में बहा ले गई। ज्यादातर नुकसान किनारे की बस्तियों में हुआ है। गौरतलब है कि धराली, गंगोत्री धाम से लगभग 20 किलोमीटर पहले स्थित एक प्रमुख पड़ाव है, जहां हर साल चारधाम यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु रुकते हैं। वहां इस हादसे के बाद स्थानीय लोगों की पीड़ा का सिर्फ अंदाजा ही लगाया जा सकता है। लोगों का यह भी कहना है कि उन्हें ऐसी किसी आपदा की कोई चेतावनी प्रशासन ने नहीं दी थी। धराली के लोग एक स्थानीय पूजा समारोह में व्यस्त थे और यह हादसा हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जहां हादसा हुआ, वहां बहुत बड़े-बड़े होटल थे। अब उनकी छत तक नहीं दिख रही। धराली का पूरा मार्केट ख़त्म हो गया। एक बहुत बड़ा मंदिर भी ध्वस्त हो गया है। लोगों की आस्था का केन्द्र कल्प केदार मंदिर भी नहीं दिख रहा है। बताया जाता है कि धराली में बादल फटने के कारण भूस्खलन हुआ और एक पहाड़ धंस कर कयामत की धारा में बदल गया। मौसम विभाग के मुताबिक़, एक घंटे में 10 सेंटीमीटर या उससे ज़्यादा भारी बारिश, छोटे इलाक़े (एक से दस किलोमीटर) में हो जाए तो उस घटना को बादल फटना कहते हैं। कभी-कभी एक जगह पर एक से ज़्यादा बादल फट सकते हैं। ऐसी स्थिति में जान-माल का ज़्यादा नुक़सान होता है जैसा उत्तराखंड में साल 2013 में हुआ था, लेकिन हर भारी बारिश बादल फटना नहीं होती। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार मानसून और मानसून के कुछ समय पहले (प्री-मानसून) इस तरह की घटना ज़्यादा होती हैं। बादल फटने की घटनाएं एक से दस किलोमीटर की दूरी में छोटे पैमाने पर हुए मौसमी बदलाव की वजह से होती हैं। इस वजह से इनका पूर्वानुमान लगाना मुश्किल होता है। ऐसे मौसमी बदलावों को बताने या मॉनिटर करने के लिए या तो बादल फटने की आशंका वाले इलाकों में घने रडार नेटवर्क की ज़रूरत होती है, या फिर बहुत हाई रेजोल्यूशन वाले मौसम पूर्वानुमान मॉडल चाहिए जो इतनी छोटी स्केल की घटनाओं को पकड़ सकें। हमारे यहां इसकी कमी है। इसका कारण यह है कि बादल फटने और उससे हुई तबाही के चलते तात्कालिक तौर पर चिंताएं जाती हैं। बाद में सब भुला दिया जाता है। हिमालय में स्थिति तो और भयावह है। पेड़ लगातार कट रहे हैं और प्रकृति अनावृत्त होती जा रही है। परिणामस्वरूप मौसम चक्र बदल रहा है। और इसके लिए सर्वाधिक जिम्मेदार मानव गतिविधियां हैं। देवभूमि में भी जिस तरह अंधाधुंध पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है, निर्माण कार्य किए जा रहे हैं, उन सबका नतीजा ऐसे भयंकर हादसे हैं।

9 अगस्त को 133वीं जन्म-जयंती पर विशेष

# गांधी के आह्वान पर स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े थे शिवपूजन सहाय



डा. ध्रुव कुमार

शिवपूजन सहाय हिंदी के उन गिने -चुने साहित्यकार-पत्रकारों में अग्रणी स्थान रखते हैं, जिनके कारण हिंदी की साहित्यिक पत्रकारिता को एक नई ऊंचाई मिली। लगभग 42 वर्षों के अपने साहित्यिक जीवन में उन्होंने अनेक पुस्तकों और पत्र-पत्रिकाओं का संपादन किया । इस दौरान उन्होंने भाषा परिवर्तन, भाषा परिष्कार, वर्तनी और शैली के अनेक मानदंड स्थापित किए। साहित्यिक पत्रकरिता और रचनात्मक लेखन के जरिए पूरी दुनिया में हिंदी को सम्मान दिलाने वाले शिवपूजन सहाय एक सच्चे राष्ट्रभक्त थे। बिहार के शाहाबाद जनपद के वनवास नामक गांव में 9 अगस्त 1893 को एक सामान्य किसान परिवार में जन्में शिवपूजन सहाय को 1914 में महज 20 वर्ष की अवस्था में आरा के टाउन स्कूल में अध्यापक की नौकरी मिल गई थी। यह वो दौर था, जब भारतीय जनमानस अंग्रेजों की हुकूमत से कराह रहा था। युवा शिवपूजन के दिल में भी देशभक्ति हिलोरें मार रही थी और यही कारण है कि 1920 में महात्मा गांधी के असहयोग आंदोलन के शुरू होते ही वे राष्ट्रीय स्कूल के अध्यापक पद से त्यागपत्र देकर भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े। वे बचपन से ही बहुत कुशाग्र थे। उन्होंने आरा के कायस्थ जुबली एकेडमी से 1912 में मैट्रिक की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। छात्र अवस्था में ही उनका झुकाव लेखन की ओर हो गया था। उनकी रचनाएं उन दिनों शिक्षा, लक्ष्मी, मनोरंजन और पाटलिपुत्र आदि बिहार की प्रमुख पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित होने लगी थी। वे वस्तुतः पत्रकार थे। स्वतंत्रता आंदोलन में कूदने के पश्चात उनके पत्रकारीय जीवन की शुरुआत हुई और 1921 में आगरा से प्रकाशित होने वाले

मासिक पत्र ÷ मारवाड़ी सुधार ÷ का संपादन किया। दो साल के उपरांत वे अपने साहित्यिक गुरु ईश्वरी प्रसाद शर्मा की प्रेरणा से सन् 1923 में कोलकाता पहुंचे और वहां मतवाला- मंडल में सम्मिलित हो गए। इस मंडल में उन दिनों मिर्जापुर के महादेव प्रसाद सेठ, नवजादिक लाल श्रीवास्तव, पांडेय बेचन शर्मा % उग्र % और सूर्यकांत त्रिपाठी निराला शामिल थे। मतवाला से इनकी संपादन प्रतिभा निखरी। कोलकाता प्रवास में उन्होंने मतवाला के अतिरिक्त मौजी, आदर्श, गोलमाल, उपन्यास-तरंग और समन्वय आदि कई पत्रों के संपादन में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। कलकत्ता में इनके नाम का यश इतना फैला कि उन्हें लखनऊ से ÷ माधुरी ÷ में संपादन कार्य में सहयोग के लिए बुलावा आ गया और वे 1925 में लखनऊ पहुंचे। लेकिन अगले साल फिर वापस कोलकाता पहुंचकर % मतवाला - मंडल % में शामिल हो गए। लखनऊ में ही उनकी मुलाकात प्रेमचंद से हुई। प्रेमचंद भी माधुरी के संपादन में सहयोग कर रहे थे। प्रेमचंद, शिवपूजन सहाय की संपादन- कला से बहुत प्रभावित हुए और उन्हें अपने अप्रकाशित उपन्यास % रंगभूमि % के मुद्रण, संपादन और प्रूफ संशोधन का कार्य सौंप दिया। वस्तुत- रंगभूमि उपन्यास की छपाई का कार्य शिवपूजन सहाय के नेतृत्व में ही हुआ था। मतवाला के बाद शिवपूजन सहाय भागलपुर के समीप सुल्तानगंज से प्रकाशित होने वाली ÷ गंगा ÷ नामक साहित्यिक पत्रिका के संपादन का कार्यभार संभाला। इसके उपरांत पुस्तक भंडार के संचालक आचार्य रामलोचन शरण बिहारी के निमंत्रण पर उनके प्रकाशनों के संपादन और वितरण में सहयोग सहयोगी के रुप में दरभंगा के लहरियासराय चले गये, जहां उन्होंने कई वर्षों तक कार्य किया। इसी बीच पुस्तक भंडार के प्रकाशन के कार्यों के संबंध में उनका कई बार काशी भी आना-जाना हुआ और इस दौरान बनारस के कई सुप्रसिद्ध साहित्यकारों से उनका संपर्क हुआ। इस संपर्क का परिणाम यह हुआ कि उन्हें काशी से प्रकाशित मासिक पत्र जागरण के संपादन - प्रकाशन का दायित्व मिला। काशी में उन दिनों प्रेमचंद, जयशंकर प्रसाद, विनोद शंकर व्यास आदि अनेक साहित्यकार सक्रिय थे। जिनके साथ शिवपूजन सहाय का संपर्क और सहयोग बढ़ता गया। प्रेमचंद से तो वे लखनऊ से ही परिचित थे। काशी से वे 1933 में % जागरण % का दायित्व विनोद शंकर व्यास को सौंप कर वापस दरभंगा ( लहरियासराय ) लौट गए। इस बार लहरियासराय में उन्होंने पुस्तक भंडार की ओर से प्रकाशित होने वाले बाल पत्रिका ÷ बालक ÷ का संपादन कई वर्षों तक अत्यंत कुशलतापूर्वक किया।

उनके संपादन में यह बाल पत्रिका राष्ट्रीय स्तर पर चर्चित हुई। 1939 में उन्होंने पुस्तक भंडार से अवकाश ग्रहण कर छपरा के राजेंद्र कॉलेज में हिंदी के प्राध्यापक हो गए। लेकिन इनके अंदर का संपादक और पत्रकार शिक्षण कार्य से संतुष्ट नहीं हुआ और 1946 में एक वर्ष का अवकाश लेकर पटना चले आए और पुस्तक भंडार द्वारा प्रकाशित साहित्यिक पत्रिका ÷ हिमालय ÷ का संपादन किया। हिमालय के संपादन के दौरान उनके द्वारा लिखी गई टिप्पणियों पर साहित्य जगत में खूब चर्चा होती। उनकी लेखनी से साहित्य जगत में हलचल मची रहती। राजेंद्र कॉलेज छपरा से अवकाश ग्रहण करने के बाद 1950 में शिवपूजन सहाय जब पटना लौटे तो बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन ने उन्हें अपनी शोध प्रधान त्रैमासिक पत्रिका ÷ साहित्य ÷ का दायित्व सौंपा । ÷ साहित्य ÷ के संस्थापक- संपादक के रूप से शुरू होकर अपने जीवन के अंतिम क्षण तक उन्होंने % इसका संपादन किया। इस पत्रिका ने शोध और शिक्षा के क्षेत्र में जो नए मानदंड प्रस्तुत किए वह हिंदी जगत में आज भी अतुल्यनीय है।

उनकी संपादन कला से सम्मोहित उनके साथ लंबे समय तक कार्य कर चुके आचार्य श्रीरंजन सूरिदेव उनके व्यक्तित्व का आकलन इन शब्दों में किया था - ÷ उन्होंने एक पत्रकार - संपादक के रूप में जिस उत्साह से हिंदी सेवा का व्रत लिया था, उसी उत्साह और दृढ़ता से उसे निभाया भी। हिंदी प्रेम उनकी धमनियों में लहू की तरह प्रवाहित होता रहता था। वे आचार्य महावीर प्रसाद जैसे संपादकाचार्य की परंपरा में अग्रणी कवि के रूप में हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में आए और द्विवेदी जी के आदर्शों के अनुरूप अपने को ढाल कर उन्होंने पूरी निष्ठा और दायित्व चेतना के साथ समर्पित और स्तरीय संपादन - कार्य का एक नया प्रतिमान खड़ा कर दिया। वे एक संवेदनशील रचनाकार, समीक्षक, विद्वान संपादक और एक मार्मिक कलमकार के रूप में प्रतिष्ठित होते गए। उनकी संपादन कला और क्षमता अद्वितीय थी। ÷

शिव पूजन सहाय का जीवन एक ऐसे कर्मयोगी का जीवन था, जिन्होंने अनवरत कर्मरत रहने का अपना जीवन - लक्ष्य निर्धारित कर लिया हो। अनेक पुस्तकों और पत्र-पत्रिकाओं के संपादन के जरिए उन्होंने भाषा परिष्कार, वर्तनी और शैली के जो मानदंड प्रस्तुत किए, वे आज भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं, जितने उन दिनों थे।

उनकी साहित्यिक सेवाओं के प्रति सम्मान प्रदर्शित करने के लिए 1960 में भारत सरकार ने उन्हें ÷ पद्मभूषण ÷ की उपाधि प्रदान की। उन्हें 1962 में भागलपुर विश्वविद्यालय ने डी.लिट. की उपाधि से विभूषित किया, तो 1961 में पटना नगर निगम ने ÷ नागरिक सम्मान ÷ आयोजित कर उनके साहित्य - कर्म का अभिनंदन करते हुए अपनी कृतज्ञता ज्ञापित की।

अपने साहित्यिक जीवन में उन्होंने साहित्य की प्रायः सभी विधाओं को अपनी सृजनशीलता से समृद्ध किया।

21 जनवरी 1963 को 70 वर्ष की आयु में उन्होंने पटना में आखिरी सांस ली।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं )**

## जिनेवा देगा प्लास्टिक प्रदूषण से मुक्ति की राह?

राजकुमार सिन्हा

अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के अनुसार, प्लास्टिक की माँग सन् 2000 के बाद से लगभग दोगुनी हो गई है। एक हालिया अध्ययन के अनुसार, 2022 में फीडस्टॉक सहित 436.66 मिलियन टन पॉलिमर और प्लास्टिक का व्यापार हुआ, जिसमें अंतिम प्लास्टिक उत्पादों की मात्रा 111 मिलियन टन थी। आज, 99त्न प्लास्टिक जीवाश्म ईंधन से बनता है। जीवाश्म ईंधनों को परिष्कृत करके मोनोमर्स (निर्माण खंड) और फिर पॉलिमर में संसाधित किया जाता है, और उत्पादन के विभिन्न चरणों में मध्यवर्ती पदार्थ और रसायन (अध्ययनों से पता चलता है कि 16,000 से अधिक रसायनों का उपयोग किया जाता है) मिलाए जाते हैं। प्लास्टिक को विनियमित करने का अर्थ अनिवार्य रूप से इन पेट्रोरसायनों को विनियमित करना होगा। प्लास्टिक उत्पादन और उपभोग को विनियमित करने के लिए, इन निर्माण खंडों, जिनमें इनका व्यापार भी शामिल है, पर ध्यान केंद्रित करना अनिवार्य है। विश्व भर के 600 से अधिक नागरिक समाज समूहों ने प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने के लिए एक मजबूत संधि की मांग करते हुए एक घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें प्लास्टिक उत्पादन में महत्वपूर्ण कटौती पर जोर दिया गया है। घोषणापत्र में कहा गया है कि जलवायु, जैव विविधता, मानव स्वास्थ्य, मानवाधिकारों और ग्रह की जीवन को सहारा देने और बनाए रखने की क्षमता पर हानिकारक प्रभाव डालता है। नागरिक समूहों ने वैश्विक प्लास्टिक उत्पादन में उल्लेखनीय कमी सुनिश्चित करने के लिए संधि की माँग की है। प्लास्टिक के जीवनचक्र में हानिकारक रसायनों के उन्मूलन, प्लास्टिक संबंधी जानकारी में पारदर्शिता, कार्यान्वयन के लिए स्पष्ट और पर्याप्त वित्तीय प्रतिबद्धताएं और तंत्र, प्रभावित समुदायों के लिए न्यायोचित परिवर्तन, झूठे समाधानों द्वारा जारी अपशिष्ट उपनिवेशवाद और पर्यावरणीय नस्लवाद का अंत, पुनः उपयोग और पुनः भरने की प्रणालियों को प्राथमिकता देने और मानव अधिकारों के संरक्षण का भी आह्वान किया है। कहा गया है कि प्लास्टिक और खतरनाक अपशिष्ट के उत्पादन में प्रयुक्त खतरनाक रसायनों पर बासेल, रॉटरडैम और स्टॉकहोम द्वारा नियंत्रण किया जाता है। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) द्वारा शासित होता है, और प्रस्तावित आईएलबीआई के प्रावधान डब्ल्यूटीओ समझौतों के विपरीत होंगे।

अध्यात्म

## एकता और सहानुभूति से ही समस्याएँ हल हो सकती हैं

एक घने जंगल के किनारे एक कसाई के घर में एक चतुर चूहा, जिसका नाम था चिंटू, अपने बिल में रहता था। वहाँ उसे खाने का सामान आसानी से मिल जाता था। एक दिन उसने देखा कि कसाई और उसकी पत्नी एक थैले से कुछ निकाल रहे हैं। चिंटू की उत्सुकता जागी, और उसने सोचा, शायद कोई स्वादिष्ट रोटी या दाल का डिब्बा हो! छिपकर देखने पर उसे पता चला कि यह एक चूहादानी थी।

खतरे को भाँपते हुए चिंटू ने तुरंत घर के पीछे जाकर अपने दोस्त कबूतर, जिसे लोग पंखुरी कहते थे, को बताया, भाई पंखुरी, घर में चूहादानी आ गई है, अब खतरा है! पंखुरी ने हँसते हुए कहा, अरे चिंटू, मुझे क्या? मैं तो आसमान में उड़ता हूँ, उस जाल में फँसने वाला नहीं! चिंटू निराश होकर बोला, लेकिन भाई, खतरा सबके लिए हो सकता है।

अगला पड़ाव था मुर्गा, जिसका नाम था कोको। चिंटू ने उसे सावधान किया, कोको भाई, चूहादानी का खतरा है, सतर्क रहो! कोको ने ठहाका लगाया, जा भाई, यह मेरी टेंशन नहीं, मैं तो अंडे देता हूँ, जाल से क्या डर! चिंटू उदास होकर सोचने लगा, कोई मेरी बात क्यों नहीं समझता?

फिर उसने बाड़े में बकरे, गोपाल, को सूचना दी। चिंटू ने कहा, गोपाल भाई, चूहादानी आ गई, खतरा है! गोपाल हँसते-हँसते लोट-पोट हो गया और बोला, अरे छोटा, तू परेशान मत हो, मैं तो घास खाता हूँ, मुझे क्या लेना-देना! चिंटू हताश होकर वापस अपने बिल में लौट आया और सोचने लगा, शायद कोई मेरी मदद नहीं करेगा।

वही रात थी जब चूहादानी में %खटाक% की आवाज हुई। अंधेरे में कसाई की पत्नी ने सोचा कि चूहा फँसा है, लेकिन वहाँ एक जहरीला साँप था, जो जाल में अटक गया था। उसने साँप की पूँछ को चूहे की समझकर पकड़ा, और साँप ने उसे डस लिया। पत्नी की हालत बिगड़ गई। कसाई ने घबराहट में हकीम को बुलाया, और हकीम ने सलाह दी, कबूतर का सूप पिलाओ, यह जहर को कम करेगा।

दुखद घटना में पंखुरी को पतीले में डाल दिया गया। खबर फैली, और कसाई के रिश्तेदार जमा हो गए। उनके लिए भोजन की व्यवस्था के लिए अगले दिन कोको मुर्गे को काटा गया। कुछ दिन बाद जब पत्नी स्वस्थ हुई, तो कसाई ने खुशी में दावत रखी, और गोपाल बकरे को भी बलि चढ़ा दिया गया। चिंटू यह सब देखकर दूर चला गया, एक सुरक्षित जगह ढूंढने के लिए। रास्ते में उसने सोचा, अगर वे मेरी बात मान लेते, तो शायद यह न होता।

एक दिन चिंटू ने जंगल में एक बूढ़े उल्लू से मुलाकात की और अपनी कहानी सुनाई। उल्लू ने गंभीर स्वर में कहा, बेटा, हर किसी की समस्या दूसरों से जुड़ी होती है। एक का खतरा सबके लिए नुकसान बन सकता है। चिंटू ने ठान लिया कि आगे से हर खतरे की सूचना वह साझा करेगा।

## पेड़ों की कटाई का नया आयाम सोलर पावर प्लांट योजनाएं

ब्रजेश कानूनगो

भारत में कई बड़ी विकास परियोजनाओं के लिए पेड़ों को बड़ी संख्या में काटा जाता रहा है। आधुनिक जीवन की सुविधाओं के लिए भी कई योजनाएं बनती रहीं हैं जिनके कारण पेड़ों की व्यापक रूप से कटाई की गई है। प्रमुख रूप से अनेक बांध और जलाशय परियोजनाओं का उल्लेख किया जा सकता है, कई बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजनाएं हैं जिनके लिए वनों की कटाई हुई है। चाहे वह सतलुज नदी पर स्थित, पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश में फैली हुई भाखड़ा नांगल परियोजना हो, उड़ीसा में महानदी पर हीराकुंड बांध परियोजना हो, नर्मदा नदी पर स्थित, मध्य प्रदेश, गुजरात,महाराष्ट्र और राजस्थान में फैली हुई सरदार सरोवर परियोजना रही हो। इसके अलावा सड़कों और रेलवे लाइनों के निर्माण के लिए भी पेड़ों को काटा जाता रहा है। शहरों के विस्तार और विकास के कारण पेड़ों की संख्या घटती चली जाती है ताकि नए घर, सड़कें, और अन्य बुनियादी ढांचे बनाए जा सकें। उद्योगों की निर्माण परियोजनाओं तथा खनन और उत्खनन परियोजनाओं में खनिज संसाधनों की खोज और उनके उपयोग के लिए वनों को व्यापक रूप से समाप्त किया जाता रहा है। इन परियोजनाओं के कारण वनों की कटाई और पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, इसलिए इन परियोजनाओं को लेकर पर्यावरण कार्यकर्ताओं, जागरूक नागरिकों, बुद्धिजीवियों सहित किसानों और उन क्षेत्रों के प्रभावित होने वाले ग्रामीणों द्वारा विरोध और प्रतिरोध में आवाजें उठाई जाती रही हैं। जिनके कारण विकास के नकारात्मक पक्ष को कम किए जाने में मदद भी मिली है। बहुत लोगों को आज भी 1970 के दशक के पर्यावरण कार्यकर्ता सुंदरलाल बहुगुणा जी की प्रेरणा में हुए चिपको आंदोलन की स्मृति अवश्य होगी जिसमें उत्तराखंड में वनों की कटाई के खिलाफ एक बड़ा आंदोलन हुआ था तथा महिलाओं ने पेड़ों को काटने से रोकने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस आंदोलन के परिणामस्वरूप सरकार ने हिमालयी क्षेत्रों में 15 वर्षों के लिए वनों की कटाई पर रोक लगा दी थी। हाल ही की बात करें तो महाराष्ट्र राज्य में आरे कॉलोनी में मेट्रो कार शेड परियोजना एक बहुचर्चित और विवादित मुद्दा है, जिसमें पर्यावरण और विकास के बीच संतुलन बनाने की चुनौती खड़ी हुई।

रक्षाबंधन पर विशेष

# संस्कृति एवं धर्म की रक्षा का संकल्प है- रक्षाबंधन



प्रतिष्ठाचार्य विजय जैन

पर्व हमारे लिए प्रकाश देते हैं, प्रेरणा देते हैं। पर्व का अर्थ यही है कि जो किसी को जोड़ दे। यह पर्व कभी हमें संस्कृति से जोड़ता है। तो कभी इतिहास से जोड़ेता है। कभी-कभी धार्मिक और सामाजिक परम्पराओं से जोड़ता हैं। रक्षाबंधन पर्व ही नहीं अपितु महापर्व है। महापर्व इसलिए है क्योंकि सांस्कृतिक हो ऐतिहासिक हो धार्मिक और सामाजिक भी हो। फिर इतिहास के पन्ने पलटते हैं तो हमें हुँमायुं और मेवाड़ की महारानी कर्मवती की घटना याद आती है। जब मेवाड़ पर शेरशाह सूरी ने आक्रमण किया तब मेवाड़ की सुरक्षा में स्वयं को असमर्थ पाकर वीरांगना रानी कर्मवती ने रक्षा के लिए अपने मुँह बोले भाई बादशाह हुँमायुं को रक्षासूत्र भेजा। हुँमायुं ने अपनी बहन के द्वारा भेजे हुए रक्षासूत्र का सम्मान रखते हुए शेरशाह सूरी से बहन कर्मवती के राज्य की रक्षा की एवं उस रक्षासूत्र की लाज रखी। जो इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में अंकित है।

यह पर्व दूसरों के दुख में सम्मिलित होने का पर्व है। अपनी पीढ़ा से पशु पक्षी भी कराह उठते हैं। लेकिन इंसान पर पीढ़ा से सिहर उठे वह धरती पर देवता के समान है।

भारत त्योंहारों का देश है त्योहारों के माध्यम से संस्कृति को संरक्षण एवं संवर्द्धन प्रदान किया जाता है। रक्षाबंधन पर्व भारतीय संस्कृति का सबसे महान पर्व है क्योंकि किसी पर्व में हम घर को सजाते हैं तो किसी त्योंहार में नये कपड़े पहने की परम्परा है किन्तु रक्षाबंधन ही एक मात्र पर्व है जो हमें दूसरों के प्रति वात्सल्य एवं करूणा का संदेश देता है।

महिलायें समाज का अभिन्न अंग है इनके बिना मानव जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। इसके बाद भी कुछ दूषित मानसिकता वाले पुरूषों व मनचले युवकों द्वारा पूरी महिला समाज भय और आतंक के माहौल में जीने को मजबूर है आज बलात्कार व छेड़छाड़ की घटनायें सुनने एवं देखने को टीवी एवं दैनिक पत्रों के माध्यम से प्रतिदिन मिलती है। यह पर्व हमें पुनः जागृत करने एवं संस्कृति से जोड़ने के लिए आता है। महिलाओं की इज्जत एवं अपनी बहिन बेटियों की सुरक्षा के लिए समाज के सभी वर्ग के लोगों को एक सूत्र में बधनें की आवश्यकता है तभी हम पुनः एक सभ्य और सुरक्षित समाज का निर्माण कर सकते हैं भारतीय संस्कृति में बहिन बेटियों को दुर्गा, लक्ष्मी, सरस्वती व देवी का दर्जा दिया जाता है। नवरात्रों में हम बालिकाओं को बुला करके भोजन कराके व उनके चरणों की पूजा करके अपने व्रत की पूर्ति करते हैं।

प्रतिष्ठाचार्य श्री विजय कुमार जैन ने आगम के अनुसार बताया कि जैन धर्म में रक्षाबंधन पर्व का महत्व बहुत ही विशेष है। जैन मान्यता के अनुसार यह पर्व संस्कृति और धर्म की रक्षा का पर्व है एक समय हस्तिनापुर नगरी में अकम्पनाचार्य आदि 700 मुनियों के ऊपर 4 मंत्रियों ने भीषण उपसर्ग किया वह मुनिराज जहॉं बैठे तप कर रहे थे उनको चारों तरफ से घेर करके अग्नि जला करके हवन का नाम देकर के उन पर प्राणघातक उपसर्ग कर रहा था जैन मुनि उपसर्ग समझ करके ध्यान में लीन हो गये एवं उपसर्ग निवारण होने तक आहार और जल का त्याग कर दिया। उसी समय विष्णु कुमार मुनि जो कि तपस्या में लीन थे उन्हें क्षुल्लक पुष्पदंत महाराज ने सम्बोधन किया कि हे महामुनि हस्तिनापुर नगरी में 700 मुनियों के ऊपर उपसर्ग किया जा रहा जिसका निवारण इस समय सिर्फ आपके द्वारा ही हो सकता है। चूंकि आपको तप करते-करते अनेक प्रकार की शक्तियॉं प्राप्त हो चुकी हैं जिनके माध्यम से आप तत्क्षण वायु मार्ग से जा करके उनकी रक्षा कर सकते हैं।

बिना समय गवाये विष्णु कुमार मुनि बामन का रूप धर करके हस्तिनापुर नगरी में पहुँच जाते है एवं उच्च स्वर से संस्कृत के श्लोकों का उच्चारण करने लग जाते हैं। बामन का आकषर्ण रूप देखकर चारों मंत्री मुग्ध हो जाते है एवं उनसे मन चाहा वरदान मांगने का निवेदन करते हैं। बामन राज वरदान में तीन पैर धरती मांग लेते हैं। वो चारों मंत्री मन ही मान सोचते हैं कि बामन चाहता तो इस समय हम से पूरा गांव मांग सकता था लेकिन मात्र तीन पैर धरती ही मांग रहा है। उन्होंने निवेदन किया बामनराज आप अपने पैरों से ही तीन पग धरती नाप लें। अपनी शक्तियों से बामन ने इतना बड़ा आकार बनाया कि पहला पैर सुमेरू पर्वत पर दूसरा पैर मानुषोत्तर पर्वत पर रखा तीसरा पैर रखने की जगह नहीं बची पूरी धरती दो पैर में ही नाप ली। वे सभी हाहाकार करने लगे हे भगवन हमारी रक्षा कीजिए अपने वास्तिविक रूप में आ करके हमें दर्शन दीजिए।

उस समय विष्णुकुमार मुनि ने संबोधन दिया कि तुम्हार यज्ञ व्यर्थ है जिसमें तुम इन मुनियों को जिन्दा जला रहे हो और उस समय महामुनि विष्णुकुमार मुनि के द्वारा उनकी रक्षा की गई एवं सभी ग्राम वासियों ने आ करके उन सभी मुनियों को बचा करके उनकी यथा योग्य सेवा की एवं धुंऐ से कंठ रूध गया था इसलिए मीठी सिवई की खीर बना करके सभी साधुओं को आहार कराया। तभी से यह रक्षा बंधन महापर्व मनाया जाने लगा। वह दिन श्रावण शुक्ला पूर्णिमा का पावन दिवस था।

वर्तमान में यह पर्व भाई-बहिनों तक ही सीमित रह गया। इस दिन बहनें अपने भाईयों को रक्षासूत्र (राखी) बांधती हैं और वे उसके फलस्वरूप उन्हें उपहार व राशि प्रदान करते हैं। लेकिन इस त्योंहार से जुड़े हुए इतिहास को नहीं जान पाते हैं यह त्योंहार वात्सल्य एवं रक्षा का पर्व है जो हमें भाईचारे का संदेश देता है कि हमें सर्वप्रथम अपने राष्ट्र, राज्य, ग्राम की रक्षा का संकल्प लें तत्पश्चात् एक दूसरे की रक्षा का संकल्प लें। उसके पश्चात् अपने घर में इस पर्व को मनाकरके खुशहाली लायें यही इस पर्व का संदेश है।

**( लेखक प्रतिष्ठाचार्य विजय कुमार जैन *कुंडलपुर, नालंदा,* *प्रबंध मंत्री-दि.* *जैन त्रिलोक शोध संस्थान,* *जम्बूद्वीप-हस्तिनापुर***

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
कोई भी महत्वपूर्ण कार्य आरम्भ करने से करने से पहले बड़ों की राय अवश्य लें। भोग-विलास का भरपूर आनन्द उठायेंगे। आपका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा।

**वृषभ**
आपके व्यक्तित्व में तीव्र आकर्षण रहेगा। इसके कारण आप लोकप्रिय रहेंगे। खर्च करने से पहले बजट का ध्यान अवश्य रखें।

**मिथुन**
कार्यक्षेत्र में आप अत्यन्त व्यस्त रहने वाले हैं। प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। शाम के समय मित्रों के साथ महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा कर सकते हैं।

**कर्क**
आज मानसिक स्थिति नकारात्मक हो सकती है। व्यर्थ में अपने शुभचिन्तकों पर सन्देह न करें। अधिक भागदौड़ करने से आपको बचना चाहिये।

**सिंह**
अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के अवसर मिलेंगे। कारोबारी यात्राओं से आपको लाभ मिलेगा। दूसरों की बातों में आकर अपना समय बर्बाद न करें।

**कन्या**
विनम्र व्यवहार से विपरीत लिंग के जातक आपसे आकर्षित रहेंगे। डिजाइनिंग का कोर्स कर रहे छात्रों को जॉब मिल सकती है। दूसरों के कार्यों में हस्तक्षेप न करें।

**तुला**
बेरोजगार लोगों को नयी जॉब मिल सकती है। किसी मांगलिक उत्सव में आप सम्मिलित होंगे। आपके कारोबार में निवेश करने के लिये बाहरी निवेशक आ सकते हैं।

**वृश्चिक**
नजदीकी लोगों के साथ रिश्ते प्रभावित हो सकते हैं। धैर्य और संयम के साथ अपने काम पर ध्यान देना चाहिये। दूसरों की सलाह पर अधिक ध्यान न दें।

**धनु**
कार्यक्षेत्र में आपको पदोन्नति दी जा सकती है। सन्तान के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी। जीवनसाथी और बच्चों से आपको प्रेम और सम्मान दोनों ही प्राप्त होगा।

**मकर**
परिवार में उत्सव का वातावरण रहेगा। लक्ष्य प्राप्ति के लिये दृढ़ संकल्पित रहेंगे। सहकर्मियों की तुलना में आपका प्रदर्शन विशेष और उत्कृष्ट हो सकता है। किसी बहूमूल्य वस्तु को खरीद सकते हैं।

**कुंभ**
आज माता-पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। निजी समस्याओं का निराकरण होगा। कुछ कठिन काम आसानी से अचानक बनने से मन प्रसन्न होगा।

**मीन**
पारिवारिक आयोजन किसी कारणवश टल सकते हैं। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। किसी के उकसावे में आकर काम न करें।

# मॉडल पंचायत बनेगा दिनकर का सिमरिया गांव

## सवा दो करोड़ से अधिक की राशि से संवरेगा सिमरिया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बीहट।** बरौनी प्रखंड के सिमरिया एक पंचायत व राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर के पैतृक गांव सिमरिया अब मडल पंचायत बनेगा। इसको लेकर जिला प्रशासन के निर्देश पर सिमरिया में विकास से जुड़े कई कार्य पंचायत, जिला परिषद तथा पंचायत समिति के मद से लगभग सवा दो करोड़ से अधिक की राशि से किया जा रहा है, जरूरत पड़ने पर सीएसआर फंड समेत अन्य योजनाओं से भी विकास कार्य किया जाएगा। बताया गया कि जिला प्रशासन के द्वारा राष्ट्रकवि दिनकर के पैतृक गांव सिमरिया को पूरे जिले में आदर्श पंचायत के रूप में विकसित बनाने का कार्य किया जा रहा है। राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की 117 वीं जयंती समारोह के मौके पर 23 सितंबर 2025 को जिला प्रशासन के द्वारा सिमरियावासियों को सौगात के रूप में सवा दो करोड़ की लागत से निर्माण होने वाली कई कार्य को सौपेंगे तथा कई कार्यों का शिलान्यास भी कर सकते हैं। राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर के पैतृक गांव सिमरिया में गुरुवार को चल रहे विभिन्न विकास योजनाओं के कार्य। सिमरिया एक पंचायत के मुखिया शिम्पी देवी व मुखिया प्रतिनिधि गोपाल कुमार ने बताया कि राष्ट्रकवि दिनकर के पैतृक गांव सिमरिया को मॉडल पंचायत बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रकवि दिनकर का खंडहर हो चुके दलान। जिसमें वह बैठ कविता लिखते थे। उस दलान के साथ-साथ मुख्य सड़क से गांव आने वाली सड़क पर गेट का भी निर्माण कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। इसके अलावे दिनकर आवास, आंगनवाड़ी केंद्र तथा दिनकर स्मारक उच्चय माध्यमिक विद्यालय व पंचायत भवन का मरम्मत का कार्य भी तेजी से चल रहा है। वही खेल मैदान, पार्क, सड़क, नाला, बस पड़ाव, सामुदायिक शौचालय का निर्माण, प्रकाश की व्यवस्था व दिनकर स्मृति सभागार का सौंदर्यीकरण समेत विकास के कई अन्य कार्य भी किया जा रहा है। दिनकर का दलान, गेट व बस स्टैंड का निर्माण तथा पंचायत भवन, उच्चय माध्यमिक विद्यालय मरम्मति कार्य शामिल है। इधर बीडीओ बरौनी अनुरंजन कुमार ने बताया कि राष्ट्रकवि दिनकर के पैतृक गांव सिमरिया में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों को अगस्त 2025 के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा।

# राजस्व महाभियान को लेकर बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड मुख्यालय अवस्थित विमर्श कक्ष में राजस्व महाभियान जागरूकता हेतु पदाधिकारी, कर्मियों, जनप्रतिनिधियों एवं आमलोगों की संयुक्त बैठक शुक्रवार को आयोजित की गई। अध्यक्षता सीओ सूरज कुमार ने की। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त से 20 अगस्त तक राज्य सरकार ने भूमि संबंधित तकनीकी त्रुटि, रिकर्ड अशुद्धि को दूर करने हेतु राजस्व महाभियान संचालित होगा। इसके लिए विभाग द्वारा गठित टीम आपके द्वार तक जाएगी। ये आपको आपकी जमीन की जमाबंदी पंजी तथा आपसे संबंधित आवश्यक आवेदन प्रपत्र उपलब्ध करायेगी। इस महाभियान का उद्देश्य आपके घर, पंचायत तक पहुँच कर भूमि संबंधी दस्तावेजों की अशुद्धियों में सुधार करना है। आपके नाम, खाता, खेसरा, रकबा, लगान की अशुद्धियों को दूर किया जाना है। जमाबंदी रैयत की मृत्यु के बाद उत्तराधिकारियों के नाम से वंशावली के आधार पर, जमाबंदी कायम करना, संयुक्त जमाबंदी के आपसी सहमति या रजिस्टर्ड या कोर्ट द्वारा बंटवारे के आधार पर हिस्सेदारों के नाम से अलग अलग जमाबंदी कायम किया जाना है। इसके लिए आमलोगों के बीच जागरुकता अभियान चलाने तथा इसमें सहयोग करने की अपील की। इससे काम में आसानी होगी। भविष्य में कार्यालय के चक्कर से मुक्ति मिल जाएगी। इससे भूमि विवाद की समस्या भी नगण्य हो जाएगी। मौके पर बीडीओ चिरंजीव पांडेय, श्रम एवं प्रवर्तन पदाधिकारी मेघा वर्मा, राजकुमार सिंह, गौतम गोस्वामी, शंभू पासवान, सलमान, मुरारी, कन्हैया, विशंभर दास, शुभाकर मिश्र, अजीत सिंह, हरि बदन पंडित आदि मौजूद थे।

## एक नजर

### पीएचइडी से हो रही पानी टंकी की सफाई

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला के निर्देश पर लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा जिला अंतर्गत संचालित सभी नल-जल योजना के पानी टंकी की सफाई कारवाई जा रही है। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के कार्यपालक अभियंता ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि जिले में कुल 2389 नल-जल योजना पीएचईडी विभाग द्वारा संचालित की जा रही है। जिसके अंतर्गत सभी पानी टंकी की सफाई प्रारंभ कर दी गई है। उन्होंने बताया कि पानी टंकी की सफाई मिशन मोड में कराई जा रही है एवं अगस्त माह के अंत तक जिला अंतर्गत नल जल योजना के सभी पानी टंकी की सफाई पूर्ण कर ली जायेगी। ताकि आम लोगों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जा सकें। उल्लेखनीय है कि 31 जुलाई को आयोजित जिला बीस सूत्री की बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा नल जल योजना के सभी पानी टंकी की सफाई करने का निर्देश कार्यपालक अभियंता पीएचईडी विभाग को दिया गया था, जिसके तहत सफाई कार्य प्रारंभ किया गया है।

### मनाया गया रक्षाबंधन का त्योहार

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शुक्रवार को शहर के हरंख स्थित पाठशाला में छात्र-छात्राओं के द्वारा बड़े ही धूमधाम से रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया गया। इस अवसर पर ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के सीनेट सदस्य सह विद्यालय के निदेशक विजय कुमार बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि रक्षाबंधन की विशेषता भाई बहन के आपसी प्रेम का प्रतीक है। साथ ही साथ इस दिन बच्चों को यह शपथ भी लेना चाहिए कि विद्यालय में हम सभी भाई और बहन हैं। हमें एक दूसरे को प्रत्येक कार्य में चाहे पढ़ाई ही क्यों ना हो। उसमें सहयोग करना चाहिए। शनिवार को मनाए जाने वाले रक्षाबंधन के लिए देश भर के सभी बहनों को बहुत-बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं है। विद्यालय के शिक्षक रामकुमार सिंह ने रक्षाबंधन मनाने के उद्देश्य एवं पौराणिक कथाओं के बारे में विस्तार पूर्वक ढंग से बच्चों को अवगत कराया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक पीयूष कुमार, शिक्षिका दिव्या दात्री दिव्या, संजना कुमारी, मुस्कान भारती, स्वीटी राज, पूजा कुमारी सहित कई शिक्षक, शिक्षिका, छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।

### रेड रन 2025 का आयोजन

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** लक्ष्मी नारायण दुबे महाविद्यालय में गुरुवार को महाविद्यालय स्तरीय रेड रन 2025 का आयोजन किया गया। यह आयोजन छात्रों में एचआईवी और एड्स से संबंधित जागरूकता लाने के लिए किया गया। सर्वप्रथम प्रातः महाविद्यालय के खेल मैदान में छात्र छात्राओं के बीच दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। महाविद्यालय के नवनियुक्त प्राचार्य प्रो (डॉ) मृगेंद्र कुमार ने हरी झंड़ी दिखाकर प्रतिभागियों को रवाना किया। एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ रविरंजन सिंह ने रेड रन के महत्व और उद्देश्य पर प्रकाश डाला। बालक प्रतिभागियों में राजा बाबू, प्रिंस, विशाल ने क्रमशः प्रथम,द्वितीय तथा तृतीय पर रहे जबकि बालिका श्रेणी में पल्लवी कुमारी,अमृता कुमारी और प्रीति कुमारी में क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय मीडिया प्रभारी डॉ प्रभाकर कुमार ने बताया कि महाविद्यालय स्तरीय रेड रन से चयनित प्रतिभागियों को मुंशी सिंह महाविद्यालय द्वारा आयोजित होने वाले जिलास्तरीय रेड रन प्रतियोगिता में शामिल होने का मौका मिलेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में शैलेन्द्र, सुमन, लड्डू, विनय, अस्मित, अभिषेक,राजनंदिनी,पल्लवी सौरभ आदि में महत्वपूर्ण सहयोग किया।

### शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**बनकटवा (पूर्वी चंपारण) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जीतना पुलिस ने 27 लीटर कस्तूरी शराब के साथ एक साइकिल सवार तस्कर को गिरफ्तार किया है। उक्त कार्रवाई जीतना थानाध्यक्ष सुधीर कुमार के नेतृत्व में एसआई शिवजी पासवान ने गुरुवार की शाम जोलगावा गांव के समीप से पकड़ा। पकड़ा गया साइकिल सवार तस्कर हसन मियां पिता महमूदिन मियां छौंड़ादानों थाना क्षेत्र के जुआफर गांव का रहने वाला है। पुलिस उसके साइकिल में बंधे बोरा में छिपाकर रखी गई 27 लीटर कस्तूरी शराब बरामद किया है। जीतना थानाध्यक्ष ने बताया कि शराब कारोबारियों तथा शराबियों के विरोध में चलाए जा रहे नियमित वाहन जांच अभियान के दौरान पुलिस को यह सफलता मिली है। जिसे आवश्यक कागजी प्रक्रिया एवं पूछताछ के बाद आगे की कार्रवाई हेतु न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### जीविका दीदी अधिकार केंद्र का उद्घाटन

**जगदीशपुर/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शुक्रवार को जगदीशपुर प्रखंड कार्यालय मे 'शक्तिमान जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति' के सौजन्य से 'जीविका दीदी अधिकार केंद्र' का एसडीएम संजीत कुमार नें फीता काटकर उद्घाटन किया। इस केंद्र का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना तथा स्थानीय स्तर पर उन्हें सहायता उपलब्ध कराना है, एसडीएम नें जीविका दीदियों के साथ बातचीत कर सरकार द्वारा दी जा रही योजनाओं के बारे में भी अवगत करायाद्य सरकार के द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी इस अधिकार केंद्र के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है, जो भी जीविका समूह से महिलाएं जुड़ी हैं, उनके माध्यम से भी योजनाओं की जानकारी यहां से प्राप्त कर योजनाओं का लाभ ले सकते हैं ताकि वे आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त रूप से आगे बढ़ सकें। इसके साथ-साथ सरकारी योजनाओं से वंचित महिलाओं एवं उनके परिवार को भी योजनाओं का लाभ दिलवाएंगी। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी क्रांति कुमार, प्रखंड परियोजना प्रबंधक जीविका सतेन्द्र कुमार व परियोजना कर्मी एवं बड़ी संख्या में जीविका दीदियाँ उपस्थित रहीं।

### नहर में गिरने से बाइक सवार की मौत

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बीती रात शहर के कोइरिटोला अंबेडकर चौक के पास घोड़ासहन केनाल नहर में बाईक सहित दो लोग गिर गये। जिसमे बाईक चला रहे युवक की निर्माणाधीन हाई लेवल पुल के पिलर से टकरा जाने के कारण मौके पर ही मौत हो गई, और दूसरा साथ बैठा युवक गंभीर रूप घायल हो गया। मृत युवक का नाम दानिश जावेद है जो बेतिया शहर के काली बाग मुहल्ले का रहने वाला था, वही दूसरे युवक का नाम अमन है और वह भी बेतिया शहर के ही हॉस्पिटल रोड़ का रहने वाला है। यह दर्दनाक हादसा तब घटित हुआ जब दोनों युवक बाईक पर सवार हो कर बेतिया से रक्सौल आ रहे थे लेकिन रात होने के कारण वे देख नही सके कि पहले वाला पुल, निर्माणधीन होने के कारण अपनी जगह से टूट चूका है और वहां उसकी जगह कोई भी वैकल्पिक व्यवस्था प्रशासन द्वारा नही किया गया है। इस घटना के बारे में लोगों को तब पता चला जब दूसरा सवार घायल युवक अमन कराहते हुए लोगों को बचाने के लिए आवाज देने लगा। घटना की जानकारी होते ही तुरंत ही वहां स्थानीय पुलिस पहुंच गई, और उन्हें नहर से निकाल कर एक पास के निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने दानिश जावेद को मृत करार दे दिया वही दूसरे युवक अमन को आईसीयू में शिफ्ट कर उसका इलाज शुरू कर दिया।

### 'पर्यावरण रक्षा बंधन' मना

**अररिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रक्षा बंधन के पावन अवसर पर स्कॉटिश पब्लिक स्कूल, अररिया ने एक अनोखी और पर्यावरण-स्नेही पहल करते हुए रक्षाबंधन का पर्व हमारे सबसे मौन और निःस्वार्थ रक्षक – वृक्षों – को समर्पित किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने परिसर के वृक्षों को पर्यावरण अनुकूल राखियों से सजाकर, मानव और प्रकृति के अटूट बंधन का संदेश दिया। इस अवसर ने सभी को याद दिलाया कि पर्यावरण सुरक्षा केवल परंपरा नहीं, बल्कि हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रबंधन ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर जोर देते हुए सभी को यह संकल्प दिलाया कि जैसे वृक्ष हमें छाया, ऑक्सीजन और जीवन प्रदान करते हैं, वैसे ही हम भी उनके संरक्षण में सदैव तत्पर रहेंगे।

# विशेष निर्वाचन प्रेक्षक ने राजनीतिक दलों के साथ की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जगदीशपुर/भोजपुर।** डीएम तनय सुल्तानिया के निर्देशानुसार शुक्रवार को 197-जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी- सह-अनुमंडल पदाधिकारी व राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित विभिन्न दलों के प्रतिनिधियों को बताया गया कि जिन योग्य व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं हो सके हैं, उनके नाम शामिल करने के लिए प्रखण्ड व नगर पंचयात एवं अनुमंडल स्तरीय विशेष शिविर दो अगस्त से लगाया जा रहा है, जो एक सितंबर तक चलेगा। शिविर में दावा-आपत्ति के आवेदन लिए जा रहे हैं। संबंधित व्यक्ति बीएलओ के माध्यम अथवा ऑनलाइन फार्म-6 भरकर अपने नाम सम्मिलित करा सकते हैं। नाम जोड़ने के लिए आवश्यक दस्तावेजों में आयु, निवास, पहचान संबंधी प्रमाण-पत्र के साथ-साथ स्वघोषणा पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि अपने स्तर से जागरूकता अभियान चलाकर यह सुनिश्चित करें कि कोई भी योग्य नागरिक मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रह जाए।

# माउंट लिट्रा स्कूल में रक्षाबंधन कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल उलाव व किड्जी वात्सल्य विहार में भाई बहन के अटूट प्रेम और विश्वास का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व को धूमधाम से मनाया गया।रक्षाबंधन के उपलक्ष्य पर विद्यालय में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। बच्चों ने भाई बहन के प्रेम को समर्पित संगीत गणेश वंदना, फूलों का तारो का सबका कहना है। सुबह यह खूब झगड़े आदि मोहक संगीत की प्रस्तुति से सबों को मंत्र-मुग्ध किया। इसके अंतर्गत बच्चों ने राखी सजावट, थाल सजावट, और निबंध लेखन प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर भाग लिया। वहीं दूसरी ओर



बच्चों ने एक दूसरे की कलाइयों पर राखी भी बांधे। विद्यालय की प्राचार्या ड शीतल देवा ने कहा कि रक्षाबंधन का त्यौहार भावनाओं और संवेदनाओं का त्यौहार है। इस दिन बहनें भाइयों की कलाई पर राखी बांध उसकी लंबी उम्र की कामना करती है। वहीं भाई बहन को उपहार देकर उसकी सुरक्षा और सम्मान का वचन देते हैं। उन्होंने कहा कि यह त्यौहार न केवल भाई -बहन के बीच के संबंध को मजबूत करता है। बल्कि यह सामाजिक सद्भाव और एकता को भी बढ़ावा देती है। रक्षाबंधन हमें यह याद दिलाता है कि प्रेम समर्पण और एक दूसरे की देखभाल करना कितना महत्वपूर्ण है। यह हमें अपने सांस्तिक जड़ों से भी जोड़ता है। विद्यालय के निदेशक डक्टर मनीष देवा ने कहा कि रक्षाबंधन का अर्थ है सुरक्षा का बंधन और यह भारतीय परंपरा पौराणिक काल से चली आ रही है और यह हमारे पूर्वजों द्वारा बनाए गए प्रमुख त्योहार और उपवास की विधि विधान हमारी सभ्यता संस्ति की रक्षक हैं।

# विधानसभा चुनाव में प्रतिनियुक्ति होने वाले कर्मियों के प्रशिक्षण को लेकर किया गया विमर्श

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** आगामी बिहार विधानसभा चुनाव- 2025 को देखते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी - सह - जिलाधिकारी के द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय पदाधिकारियो के साथ बैठक कर मतगणना केंद्र, डिस्पैच सेंटर, एवं निर्वाचन कार्य में प्रतिनियुक्ति होने वाले कर्मियों के प्रशिक्षण की व्यवस्था के संबंध में विमर्श किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया इस बार विधानसभा निर्वाचन का मतगणना दो जगह पर कराई जाएगी। मतगणना का एक केंद्र एमएस कॉलेज मोतिहारी को बनाया जाएगा एवं दूसरा केंद्र छतौनी स्थित डाइट भवन को बनाया जाएगा। मतगणना केंद्र की तैयारी के क्रम में समुचित जगह देख लेने का निर्देश नगर आयुक्त, उप विकास आयुक्त, उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल मोतिहारी को दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि एमएस कॉलेज एवं डायट भवन का स्थलीय निरीक्षण कर यह देख ले की स्ट्रांग रूम कहां बनेगा, मतगणना कक्ष के लिए जरूरी सुविधाएं और मतगणना केंद्र पर वाहन पार्किंग की व्यवस्था समुचित रूप से देख लेने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जिला में मतदान केंद्रों की संख्या अब 4095 हो गई है, इसको लेकर निर्वाचन कार्य में कर्मियों की संख्या भी बढ़ेगी जिसको देखते हुए कर्मियों के प्रशिक्षण के लिए सीएस डीएवी स्कूल के अतिरिक्त राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज को भी प्रशिक्षण के लिए तैयार कराई जाए। बैठक में जिलाधिकारी के साथ नगर आयुक्त सौरभ सुमन यादव, एडीएम पीजी आर ओ शैलेंद्र भारती, अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिन्हा, उप विकास आयुक्त डॉ प्रदीप कुमार, सदर अनुमंडल पदाधिकारी श्वेता भारती सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं भवन निर्माण विभाग के अभियंता गण उपस्थित थे।

# यातायात नियमों को लेकर निकाली गई जनजागरूकता रैली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

## वाहन चालकों को दिलाई गई शपथ

**बेगूसराय।** जिला सड़क सुरक्षा परिषद द्वारा सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की जानकारी हेतु जिला परिवहन कार्यालय तथा यातायात पुलिस के साझा नेतृत्व में जन-जागरूकता रैली निकाली गयी। इस अवसर पर बच्चों ने यातायात नियमों की उल्लंघन करने वाले चालक तथा हेलमेट के बिना दो पहिया वाहन चलने वालों को नियम पालन हेतु शपथ दिलाई और उन चालकों को चॉकलेट भेंट स्वरूप प्रदान किया। जन जागरूकता रैली ट्रैफिक थाना से शुरूहोकर आंबेडकर चौक, टाऊन थाना, नगर पालिका चौक, काली स्थान, नवाब चौक, कैंटीन चौक होते हुए गांधी स्टेडियम में समाप्त हुआ। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि लोगों को यातायात के प्रति जागरूक करने के लिए रैली निकाली गई है तथा आगे भी ऐसे जन-जागरूकता कार्यक्रम चलाया जायेगा। उन्होंने बताया कि अगले सप्ताह से परिवहन विभाग तथा यातायात पुलिस द्वारा सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जायेगा। यातायात के नियमों के उल्लंघन करने वाले चालकों पर कार्रवाई करते हुए चालक अनुज्ञप्ति रद्द करने की प्रक्रिया भी की जायेगी। उन्होंने आम नागरिकों से यातायात के नियम पालन करने तथा दो पहिया वाहन चलते समय दोनों यात्रियों के हेलमेट पहनने, वाहनों के सभी वैद्य दस्तावेज के साथ चालक अनुज्ञप्ति रखने की अपील की है।

रैली में जिला परिवहन पदाधिकारी मनोज कुमार, यातायात उपाधीक्षक बेगूसराय, मोटरयान निरीक्षक, थानाध्यक्ष यातायात, प्रवर्तन अवर निरीक्षक बेगूसराय, अवर निरीक्षक बेगूसराय, प्रधान लिपिक, प्रोग्रामर, पुलिस बल, होमगार्ड सहित दून पब्लिक स्कूल, रिवर वैली तथा कृष्णमूर्ति स्कूल के बच्चे उपस्थित थे।

# 12 एवं 13 अगस्त को जूनियर बालक-बालिका खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)।** बिहार राज्य जूनियर रस्साकशी खेल राज्य जूनियर बालिका अंडर 19 सब जूनियर बालक बालिका अंडर 17 प्रतियोगिता का आयोजन 12 एवं 13 अगस्त 2025 को मजुरहा वार्ड नंबर 32 में पूर्वी चंपारण रस्साकाशी संघ द्वारा आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता में पटना नवादा सासाराम भोजपुरी छपरा जहानाबाद वैशाली मुजफ्फरपुर गोपालगंज पश्चिम चंपारण सीतामढ़ी शिवहर भागलपुर दरभंगा पूर्वी चंपारण सहित बिहार के करीब 20 जिले की बालक बालिका टीम आने की स्वीकृति प्रदान दे चुकी है। प्रतियोगिता में करीब 300 से ज्यादा बालक बालिका के हिस्सा लेने की उम्मीद है। प्रतियोगिता लीग मैच के आधार पर खेली जाएगी । खेल का उद्घाटन संघ के निदेशक पवन जायसवाल विधायक ढाका करेंगे। इस अवसर पर केबीसी विजेता सुशील कुमार, समाजसेवी विनय सिंह, मुखिया डॉली सिंह, वार्ड पार्षद लोकेश पांडे, रमेश कुमार भोला, डॉक्टर राजीव प्रकाश, बॉल बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष रूपेश कुमार अकेला, राकेश सिंह, संवेदक डॉ सौरभ, डॉक्टर अमित सहित कई समाजसेवी मौजूद रहेंगे। प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति का गठन किया गया है। आयोजन समिति के संयोजक अरुण सिंह को आयोजन सचिव संतोष सिंह संयुक्त सचिव हरिओम कुमार सिंह आयोजन समिति के अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार सिंह आयोजन समिति के संरक्षक दिलीप गुप्ता, सुरेश गुप्ता, पंकज साहनी, देवदत्त साहनी, रवि कुमार, मनोज यादव, अवसान प्रभारी शिवम कुमार, भोजन प्रभारी नवीन सिंह, चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर समसुल खेल मैदान की प्रभारी मिट्ठू सिंह, मंच प्रभारी एस के पंकज, अधिवक्ता नीरज कुमार होंगे कार्यक्रम में पूर्वी चंपारण जिले के कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं राष्ट्रीय मेडलिस्ट खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया जाएगा । ट्रॉफी का अनावरण 11 अगस्त 2025 को खेल भवन में की जाएगी। उक्त जानकारी जिला सचिव कश्यप द्वारा दी गई।

# डीडीसी ने की जीविका की समीक्षा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** उप-विकास आयुक्त गुंजन सिंह की अध्यक्षता में जीविका की समीक्षा बैठक शुक्रवार को किया गया। बैठक में जीविका के जिला स्तरीय कर्मी शामिल हुए। जिला परियोजना प्रबंधक द्वारा जीविका संपोषित समुदाय आधारित संस्थाओं के संरचना एवं कार्यशैली के विषय में अवगत कराया गया। इस दौरान उप आयुक्त द्वारा निम्नवत निर्देश दिए गए। जीविका के मॉडल सीएलएफ के इंडिकेटर को एक सप्ताह के अन्दर उपलब्ध करवाने हेतु निर्देशित किया गया। जीविका में पशुधन के अंतर्गत मुर्गी पालन, पशु शेड एवं मछली पालन हेतु दीदियों का चयन कर सूची उपलब्ध करवाने का निर्देश दिया गया। दीदी की रसोई एवं आन्तरिक उपयोग से बचे हुए अण्डों का ब्रांडिंग एवं पैकेजिंग कर बाजार में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। सिलाई इकाई को बेहतर ढंग से संचालित करने तथा इसके तहत किसी एक उत्पाद का चयन कर बाजार में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। एक प्रखंड - एक उत्पाद चिन्हित करते हुए इसका प्रचार प्रसार कर बाजार में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। घरेलु स्वरोजगार से सम्बंधित प्रशिक्षण यथा सिलाई- कढाई, सॉफ्ट टॉय निर्माण इत्यादि के लिए दीदियों का चयन कर सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। पीएमएफएमई अंतर्गत अधिक से अधिक महिलाओं को ऋण दिलवाने का निर्देश दिया गया। जिला अंतर्गत पंचायत स्तर पर वैसे भवन जो वर्तमान में उपयोग में नहीं हैं उन्हें चिन्हित कर प्रखंडवार सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। वर्तमान में जिला अंतर्गत कुल 16 पौधशाला कार्यरत हैं। जिनसे पौधों के उठाव का कार्य हो रहा है। पौधों की गुणवता एवं पौधशालाओं की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला परियोजना प्रबंधक वरुण कुमार, प्रबंधक-सामाजिक विकास प्रीती रानी, प्रबंधक -संचार मनीष कुमार, प्रबंधक-गैर कृषि सिद्धार्थ कुमार, प्रशिक्षण अधिकारी रंधीर कुमार, यंग-प्रोफ़ेशनल अमित कुमार, कोइलवर सिलाई केंद्र की मुख्य प्रबंधक नुपुर कमल शामिल थे।

# प्रशिक्षु सिपाहियों को डीआईजी ने दी ट्रेनिंग

## दीदी की रसोई एवं स्टोर का भी किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** पुलिस उप महानिरीक्षक आशीष भारती ने बेगूसराय पुलिस केंद्र एवं खगड़िया पुलिस प्रशिक्षण केंद्र शुक्रवार को पहुंचे। जिसमे प्रशिक्षण प्राप्त कर कर रहे प्रशिक्षु सिपाहियों से मिलकर प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी ली। सभी को पूरी तन्मयता से प्रशिक्षण प्राप्त करने की अपील की। पुलिस उप महानिरीक्षक ने पुलिस अधीक्षक को प्रशिक्षण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस क्रम में उन्होंने दीदी की रसोई एवं स्टोर का भी निरीक्षण किया । उसके बाद पुलिस सभा का आयोजन किया गया। इधर पुलिस केंद्र में 4 अगस्त से 8 अगस्त तक सुरक्षा प्रभाग विशेष शाखा बिहार, पटना



के प्रशिक्षित पदाधिकारी एवं कर्मी के द्वारा बेगूसराय एवं खगड़िया जिला के जिला स्तर पर गठित प्रशिक्षु सिपाहियों की टीमों को सुरक्षा उपकरणों का रखरखाव, विधिवत संचालन एवं एंटी सबोटेज जांच से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। शुक्रवार को कार्यालय में पुलिस उपमहानिरीक्षक श्री भारती द्वारा प्रशिक्षण समाप्ति उपरांत सभी प्रशिक्षु को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में नाव उपलब्ध कराने की मांग

**आरा/बड़हरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** समाजसेवी सोनाली सिंह ने बाढ़ प्रभावित बड़हरा के इलाकों का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। शुक्रवार को उन्होंने प्रखंड के नेकेनाम टोला, बखोरापुर, केशोपुर समेत कई गांवों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात कर उनकी परेशानियों को नजदीक से जाना। इस दौरान ग्रामीणों ने सोनाली सिंह को बताया कि सबसे बड़ी समस्या आवागमन की है। गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर से घरों में पानी घुस गया है। कई जगहों पर आवागमन पूरी तरह बाधित है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा 8 नाव उपलब्ध कराने की बात कही गई थी लेकिन मौके पर नावों की भारी कमी है।

## संक्षिप्त समाचार

### अनिल सिंह ने विशंभरा ब्रह्म स्थान पर की पूजा-अर्चना

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जन सुराज के भावी प्रत्याशी अनिल सिंह ने विशंभरा गाँव (रुलही पंचायत) में स्थित ब्रह्म स्थान पर पूजा में भाग लिया। इस दौरान हजारों की संख्या में ग्रामीणों ने उनकी उपस्थिति में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। शाम के समय आयोजित इस कार्यक्रम में अनिल सिंह ने धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख-शांति व समृद्धि की कामना की। पूजा के बाद, ग्रामीणों ने गर्मजोशी और सम्मान के साथ फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया। ग्रामीणों में अनिल सिंह के प्रति भारी उत्साह देखने को मिला। अनिल सिंह ने ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जन सुराज का उद्देश्य केवल राजनीतिक सुधार लाना नहीं, बल्कि समाज में सद्भाव और आस्था को भी बनाए रखना है। उन्होंने गाँव के लोगों से संवाद किया और उनकी समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुना। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं, पुरुषों और युवाओं की भीड़ मौजूद रही, जिससे यह आयोजन बेहद सफल रहा और जन सुराज के जनाधार को और भी मजबूती मिली।

### जुलाई में 4992 वाहन चालकों पर 75.5 लाख जुर्माना

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** यातायात पुलिस जुलाई माह में 4992 वाहन चालकों से 75 लाख पांच हजार रुपये जुमार्ना की वसूली की है। पुलिस के मीडिया सेल प्रभारी अभिराम सिंह ने बताया कि विगत जुलाई माह में 75 लाख पांच हजार रुपये जुमार्ना वसूला गया है। बिना हेलमेट वाले 3278 वाहन चालकों से 32 लाख 78 हजार, ट्रिपल लोडिंग 400 बाइक चालकों से चार लाख 60 हजार, बाइक चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग करने वाले छह चालकों से 30 हजार, तेज गति से वाहन चलाने वाले 407 चालकों से आठ लाख 14 हजार, बिना ड्राइविंग लाइसेंस वाले 128 वाहन चालकों से छह लाख 40 हजार, बिना सीट बेल्ट वाले 31 लोगों से 31 हजार, बिना नंबर प्लेट वाले 40 वाहन चालकों से 20 हजार रुपये, नो पार्किंग में वाहन लगाने वाले 76 वाहन मालिक से 38 हजार, ध्वनि व वायु प्रदूषण पर नियंत्रण नहीं करने वाले 319 वाहन चालकों से तीन लाख 19 हजार, बिना इंश्योरेंस वाले 162 वाहन चालकों से तीन लाख 24 हजार व अन्य यातायात नियम का उल्लंघन करने वाले 1275 वाहन मालिकों से 15 लाख 51 हजार रुपये जुमार्ना वसूल किया गया है।

### एक माह में 784 अभियुक्त गिरफ्तार, गए जेल

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बेतिया पुलिस ने विगत जुलाई माह की कार्रवाई का रिपोर्ट कार्ड जारी किया है। जुलाई माह की उपलब्धियों को पुलिस सार्वजनिक की है। पुलिस के मीडिया सेल के प्रभारी अभिराम सिंह ने बताया कि विगत जुलाई माह में 784 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। 12 अभियुक्तों में हत्याकांड में, लूट के मामले में एक, आर्म्स एक्ट में छह, एससी-एसटी कांड में 10, लोकसेवक पर हमला के मामले में दो, अपहरण के कांड में शून्य, एनडीपीएस एक्ट में छह, पोक्सो एक्ट में आठ, हत्या के प्रयास के मामले में 62, चोरी के कांड में 26, उत्पाद अधिनियम में 234 व अन्य कांडों में 57 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। 360 वारंटी को भी गिरफ्तार किया गया है। विगत एक माह में पुलिस तीन हथियार व 11 कारतूस जब्त की है। जबकि 69.45 किलोग्राम गांजा, 04.05 किलोग्राम चरस, 2351.8 लीटर देसी शराब, 1771.45 लीटर विदेशी शराब जब्त किया गया है। विभिन्न थाने की पुलिस ने 53 दोपहिया वाहन, आठ चारपहिया वाहन, दो ट्रैक्टर, तीन ई रिक्शा, चार मोबाइल फोन, दो लाख 68 हजार तीन सौ नकद रुपये जब्त की है। 20 मवेशियों को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया गया है।

### संदिग्ध परिस्थिति में युवती की मौत

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलदारी वार्ड 35 में संदिग्ध परिस्थिति में एक युवती की मौत हो गई है। घटना शुक्रवार की सुबह की है। मृतका बेलदारी वार्ड 35 निवासी मो. नेयाज की पुत्री सबरीना खातून (18) है। सूचना पर पहुंची मुफस्सिल थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जीएमसीएच में पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। इधर जीएमसीएच में उपस्थित मृतका के चाचा अकीउल्लाह ने बताया कि शुक्रवार की सुबह करीब 09:30 बजे अचानक सबरीना को पेट दर्द हुआ था, उसके बाद उसकी मृत्यु हो गई। वहीं मुफस्सिल थानाध्यक्ष अविनाश कुमार ने बताया कि घटना मृतका के गले पर काला निशान था। फांसी लगाने से मृत्यु होना प्रतीत हो रहा है। फिलहाल शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

### दो साल के बच्चे के नाक में घूसा हसुआ

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** योगापट्टी के चोरही गांव में घर के दरवाजे पर खेल रहे नरेश यादव के पुत्र अभिनव कुमार (2) के नाक में हसुआ घूस गया। घटना शुक्रवार की सुबह 10 बजे की है। अस्पताल अधीक्षक डॉ. सुधा भारती ने बताया कि योगापट्टी के चोरही निवासी नरेश यादव के पुत्र अभिनव कुमार के नाक में हसुआ घूस गया था। जीएमसीएच में उसके पहुंचने पर डॉ. शशांक गौरव ने ऑपरेशन कर बच्चे के नाक से हसुआ को निकाल दिया है। बच्चे की मां पुनिता देवी ने बताया कि घर के लोग खेत में काम करने गए थे। वह बच्चे को लेकर घर पर थी। बच्चा दरवाजे पर खेल रहा था तो वह घर में काम करने के लिए चली गयी। अचानक अभिनव के रोने की आवाज सुनायी दी। वह घर से बाहर निकली तो देखा कि अभिनव के नाक में हसुआ घूस गया है। उसे लेकर परिजन योगापट्टी पीएचसी पहुंचे। चिकित्सकों ने उसे तुरंत जीएमसीएच रेफर कर दिया।

### सड़क निर्माण में अनियमितता को लेकर विरोध प्रदर्शन

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के बिनवलिया पंचायत अंतर्गत भंटाहवा पिपरा गांव में पीसीसी सड़क निर्माण कार्य में अनियमितता को लेकर शुक्रवार को ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि संवेदक द्वारा निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत विभाग के अधिकारियो से भी की है।

### महिला को मारपीट कर किया घायल

**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर पंचायत के वार्ड संख्या आठ पडरौन गांव में एक विवाहित महिला को मार पीट कर घायल कर देने का मामला प्रकाश में आया है। इस सम्बन्ध में पीड़ित महिला ने लौरिया थाना में एक आवेदन देकर न्याय की गूहार लगायी है। महिला ने अपने आवेदन में बताया है कि मै बबिता देवी पति बिनोद साह ग्राम पडरौन की निवासी हूं। मै अक्सर लुधियाना रहती हूं। मेरे पति भी वही पेंटर का काम करते है। एक सप्ताह पहले जब मैं अपने बच्चों के साथ अपने घर पडरौन सोमवार को आयी तो गुरुवार को रात दस बजे मेरे पडोसी ब्रजेश साह ,गल्टु साह, गुड्ड साह तथा इनकी पत्नीयां एक जूट होकर मेरे साथ मार पीट किए। वे सभी चाहते हैं कि मै यहां पडरौन गांव में नहीं रहुं ताकि मेरे घर और जमीन का उपयोग वे लोग अपने कर सके। महिला ने बताया कि वह छव माह पहले भी जब मैं पडरौन गांव आयी थी तो मेरे देवर ने मारकर मेरा हाथ तोड दिया था। देवर व देवरानी भी मुझे मेरे पडोसीयों से पिटवाकर यहां से भगा देना चाहते हैं। मैं इन सभी लोगों से तंग वो तबाह हो गई हूं। वहीं इस संबंध में लौरिया थानाध्यक्ष रमेश कुमार शर्मा ने बताया कि आवेदन मिला है मामले की जांच की जा रही हैं

# पुलिस मुठभेड़ में दो कुख्यात अपराधी घायल, तीन अन्य गिरफ्तार, दो फरार, हथियार व गोली बरामद





नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**छपरा (सारण)।** एकमा थाना क्षेत्र के तिलकर गांव में शुक्रवार को हुई पुलिस मुठभेड़ में दो कुख्यात अपराधी गोली लगने से घायल हो गए। दोनों को घुटने के नीचे पैर में गोली लगी है। पुलिस ने मौके से तीन अन्य अपराधियों को गिरफ्तार किया, जबकि दो अपराधी मौके से फरार हो गए। घटनास्थल से हथियार व गोलियां बरामद की गई हैं। पुलिस अधीक्षक डॉ. कुमार आशीष ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कुख्यात मुन्ना मियां अपने गैंग के साथ तिलकर गांव में छिपा है और कुछ अपराध की बड़ी वारदात की योजना बना रहे हैं। सूचना की पुष्टि के बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, एकमा राजकुमार व पुलिस निरीक्षक सह एकमा थानाध्यक्ष उदय कुमार के नेतृत्व में छापेमारी की गई। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष भी मौके पर पहुंचे। बताया गया है कि तिलकर गांव में जैसे ही पुलिस ने घेराबंदी की, अपराधियों ने फायरिंग शुरू कर दी।



पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एकमा गांव निवासी मुन्ना मियां व भरहोपुर गांव निवासी रंजीत सिंह गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस चके अनुसार मुन्ना मियां को दाहिने पैर में और रंजीत कुमार सिंह को बाएं पैर में घुटने के नीचे गोली लगी है। दोनों को तत्काल एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया। एसएसपी ने बताया कि मुन्ना मियां के विरूद्ध लगभग डेढ़ दर्जन आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें लूट, गोलीकांड और अन्य गंभीर अपराध शामिल हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एकमा के परिसर में पत्रकारों को बताया कि रंजीत कुमार सिंह के विरुद्ध भी तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। एसएसपी ने बताया है कि पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान तीन अन्य अपराधियों को भी गिरफ्तार किया है। जबकि दो फरार हो गए। पुलिस द्वारा मुठभेड़ में घायल दोनों अपराधियों की उपचार कराई जा रही है। इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है और लोगों में तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं।

## जिला पदाधिकारी ने जनता दरबार में सुनीं 54 से अधिक फरियादें

### जमीन विवाद, अतिक्रमण, कल्याण और बैंकिंग समेत कई मामलों की वरीय अधिकारियों को जांच सौंपी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सिवान।** समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को आयोजित "जिला पदाधिकारी जनता के दरबार में" कार्यक्रम में डीएम डॉ. आदित्य प्रकाश ने जिले के वरीय पदाधिकारियों के साथ उपस्थित होकर लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान 54 से अधिक परिवाद पत्र आए, जिन्हें डीएम ने गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित जांच और कार्रवाई का निर्देश दिया।



**जमीन विवाद सबसे ज्यादा**

जनता दरबार में आए आवेदनों में सबसे ज्यादा मामले जमीन विवाद, आपसी बंटवारा, अतिक्रमण और भूमि संबंधी समस्याओं के रहे। इन मामलों पर डीएम ने सभी अंचलाधिकारी, थानाध्यक्ष, अनुमंडल पदाधिकारी और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिया कि हर शनिवार थाना एवं अनुमंडल स्तर पर होने वाले जनता दरबार में दोनों पक्षों को बुलाकर प्राथमिकता से विवादों का निपटारा करें।

**7 दिन में जांच पूरी करने का आदेश**

डीएम ने वरीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जांच कार्य अधिकतम 7 दिनों में पूरा करें। यदि जांच में किसी कर्मचारी या पदाधिकारी की लापरवाही या दोष सामने आता है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई हेतु प्रतिवेदन भेजें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और किसान वर्ग के आवेदकों को सरकारी प्रक्रिया की पूरी मदद दी जाए, ताकि वे न्याय से वंचित न रहें।

**भूमि सुधार उप समाहर्ता को सख्त निर्देश**

जमीन से जुड़े मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए डीएम ने सभी भूमि सुधार उप समाहर्ताओं को आवेदनों की गहन जांच करने और नियमानुसार उचित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लंबित मामलों का निस्तारण जल्द से जल्द हो, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

**16 अगस्त से राजस्व महा-अभियान**

डीएम ने मौके पर उपस्थित लोगों को बताया कि बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा 16 अगस्त से राजस्व महा-अभियान शुरू किया जा रहा है। इसके तहत जमीन और राजस्व से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए विशेष पहल की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि इस अभियान का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

**अन्य विभागों के मामले भी आए**

जनता दरबार में कल्याण, बैंकिंग, शस्त्र, स्वास्थ्य, नगर पंचायत, पंचायती राज, विद्युत विभाग और वरीय पदाधिकारी कार्यालय से जुड़े भी कई आवेदन आए। इन पर भी वरीय पदाधिकारियों को जांच और निस्तारण की जिम्मेदारी सौंपी गई। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी कन्हैया कुमार ने बताया कि डीएम का स्पष्ट निर्देश है कि जनता दरबार में आए किसी भी मामले को लंबित न रखा जाए और समयबद्ध तरीके से निपटाया जाए, ताकि आम लोगों को शीघ्र न्याय मिल सके।

## मुख्यमंत्री 10 अगस्त को पेंशनधारियों से जुड़ेंगे, डीबीटी से जुलाई माह की राशि होगी अंतरित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सिवान।** सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों के लिए 10 अगस्त का दिन खास रहने वाला है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस दिन डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से जुलाई माह की पेंशन राशि सीधे लाभुकों के बैंक खातों में भेजेंगे। इसके साथ ही वे पेंशनधारियों से सीधे संवाद भी करेंगे। इस अवसर पर जिले से लेकर पंचायत स्तर तक चिन्हित स्थानों पर कार्यक्रम का आयोजन होगा, जिसमें लाभुकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी कन्हैया कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम की तैयारी को लेकर जिला पदाधिकारी सिवान की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (आईसीडीएस), सहायक निदेशक (सामाजिक सुरक्षा कोषांग) और बाल विकास परियोजना पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में लाभुकों की उपस्थिति, तकनीकी व्यवस्था, स्थान चयन और कार्यक्रम

**जिलास्तर से पंचायत तक होगा कार्यक्रम, तैयारी को लेकर सिवान में समीक्षा बैठक**



के सफल संचालन पर विशेष चर्चा हुई। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि चिन्हित स्थानों पर आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही लाभुकों को कार्यक्रम की जानकारी समय रहते दी जाए, ताकि अधिकतम संख्या में लोग जुड़ सकें। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पेंशनधारियों तक समय पर आर्थिक सहायता पहुंचाना और उनके साथ सीधा संवाद स्थापित करना है। जिला प्रशासन ने बताया कि लाभुक अपने-अपने पंचायत या प्रखंड स्तर पर निर्धारित स्थल पर पहुंचकर मुख्यमंत्री का संबोधन सुन सकेंगे।

## जिलाधिकारी के जनता दरबार में 70 मामलों की सुनवाई

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिलाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आज जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रखंडों से आए लोगों की कुल 70 शिकायतों एवं समस्याओं की सुनवाई की गई। जनता दरबार में पहुंचे फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही कई मामलों में संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को फोन कर समस्याओं का समाधान करने के लिए शीघ्र समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। कई मामलों का समाधान मौके पर ही कर दिया गया, जिससे उपस्थित लोगों ने संतोष व्यक्त किया।जिलाधिकारी के जनता दरबार में जिन मामलों का समाधान आज नहीं हो सका, उसे संबंधित विभाग/अधिकारियों को भेजते हुए त्वरित गति से नियमानुकूल समाधान कराने हेतु निर्देशित किया गया। जनता दरबार में कई तरह के मामले आए। जिसमें राजस्व, शिक्षा, आपूर्ति, आवास, स्वास्थ्य से जुड़ी समस्या आदि शामिल हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं का शीघ्र और प्रभावी समाधान करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों का निपटारा समयबद्ध तरीके से किया जाए और किसी भी मामले में अनावश्यक विलंब न हो।इस दौरान विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### नगर आयुक्त ने किया विकास योजनाओं का निरीक्षण

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर आयुक्त लक्ष्मण तिवारी शुक्रवार को नगर निगम क्षेत्र में चल रहे विकासात्मक योजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गुणवत्ता पूर्वक काम करने का निर्देश दिया। वे शुक्रवार की दोपहर तीन लालटेन चौक के समीप पहुंचे और नाले के बहाव को देखा। साथ में मौजूद पदाधिकारियों को नाले के नियमित सफाई करते रहने का निर्देश दिया ताकि पानी का बहाव अवरूद्ध और नहीं हो। फिर वे तीन लालटेन चौक पर चल रहे सौंदर्यीकरण का काम को देखा। इसके बाद वे गौशाला में पहुंचे वहां महात्मा गांधी की प्रतिमा का सौंदर्यीकरण व गौशाला में शेड निर्माण कार्य का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने गुणवत्तापूर्ण काम के साथ इसे समय से पूरा करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ उपनगर आयुक्त मो शाहीद, सिटी मैनेजर अभिषेक कुमार, जेई सुजय सुमन, अशफाक अहमद आदि मौजूद रहे।

### संयुक्त कृषि निदेशक ने किया नरकटियागंज का निरीक्षण

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** किसानों को कृषि से संबंधित योजनाओ का लाभ व जानकारी ससमय दे। ताकि किसान प्रगतिशील हो सके। सभी कृषि कर्मी किसानों के साथ सामंजस्य स्थापित कर कृषि योजनाओं का बेहतर तरीके से क्रियान्वयन करना सुनिश्चित करे। उक्त बातें मुजफ्फरपुर प्रमंडल के संयुक्त कृषि निदेशक सुधीर कुमार ने कही। वे शुक्रवार को प्रखंड ई किसान भवन का निरीक्षण करने पहुचे हुए थे। इस दौरान निदेशक ने कृषि कर्मियो के साथ कृषि संबंधित योजनाओ व बीज वितरण, खाद की उपलब्धता व वितरण की समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश भी दिए।इस दौरान निदेशक ने बाजरा प्रत्यक्षण एवं रागी( मंडुआ) प्रत्यक्षण के लिए चयनित किसानों व बीज उपलब्धता तथा वितरण के बारे में भी आवश्यक जानकारी नोडल सह कृषि समन्वयक श्रीकांत ठाकुर से ली। उन्होंने कृषि कर्मियो को निर्देश देते हुए कहा कि किसानों को प्राथमिकता के आधार पर कृषि संबंधित योजनाओ की जानकारी दे ताकि अधिक से अधिक किसान लाभान्वित हो। वही नोडल सह कृषि समन्वयक श्रीकांत ठाकुर ने बताया कि बाजरा प्रत्यक्षण को लेकर 60 किलोग्राम बीज उपलब्ध हुआ है।

## पूर्व विधायक ज्ञानचंद मांझी ने किया बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा, राहत कार्यक्रम चलाने की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डोरीगंज (सारण)।** पूर्व विधायक ज्ञानचंद मांझी ने सदर प्रखंड के बाढ़ग्रस्त गांव रायपुर बिनगांवा, बलवंत टोला, कोटवा पट्टी रामपुर पंचायत के दयालचक, चकिया, कुतुबपुर, सबलपुर सहित कई इलाकों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि दियारा क्षेत्र में चारों ओर प्रलय जैसी स्थिति बनी हुई है। चिरांद पंचायत के दिघी दलित महाबस्ती और पूरे बाजार रोड के दक्षिणी हिस्से में पानी घुस गया है, जिससे घर-घर में बाढ़ का पानी भर गया है। इसी तरह, भैरोपुर निजामत पंचायत, डुमरी अड्डा, मुस्सेपुर पंचायत और गरखा प्रखंड के मौजपुर



पंचायत के कई हिस्से जलमग्न हो गए हैं। लोग त्राहिमाम कर रहे हैं और क्षेत्र में भय का माहौल है। पूर्व विधायक ने जिला पदाधिकारी से दूरभाष पर बात कर बाढ़ प्रभावित इलाकों को तत्काल बाढ़ग्रस्त क्षेत्र घोषित करने और राहत कार्य शुरू करने की मांग की। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र नाव, खाद्य सामग्री और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की अपील की। इस दौरान रायपुर बिनगांवा पंचायत के पूर्व मुखिया सुरेंद्र प्रसाद राय, संतोष राय और अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

### आवास योजना में नाम स्वीकृति के नाम पर ग्रामीण हुए ठगी के शिकार

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** साइबर अपराधी अब आवास योजना का लाभ दिलाने के नाम पर भोलेभाले ग्रामीणों को अपना शिकार बना रहे है। मामला प्रखंड के भेड़िहरवा पंचायत का है जहां साइबर अपराधियो ने पीएम ग्रामीण आवास योजना का लाभ देने के नाम पर भोलेभाले ग्रामीणों को निशाना बनाया है। लाभको को फोन कर आवास योजना में नाम स्वीकृत होने की बात कहकर दो- दो हजार ठगी कर रहे है। इसका खुलासा तो तब हुआ जब ग्रामीण ऑनलाइन ठगी का शिकार होने के बाद इसकी सूचना पंचायत के मुखिया को दी। वही पीड़ित लाभुकों ने प्रखंड कार्यालय में आवेदन भी सौपा है। जिन ग्रामीणों को साइबर अपराधियों ने फोन किया है उसमें भेड़ीहरवा पंचायत के वार्ड संख्या 14 के रघुनाथ पड़ित,अजय महतो, हिंगलहर वार्ड चार के सुरेश महतो एवं वार्ड पांच के मुकेश कुमार गुप्ता शामिल हैं। हालांकि इसमें रघुनाथ पड़ित व सुरेश महतो ही शिकार हुए है। पीड़ित ग्रामीणों ने बताया कि उनके मोबाइल पर एक नंबर से कॉल आया।

## भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का प्रतीक है रक्षाबंधनः सुधांशु रंजन

### मां सरस्वती विद्या मंदिर में छात्र-छात्राओं ने पौधों को राखी बांधी, पौधों की सुरक्षा का लिया संकल्प

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मांझी (सारण)।** मांझी नगर पंचायत के रघुनाथ गिरी के मठिया स्थित मां सरस्वती विद्या मंदिर में रक्षाबंधन उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में राखी प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें कक्षा एक से आठ तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली तीन छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत छात्राओं ने दीप प्रज्वलन व फलदार पौधे को राखी बांधकर पौधों की सुरक्षा का संकल्प लेने से की। प्रधानाचार्य परमहंस कुमार यादव ने बच्चों को रक्षाबंधन का महत्व समझाया। इसके बाद छात्राओं ने छात्रों की कलाई पर राखी बांधकर मुँह मीठा कराया। विद्यालय के प्रबंधक उमेश गिरी ने कहा कि रक्षाबंधन धर्म और जाति से ऊपर उठकर भाई-बहन के रिश्ते को मजबूत करने वाला त्यौहार है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद राजद नेता सुधांशु रंजन ने छात्राओं से राखी बंधवाई और कहा कि यह पर्व भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का प्रतीक है, जिसमें भाई अपनी बहन की सुरक्षा और सम्मान की रक्षा का संकल्प लेता है। उन्होंने कहा कि वे भी बहनों के मान-सम्मान की रक्षा करने का वचन देते हैं। इस अवसर पर अमरनाथ तिवारी, त्रिलोकी महतो, विशेश्वर राम, रविंद्र कुमार, श्रीराम पंडित, पिन्टू कुमार, गीतांजलि, एकता, पिंकी, मनीषा, निकहत सहित बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।




## 106 जिरादेई विधानसभा में मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण पर हुई अहम बैठक

### राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को दी गई जरूरी जानकारी, भ्रांतियां दूर करने पर जोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सिवान।** समाहरणालय सिवान के सूचना जनसंपर्क शाखा की ओर से शुक्रवार को भूमि सुधार उप समाहर्ता, सिवान सदर की अध्यक्षता में 106 ज़िरादेई विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम से संबंधित सभी बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई और प्रतिनिधियों के सवालों का समाधान किया गया। अधिकारियों ने बताया कि मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण अभियान को लेकर आम लोगों के बीच फैली भ्रांतियों को दूर किया जाएगा। साथ ही व्यापक प्रचार-प्रसार के जरिए मतदाताओं को आवश्यक दस्तावेज जमा करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इसके लिए राजनीतिक दलों से भी सहयोग की अपील की गई, ताकि अधिक से अधिक पात्र नागरिक सूची में अपना नाम दर्ज करा सकें। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि प्रारूप प्रकाशन के बाद एक सप्ताह के भीतर प्राप्त दावे और आपत्तियों का निराकरण किया जाएगा। इसके लिए प्रपत्र संख्या 9, 10, 11, 11अ और 11इ राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को हस्तगत कराए गए, ताकि वे मतदाताओं की सहायता कर सकें। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी कन्हैया कुमार ने कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाने के लिए हर पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में शामिल होना जरूरी है। इसके लिए प्रशासन पूरी गंभीरता से अभियान चला रहा है और सभी वर्गों से सक्रिय सहयोग अपेक्षित है।



**Affidavit**

I, Ekta Srivastava wife of Durgesh Kumar, resident of Flat no. 204, Narayan Enclave, Friends Colony, Ashiana Nagar, Patna-800025, Bihar do solemnly affirm and declare that Akanksha Sinha is my daughter. In her school record and birth cirtificate, my name is wrongly mentioned as Ekta Sinha whereas my correct name is Ekta Srivastava. Kindly rectify my name in my daughter's record as Ekta Srivastava. Hence this affidavit. Affidavit no 419 dated 08.08.2025

# मतदाता जागरुकता और सूची सुधार को लेकर प्रशासन गंभीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 2025 के प्रारूप प्रकाशन के उपरांत 219 गोह विधानसभा क्षेत्र हेतु दाउदनगर अनुमंडल कार्यालय सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी अमित राजन ने की, जिसमें मान्यता प्राप्त सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि प्रारूप प्रकाशन के उपरांत क्षेत्र के बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर फॉर्म संकलन का कार्य किया गया है। हालांकि कई मामलों में दस्तावेजों की कमी देखी गई है, ऐसे मामलों में संबंधित बीएलओ अब पुनः जाकर दस्तावेज संकलित कर रहे हैं। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से इस अभियान में सक्रिय सहभागिता की अपील की, जिस पर सभी दलों ने सहमति जताते हुए प्रशासन को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत प्रखंड कार्यालयों एवं नगर परिषद कार्यालय में विशेष शिविर लगाए गए हैं, जिनमें नागरिक फॉर्म 6 (नया नाम जोड़ने हेतु), फॉर्म 7 (नाम विलोप हेतु) और फॉर्म 8 (संशोधन हेतु) भर सकते हैं। इन शिविरों में गणना प्रपत्रों से संबंधित सूचनाएं भी प्रदान की जा रही हैं।



**प्रपत्रों के साथ जरूरी संलग्नक**

निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी श्री अमित राजन ने स्पष्ट किया कि फॉर्म 6 के साथ अनिवार्य रूप से 'अनुबंधक डी' संलग्न करना होगा। साथ ही जाति, आय एवं निवास प्रमाण-पत्रों की शीघ्र निर्गति के लिए संबंधित अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए गए हैं, ताकि मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

**लिंगानुपात में सुधार की आवश्यकता**

बैठक में यह भी बताया गया कि 219 गोह विधानसभा क्षेत्र का लिंगानुपात मात्र 892 है, जो कि राज्य के औसत से काफी कम है। यह एक गंभीर विषय है, जिसको ध्यान में रखते हुए महिला मतदाताओं को जोड़ने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। कॉलेजों, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं पंचायत स्तर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं ताकि महिलाएं एवं युवा मतदाता अपने नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकें।

अंत में श्री राजन ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे प्रत्येक विशेष शिविर में भाग लेकर अपने मतदाता पहचान से संबंधित कार्यों को समय रहते पूर्ण करें, ताकि आगामी चुनाव में कोई भी पात्र व्यक्ति अपने मतदान के अधिकार से वंचित न रहे।

# काल बनी मोरहर नदी: राखी बांधने जा रही बहन की नदी में डूबने से मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** रक्षाबंधन जैसे पावन पर्व से एक दिन पहले एक हृदयविदारक हादसे ने दो परिवार की खुशियों को मातम में बदल दिया। पटना जिले के मसौढ़ी थाना क्षेत्र के ग्राम खरौज निवासी राकेश कुमार की पत्नी 30 वर्षीय नन्हकी कुमारी की मोरहर नदी में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ननहकी कुमारी अपने पांच वर्षीय पुत्र के साथ शकूराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम उचिटा, जो उसका मायका है, अपने भाई को राखी बांधने जा रही थी। रास्ते में शौच के उपरांत वह मोरहर नदी के पास गई, जहां पैर फिसलने के कारण गहरे पानी में जा समाई। इस दौरान महिला नन्हकी कुमारी का छोटा पुत्र जो मां के साथ था उसने अपनी मां को डूबते देख शोर मचाया, परंतु



आसपास कोई मौजूद नहीं था। किसी तरह बच्चा रोता हुआ शकूराबाद थाना पहुंचा। थानाध्यक्ष मोहन प्रसाद सिंह ने बच्चे को स्नेहपूर्वक समझाकर कारण पूछा, तो उसने मां के डूबने की बात कही।

बच्चे की बात सुनते ही थाना अध्यक्ष तत्काल दल-बल के साथ नदी किनारे पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से शव को खोज निकाला। महिला की पहचान उसके पास रखे आधार कार्ड से हुई, जिसमें उसका नाम नन्हकी कुमारी दर्ज था। बताया जाता है कि महिला अपने मायके उचिटा रक्षा बंधन पर अपने भाई को राखी बांधने जा रही थी, लेकिन गंतव्य तक पहुंचने से पहले ही मौत ने उसे अपने आगोश में ले लिया। घटना की सूचना मिलते ही मृतका के मायके और ससुराल पक्ष के लोग थाना पहुंचे और शव की पहचान की। घटना की जानकारी मिलते ही परसबिगहा थाना की पुलिस भी मौके पर पहुंची, क्योंकि घटनास्थल उसी के थाना क्षेत्र के अंतर्गत आता है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, इस दर्दनाक हादसे से परिजनों में कोहराम मचा है। रक्षा बंधन का उल्लास से पहले ही घटना के बाद मृतका के मायके और ससुराल दोनों घरों में मातम छा गई। भाई की कलाई राखी के इंतजार में सूनी रह गई। भाई के लिए यह शोक की घड़ी पूरे जीवन उसे इस घटना की याद दिलाते रहेगा।

# जस्ट डायल से मिला फर्जी नंबर, एपीके इंस्टॉल कराकर शिक्षक के परिवार से 63 हजार की साइबर ठगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** साइबर अपराधियों ने औरंगाबाद जिले में अब नया और बेहद खतरनाक तरीका अपनाकर ठगी की वारदात को अंजाम दिया है। ताजा मामला जिले के राजपुर निवासी डीएवी स्कूल के शिक्षक विमलेश कुमार सिंह के परिवार से जुड़ा है। ठगों ने उनके बेटे और पत्नी के मोबाइल को हैक कर 63 हजार रुपये की बड़ी ठगी कर ली। इस घटना में सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि ठगों ने देश के एक प्रतिष्ठित ऑनलाइन प्लेटफॉर्म जस्ट डायल का इस्तेमाल कर फर्जी नंबर उपलब्ध कराया और फिर एक इय्ख फाइल भेजकर मोबाइल हैक कर लिया। दो दिन बाद पीड़ितों के बैंक खातों से रुपये गायब हो गए।

**डॉक्टर का अपॉइंटमेंट लेने के चक्कर में फंस गया युवक**

4 अगस्त को शिक्षक का बेटा साहिल कुमार बनारस के एक डॉक्टर से अपॉइंटमेंट लेना चाहता था। उसने इंटरनेट पर डॉक्टर मधुकर का नंबर सर्च किया, जहां उसे जस्ट डायल के माध्यम से एक नंबर मिला। जब साहिल ने उस नंबर पर कॉल किया, तो सामने वाले ने खुद को डॉक्टर का सहायक बताया और कहा कि अपॉइंटमेंट के लिए 5 की पर्ची कटानी होगी। ठग ने साहिल को एक एपीके फाइल भेजी और कहा कि इसे इंस्टॉल करके 5 का भुगतान करना होगा। साहिल ने वैसा ही किया, लेकिन पेमेंट असफल रहा। इसके बाद उसने अपनी मां मालती कुमारी सिंह (शिक्षिका, सेंट मेरी स्कूल) के मोबाइल में भी वही फाइल इंस्टॉल की, जहां दोबारा पेमेंट नहीं हो पाया। दोनों ने सोचा कि तकनीकी कारणों से भुगतान नहीं हो पाया और मामला वहीं छोड़ दिया। 7 अगस्त को जब साहिल और उनकी मां ने अपने बैंक खातों की जांच की, तो उनके होश उड़ गए। साहिल के बैंक ऑफ महाराष्ट्र खाते से 14,997 और उनकी मां के केनरा बैंक खाते से 53,000 रुपये की अवैध निकासी हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलते ही शिक्षक विमलेश कुमार सिंह ने ऑनलाइन शिकायत दर्ज की और स्थानीय थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। बताया गया कि दो दिन पहले ही डीएवी स्कूल की एक अन्य शिक्षिका से भी 6 लाख से अधिक की ठगी हुई थी। इससे स्पष्ट है कि जिले में साइबर अपराधियों की सक्रियता बढ़ती जा रही है और सुरक्षा व्यवस्था कमजोर होती जा रही है। साइबर विशेषज्ञों के मुताबिक, फर्जी इय्ख फाइलें अक्सर स्पाइवेयर या हैकिंग टूल होती हैं। इन्हें इंस्टॉल करते ही मोबाइल फोन पूरी तरह हैक हो जाता है और ठग बैंकिंग ऐप्स, मैसेज, ओटीपी, पासवर्ड सहित निजी डाटा तक पहुंच बना लेते हैं।

## जर्जर हाईटेंशन तार से बढ़ी दुर्घटना की आशंका

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** ग्राम पंचायत संडा के वार्ड संख्या नौ में सड़क से महज कुछ उंचाई पर झूलता जर्जर हाईटेंशन तार लोगों की परेशानी का सबब बना हुआ है। पूर्व मुखिया प्रतिनिधि असलम अंसारी ने बताया कि हाईटेंशन तार जमीन से मजा आठ फुट की उंचाई पर झूल रहा है। जिसके कारण हमेशा किसी अप्रत्याशित दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। वार्ड सदस्य ने बताया कि संबंधित विभाग के पदाधिकारीयों से फोन कर कई बार संपर्क करने का प्रयास किया गया परंतु अधिकारियों से संपर्क नहीं हो पाया। ग्रामीणों ने अविलंब तार बदलने और उसे निर्धारित ऊंचाई पर स्थापित करने की मांग की है। विद्युत विभाग के कनीय अभियंता प्रिय कंचन निराला से बात करने पर उन्होंने बताया कि मामले को संज्ञान में लेकर जल्द से जल्द समस्या का निष्पादन किया जाएगा।

# एक माह तक कांवरियों की सेवा करने के बाद निःशुल्क सेवा शिविर का समापन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सावन माह में गंगा जल लेकर पैदल बाबा धाम जाने वाले कांवरियों की एक माह तक निशुल्क सेवा करने के बाद आज सेवा शिविर का समापन कर दिया गया। नीलकंठ महादेव सेवा समिति औरंगाबाद के द्वारा यह सेवा शिविर बांका जिले में कुमरसार नदी से तीन किलोमीटर आगे जोरीपार में लगाया गया था। समिति के द्वारा इस स्थान पर लगातार पांच वर्षों से सेवा शिविर लगाया जा रहा है जहां सुलतानगंज से पैदल गंगा जल लेकर बाबा धाम जाने वाले हजारों कांवरियों को प्रतिदिन तीन समय निशुल्क भोजन के साथऽसाथ हर प्रकार की सुविधाएं दी जाती हैं। संस्था के संस्थापक लखन प्रसाद ने बताया कि सेवा शिविर के संचालन में समिति के सभी लोगों का




भरपूर सहयोग मिलता है। बिना सभी के सहयोग से इतना बड़ा कार्य संभव नहीं हो सकता है। सेवा शिविर का समापन विधि विधान से पूजा-अर्चना करने के बाद की गई। वहीं इस शिविर में सहयोग करने वाले सभी लोगों को सम्मानित भी किया गया। संस्थापक नीरज कुमार उर्फ लप्पू गुप्ता ने बताया कि आगे भविष्य में इसी स्थान पर समिति एक भव्य धर्मशाला का निर्माण कराएगी ताकि पूरे वर्ष बाबाधाम जाने वाले शिव भक्तों को हर तरह की सेवा दी जा सके। उन्होंने बताया कि शिविर में कांवरियों के ठहरने, आधुनिक मशीन द्वारा दर्द निवारण की सुविधा, उत्तम चिकित्सा व्यवस्था, दवा एवं एम्बुलेंस सहित, प्रतिदिन डाक बम सेवा, प्रतिदिन भक्ति जागरण, प्रतिदिन शुद्ध एवं सात्विक भोजन की उत्तम व्यवस्था, फलहारी कांवरियों के लिए अलग व्यवस्था, प्रतिदिन चाय, नींबू शर्बत, मिनिरल वाटर एवं गर्म पानी का कुण्ड समेत स्वच्छ सुलभ शौचालय की व्यवस्था की गई थी।

# एसएस कॉलेज जहानाबाद में मेंहदी एवं राखी प्रतियोगिता आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** स्थानीय एस. एस. कॉलेज के दर्शन शास्त्र विभाग के तत्वावधान में रक्षा बंधन पर्व की पूर्व संध्या पर राखी एवं मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें काफी संख्या में उत्साहित छात्राओं ने भाग लिया। छात्राओं ने जहां मनमोहक राखी बना कर सबों का ध्यान अपनी ओर खींचा, वहीं उन्होंने अपने हाथों में सुंदर डिज़ाइनों की मेंहदी लगाकर अपनी उत्कृष्ट कलात्मकता का प्रदर्शन किया। मौके पर उपस्थित दर्शन शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मधु सिंह ने कहा कि भारतीय संस्कृति में राखी एवं मेंहदी का विशेष महत्व है, क्योंकि इसे प्राकृतिक श्रृंगार, सौभाग्य, समृद्धि और प्रेम का प्रतीक माना गया है।



उन्होंने आज के इस आयोजन को सामूहिकता का उत्सव बताया। उन्होंने उपस्थित छात्राओं को भाई -बहनों के परस्पर अटूट व उत्कट प्रेम के पर्व रक्षाबंधन की शुभकामनाएं और बधाई भी दी। सांस्कृतिक व कलात्मक महत्व के इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शोभा कुमारी को प्राप्त हुआ, वहीं द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर क्रमशः सुरूची कुमारी एवं पूजा भारती रहीं। इस अवसर पर वरीय शिक्षक डॉ. श्रीनाथ शर्मा के नेतृत्व में महाविद्यालय परिसर में लगे पेड़ों को रक्षासूत्र भी बांधा गया। इस अवसर पर उपस्थित रहने वालों में डॉ. विनोद कुमार राय, प्रो. प्रवीण दीपक, डॉ. सुनीता तिवारी, डॉ. नम्रता कुमारी, डॉ. अविनाश कुमार, डॉ. मनीषा प्रिया, डॉ. पूजा भारती शामिल रहे।

## विसुनगंज थाना का जहानाबाद एसपी ने किया औचक निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** शुक्रवार को जिले के एसपी विनीत कुमार ने मखदुमपुर प्रखंड के विसुनगंज थाना परिसर का औचक निरीक्षण किया। साथ में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर भी उपस्थित थे। इस दौरान एसपी ने थानाध्यक्ष को थाना परिसर की साफ सफाई, लंबित कांड का निष्पादन, पुलिस गस्ती में तेजी लाने एवं वाणावर पहाड़ में चल रहे श्रावणी मेला पर विशेष नजर रखने की बात कही। मौके पर थानाध्यक्ष फूलचंद यादव समेत थाना में मौजूद सभी पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे।

# भाई की कलाई पर आज सजेगी बहना के प्यार की डोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** रक्षाबंधन भाई बहन के प्रेम का पावन त्यौहार माना जाता है। आज शनिवार को रक्षाबंधन का शुभ मुहूर्त प्रातः 5:39 से लेकर 1:34 तक माना जा रहा है। रक्षाबंधन सावन पूर्णिमा को मनाया जाता है। इस दिन बहनें अपने भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र जिसे राखी कहा जाता है बांधकर अपने भाई के दीर्घायु होने की कामना करती है। रक्षाबंधन को भाई-बहन के अटूट प्रेम के प्रतीक त्योहार के रूप में माना जाता है। रक्षाबंधन के अवसर पर बहनें पहले से ही अपने भाई के लिए राखी खरीद कर रक्षाबंधन का त्यौहार मनाने को तैयार हैं। इधर रक्षाबंधन को लेकर बाजार तरह-तरह के डिजाइनर राखियों से भरा पड़ा है। वहीं मिठाई के दुकानों में भी शुक्रवार को लोगों की खासी भीड़ देखी गई। जहां तक राखियों की बात की जाए तो पहले बड़े आकार के डिजाइनर राखियों का अधिक प्रचलन और मांग होती थी लेकिन बदलते समय के साथ राखी का स्वरूप भी छोटा और अधिक आकर्षक हो गया है। बाजार में 5 रुपए से लेकर 500 रुपए तक की राखी दुकानदार बेच रहे हैं। कई बहनें अपने भाई को कीमती राखी भी बांध रही हैं जो सोने और चांदी से बनी हुई है। लिहाजा राखी को लेकर ज्वेलरी की दुकानों में भी ग्राहकों की भीड़ देखने को मिल रही है। देखा जाए तो राखी के त्यौहार पर भाई भी अपने बहन को उपहार स्वरुप कुछ न कुछ जरूर देते हैं। इसमें इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स,कपड़े, ज्वैलरी आदि शामिल है। इन दुकानों पर भी ग्राहकों की भीड़ रक्षाबंधन पर देखने को मिल रही है।चूंकि रक्षाबंधन पर भाई भी अपने बहनों को कुछ ना कुछ उपहार देते हैं इसलिए बाजार में उपहार खरीदने को लेकर काफी भीड़ दिख रही थी। रक्षाबंधन पर शादीशुदा महिलाएं अपने मायके जाकर अपने भाई को राखी बांधती है इसलिए मोटर वाहन ट्रेन मार्ग पर भी यात्रियों की भीड़ पिछले एक दो दिनों से काफ़ी देखने को मिल रही है। रक्षाबंधन के शुभ मुहूर्त के संबंध में आचार्य डॉक्टर श्रीनिवास शर्मा बताते हैं कि रक्षाबंधन भी सनातन धर्म के अन्य प्रमुख पर्वों की तरह शुभ मुहूर्त में मनाने की परंपरा रही है। उन्होंने बताया कि रक्षाबंधन के दिन शुभ मुहूर्त में राखी बांधना शुभ और फलदाई होता है। उन्होंने बताया कि श्रावण मास के शुक्ल पक्ष पूर्णिमा को मनाए जाने वाला रक्षाबंधन का त्यौहार इस वर्ष भद्रा से पूरी तरह मुक्त है। बताया जाता है कि 40 वर्षों के बाद इस तरह का संयोग बना रहा है जब बहनें पूरे दिन अपने भाई को राखी बांध पाएंगी। इस वर्ष रक्षाबंधन पर ग्रहों और नक्षत्रों का संयोग अच्छा है। यह दिवस पुण्य काल का माना जा रहा है लिहाजा दान पुण्य करने से श्रद्धालुओं को परमार्थ की प्राप्ति होगी।

# बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** एकल अभियान मदनपुर के संच के तहत एकल विद्यालय केन्द्र रानी कुआं में विधालय के छात्र-छात्राओं के बीच शैक्षणिक पाठ्य पुस्तकें और सामग्रियां वितरण किया गया। संच के सचिव दिलीप कुमार गुप्ता ने बताया कि एकल अभियान द्वारा संचालित सभी केन्द्र के आचार्य एवं आचार्या को बच्चों के लिए पठन-पाठन सामग्री उपलब्ध करा दी गई है जिसका वितरण पारदर्शिता पूर्ण तरीके से प्रत्येक केन्द्र में किया जा रहा है। मदनपुर संच एकल के प्रधान संरक्षक जितेन्द्र सिंह परमार के द्वारा रानी कुआं केन्द्र के बच्चों के बीच कॉपी कलम का वितरण किया गया। मदनपुर प्रखंड बीस सूत्री समिति के सदस्य मिथिलेश कुमार ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया। उपस्थित बच्चों व उनके अभिभावकों को संबोधन में कहा जितेन्द्र सिंह परमार ने कहा कि एकल द्वारा संचालित यह केन्द्र बच्चों के गुण स्वभाव को देखते हुए उनके मन मानस में सनातन संस्कृति के प्रति आस्था तथा राष्ट्रभक्ति निर्माण का एक वृहद प्रयोगशाला है। मां की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि माताएं सिर्फ संतान की जन्मदात्री ही नहीं है बल्कि सृष्टि की सर्वेश्वरी है। केन्द्र की आचार्य रेणु देवी ने भारत माता की जय घोष के साथ आयोजन को संपन्न किया गया।

# नुक्कड़ नाटक टीम को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडेय के निर्देश पर विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2025 के अंतर्गत दावा/आपत्ति दाखिल करने के संदर्भ में अहर्ता प्राप्त नागरिकों को जागरूक करने हेतु मतदाता जागरूकता रथ को उप विकास आयुक्त डॉ प्रीति द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त डॉ. प्रीति द्वारा मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक टीम को भी प्रस्थान कराया गया। ये रथ एवं टीम जिले के सभी प्रखंडों एवं पंचायतों में भ्रमण कर आम जन को विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत एवं दावा आपत्ति करने की प्रक्रिया की जानकारी देंगे। रथ पंचायत स्तर पर भ्रमण करते हुए यह बताएगा कि दावा/आपत्ति दाखिल करने की अवधि 1 अगस्त से 1 सितंबर 2025 निर्धारित है।अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 30 सितंबर 2025 को किया जाएगा। इस दौरान बताया गया कि योग्य मतदाता प्रपत्र-6 (नया नाम जोड़ने हेतु)प्रपत्र 7(नाम विलोपन ) एवं प्रपत्र-8 (त्रुटि सुधार/संशोधन हेतु) भरकर अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज या संशोधित करा सकते हैं।

## तीन शिक्षकों के सहारे 575 बच्चों का भविष्य

**मदनपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मदनपुर प्रखंड के कचहरी रोड़ में संचालित राजकीय कन्या मध्य विद्यालय में शिक्षकों का अभाव है। प्रधानाध्यापक सहित चार शिक्षकों के सहारे 575 नामांकित छात्र-छात्राओं का शिक्षण कार्यक्रम विद्यालय में किया जा रहा हैं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमलेश कुमार केशरी ने बताया कि वर्ग एक से वर्ग 8 तक क्लास चलता है। यहां कुल 9 शिक्षक पदस्थापित हैं जिसमें छह शिक्षक अन्य सरकारी कार्यों में प्रतिनियुक्ति है। ब्लॉक में एक शिक्षक, बीआरसी में आपरेटर के रूप में कार्य कर रहे है। इसके साथ ही कुछ शिक्षक प्रशिक्षण कार्य में हैं। इधर, मतदाता पुनरीक्षण कार्य में भी लगे हुए हैं। उन्होंने बताया कि बीईओ को मामले की जानकारी दी गई। ताकि बच्चों के शिक्षण कार्यक्रम में कोई दिक्कत न हो। 575 छात्रों पर तीन शिक्षक हैं। प्रधानाध्यापक के कई कार्य होते हैं। अन्य कार्यों के निपटाने के बाद बच्चों का क्लास भी लेते हैं। इस बावत पर बीईओ संजीव कुमार सिंह ने बताया कि 350 से अधिक शिक्षक मतदाता पुनरीक्षण कार्य में लगाए गए हैं। फिलहाल, शिक्षक उपलब्ध नहीं है।

# एसएस कॉलेज जहानाबाद में मेंहदी एवं राखी प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** स्थानीय एसएस कॉलेज के दर्शन शास्त्र विभाग के तत्वावधान में रक्षा बंधन पर्व की पूर्व संध्या पर राखी एवं मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें काफी संख्या में उत्साहित छात्राओं ने भाग लिया। छात्राओं ने जहां मनमोहक राखी बना कर सबों का ध्यान अपनी ओर खींचा, वहीं उन्होंने अपने हाथों में सुंदर डिजाइनों की मेंहदी लगाकर अपनी उत्कृष्ट कलात्मकता का प्रदर्शन किया। मौके पर उपस्थित दर्शन शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ0 मधु सिंह ने कहा कि भारतीय संस्कृति में राखी एवं मेंहदी का विशेष महत्व है, क्योंकि इसे प्राकृतिक श्रृंगार, सौभाग्य, समृद्धि और प्रेम का प्रतीक माना गया है। उन्होंने आज के इस आयोजन को सामूहिकता का उत्सव बताया। उन्होंने उपस्थित छात्राओं को भाई -बहनों के परस्पर अटूट व उत्कट प्रेम के पर्व रक्षाबंधन की शुभकामनाएं और बधाई भी दी। सांस्कृतिक व कलात्मक महत्व के इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शोभा कुमारी को प्राप्त हुआ, वहीं द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर क्रमशः सुरूची कुमारी एवं पूजा भारती रही। इस अवसर पर वरीय शिक्षक डॉ. श्रीनाथ शर्मा के नेतृत्व में महाविद्यालय परिसर में लगे पेड़ों को रक्षासूत्र भी बांधा गया। इस अवसर पर उपस्थित रहने वालों में डॉ. विनोद कुमार राय, प्रो. प्रवीण दीपक, डॉ. सुनीता तिवारी, डॉ. नम्रता कुमारी, डॉ. अविनाश कुमार, डॉ. मनीषा प्रिया, डॉ. पूजा भारती शामिल रहे।

# घर-घर जाकर बीएलओ द्वारा संकलन किया जा रहा है फॉर्म

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 2025 के प्रारूप प्रकाशन के उपरांत 221 नवीनगर विधानसभा क्षेत्र हेतु भूमि सुधार उपसमाहर्ता सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-भूमि सुधार उपसमाहर्ता, औरंगाबाद ने की, जिसमें मान्यता प्राप्त सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान भूमि सुधार उप समाहर्ता ने बताया कि प्रारूप प्रकाशन के उपरांत क्षेत्र के बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर फॉर्म संकलन का कार्य किया गया है। हालांकि कई मामलों में दस्तावेजों की कमी देखी गई है, ऐसे मामलों में संबंधित बीएलओ अब पुनः जाकर दस्तावेज संकलित कर रहे हैं। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से इस अभियान में सक्रिय सहभागिता की अपील की, जिस पर सभी दलों ने सहमति जताते हुए प्रशासन को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत प्रखंड कार्यालयों एवं नगर परिषद कार्यालय में विशेष शिविर लगाए गए हैं, जिनमें नागरिक फॉर्म 6 (नया नाम जोड़ने हेतु), फॉर्म 7 (नाम विलोप हेतु) और फॉर्म 8 (संशोधन हेतु) भर सकते हैं। इन शिविरों में गणना प्रपत्रों से संबंधित सूचनाएं भी प्रदान की जा रही हैं।

**प्रपत्रों के साथ जरूरी संलग्नक**

निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी श्वेतांक लाल ने स्पष्ट किया कि फॉर्म 6 के साथ अनिवार्य रूप से 'अनुबंधक डी' संलग्न करना होगा। साथ ही जाति, आय एवं निवास प्रमाण-पत्र शीघ्र निर्गत करने के लिए संबंधित अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए गए हैं, ताकि मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में यह भी बताया गया कि 221 नबीनगर विधानसभा क्षेत्र का लिंगानुपात मात्र 872 है, जो कि राज्य के औसत से काफी कम है। यह एक गंभीर विषय है, जिसको ध्यान में रखते हुए महिला मतदाताओं को जोड़ने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। कॉलेजों, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं पंचायत स्तर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं ताकि महिलाएं एवं युवा मतदाता अपने नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकें।

# स्तनपान दिवस पर बच्चों को वितरित किया पौष्टिक आहार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्तनपान सप्ताह के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर हेल्दी बच्चों को पौष्टिक आहार सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह, बीसीएम सनी कुमार और स्वास्थ्य प्रबंधक ललन प्रसाद ने किया। इस अवसर पर माताओं को स्तनपान से होने वाले शारीरिक, मानसिक और रोग प्रतिरोधक लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। चिकित्सकों ने कहा कि शिशु के



पहले छह माह तक केवल मां का दूध ही सर्वोत्तम आहार है। कार्यक्रम में बीएमसी सुभाष कुमार, अकाउंटेंट राजेश कुमार, एएनएम आशा सिंहा, जीएनएम प्रियंका कुमारी, प्रीति कुमारी, वैजयंती माला, सुमन कुमारी सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे। सभी ने सामूहिक रूप से माताओं को स्तनपान के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया।

# पचार पहाड़ पर रक्षाबंधन के मौके पर लगेगा पारंपरिक मेला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** सावन पूर्णिमा और रक्षाबंधन के अवसर पर रफीगंज के पचार पहाड़ पर हर वर्ष की भांति इस बार भी पारंपरिक धार्मिक मेले का आयोजन किया जाएगा। भारतीय नगर ग्राम विकास संघ द्वारा आयोजित इस मेले की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। संघ के संस्थापक महामंत्री चंदेश्वर भगत और मेला संचालक प्रमोद यादव ने बताया कि इस वर्ष मेला का आयोजन शनिवार, 9 अगस्त को किया जाएगा। मेला सुबह 8 बजे से शाम 7 बजे तक चलेगा। हर वर्ष की तरह इस बार भी हजारों की संख्या में श्रद्धालु 4 किलोमीटर लंबे पर्वतीय क्षेत्र में पहुंचकर देवस्थानों पर पूजा-अर्चना करेंगे।



मेला की खास बात यह है कि सुबह सरावाक कुटिया से जल यात्रा निकाली जाएगी, जो पचार गांव होते हुए चेंव शिव मंदिर पहुंचेगी। वहां भगवान शिव का जलाभिषेक और ध्वजारोहण किया जाएगा। अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद यादव ने बताया कि मेले के सफल आयोजन हेतु सुरक्षा, पेयजल, स्वास्थ्य एवं साफ-सफाई की मुकम्मल व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष तेज नारायण प्रजापति, सदस्य मिथिलेश गुप्ता, मृत्युंजय उर्फ मुंदर गुप्ता, अजय कुमार सिंह, अमित प्रजापति, श्यामसुंदर यादव, कपिलदेव यादव, हरिनंदन पासवान सहित अन्य स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

## स्वतंत्रता दिवस की तैयारी को लेकर एसडीएम ने की बैठक



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** स्वतंत्रता दिवस की तैयारी को लेकर शुक्रवार को नगर परिषद के सभागार में एसडीएम अभिषेक कुमार की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई जहां एसडीएम अभिषेक कुमार ने सभी उपस्थित पदाधिकारीयों से अपने-अपने क्षेत्र में धूमधाम से स्वतंत्रता दिवस पर झंडातोलन करने का निर्णय लिया गया। अनुमंडलाधिकारी ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार स्वतंत्रता दिवस पर होने वाले अनुमंडल स्तरीय समारोह में कोई भी कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी. उन्होंने स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक कर मौजूद संबंधित लोगों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान झंडोत्तोलन की व्यवस्था, स्मारक एवं प्रतिमाओं की साफ सफाई सहित अन्य कार्यों की जवाबदेही संबंधित पदाधिकारियों को सौंपी जायेगी। सुबह निर्धारित समय से प्रारंभ होगा जहां विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय गान व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। उन्होने कहा कि कार्यक्रम के रिहर्सल परेड से लेकर समारोह के अंतिम क्षणों तक पीने के पानी, बिजली, रिफ्रेशमेंट, टैंट, बैठने की व्यवस्था, तिरंगा झण्डा सेरेमनी, सुरक्षा व्यवस्था, माइक, सुंदर सजावट, बारिश को ध्यान में रखते हुए व्यवस्था करने, ग्राउंड में सफाई व्यवस्था, झंडे लगवाने के साथ-साथ अन्य तैयारियों में किसी प्रकार की खामी नहीं रहनी चाहिए। बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद नवीन कुमार, अनुमंडल कार्यपालक दंडाधिकारी धर्मवीर कुमार, प्रशाखा पदाधिकारी प्रभु सिंह, एक्साइज इंस्पेक्टर, अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, मसौढी पीएससी, रेड क्रॉस डॉ राम जयपाल, शिक्षक दीपक शर्मा विभिन्न विभागों के पदाधिकारी थानों के पुलिस पदाधिकारी शामिल रहे।विभिन्न विद्यालय के प्राचार्य सहित अन्य संबंधित लोग मौजूद थे।

## सावन महोत्सव में जूनियर पीपीएस विद्यालय में बच्चों ने मचाया धमाल



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** सावन महोत्सव की खुमारी हर तरफ सर चढ़कर बोल रही है। बड़ों क्या छोटे-छोटे बच्चों में भी सावन महोत्सव के प्रति काफी उत्साह देखते बन रहा है। ऐसे में शुक्रवार को मसौढी के जूनियर पीपीएस विद्यालय में छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा रंग-बिरंगे परिधान में सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कई बच्चों ने पार्टिसिपेट की। इसके अलावा छात्राओं के द्वारा छात्रों के हाथों के कलाई में राखी बांधकर रक्षाबंधन पर्व भी मनाया। जूनियर पीपीएस के प्रधानाचार्य ने रक्षाबंधन की सभी छात्र-छात्राओं की बधाई और शुभकामना दी और रक्षाबंधन पर्व के महत्व को भी समझाया। जूनियर पीपीएस स्कूल में सावन महोत्सव धूमधाम से मनाया गया, जिसमें बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया. कार्यक्रम में बच्चों ने पारंपरिक वेशभूषा पहनी और सावन के गीतों पर नृत्य किया। सावन महोत्सव के दौरान, बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया। इस महोत्सव में बच्चों ने पारंपरिक वेशभूषा पहनी और सावन के गीतों पर नृत्य किया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### पुनौरा धाम से होगी...

कलाकृति भेंट की गई। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत की सुरक्षा के लिए पीएम नरेंद्र मोदी प्रतिबद्ध हैं। एक वक्त था कि देश में बम धमाके होते थे और आतंकी पाकिस्तान भाग जाते थे। मोदी जी की सरकार आई। उरी में हमला किया, हमने सर्जिकल स्ट्राइक की। पुलवामा में हमला किया हमने एयरस्ट्राइक की। पहलगाम में हमला किया तो हमने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान के घर में घुसकर आतंकवाद का सफाया किया। लालू एंड कंपनी संसद में ऑपरेशन सिंदूर का विरोध कर रही थी। कार्यक्रम के दौरान गृह मंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सीतामढ़ी-दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई और जानकी मंदिर के डिजाइन का अनावरण भी किया।

## एक नजर

### प्रेमी ने खुद को मारी गोली

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रेम प्रसंग मामले में एक युवक ने खुद को गोली मार कर अपने जीवन लीला समाप्त कर ली है। मामला धनरूआ थाना क्षेत्र के गोविंदपुर बौरही पंचायत के सेवती गांव की है, जहां पर एक युवक ने खुद को गोली मार ली है। जहाँ मौके पर ही उसकी मौत हो गई है। मृतक की पहचान मंजय कुमार उम्र 25 वर्ष पिता मनोज पासवान, सेवती बताया जाता है। मौके पर दलबल के साथ पहुंची पुलिस ने घटना स्थल से एक देशी कट्टा और खोखे बरामद की है। थानाध्यक्ष शुभेंदु कुमार ने बताया यह मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ है और स्थानीय लोगों की माने तो यह घटना प्रेम प्रसंग के कारण हुई है। स्थानीय लोगो ने बताया की गांव की किसी एक लड़की के साथ वह पिछले एक एक साल से प्रेम करता था, लेकिन वह प्यार एक तरफा था जिसके कारण वह लड़का लगातार प्रेम से विछुब्ध और वह प्रेम की चाहत में अपने आप को ही खत्म कर डाला। बहरहाल पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर गहन छानबीन कर रही है। शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई में जुट गई है और आसपास के गांव के लोगों से पूरे घटनाक्रम के बारे में छानबीन किया जा रहा है।

### सड़क हादसे में एक की मौत, गुस्साए लोगों ने किया जाम

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पटना गया नेशनल हाईवे -22 पर धनरूआ थाना क्षेत्र के नीमा गांव के समीप शुक्रवार की देर शाम को सड़क हादसे में एक व्यक्ति की अज्ञात वाहन की ठोकर से लगने से मौके पर ही मौत हो गई है। मृतक की पहचान अशोक साव पिता रोहन साव नीमा के रुप में हुई है। दरअसल बताया जाता है कि अशोक साव सड़क पार कर रहा था, इस दौरान तेज गति से आ रहे हैं वहान की चपेट में आ गया, जिसकी मौत मौके पर ही हो गई है। घटना से गुस्साए स्थानीय लोगों ने फोरलेन पर जाम कर विरोध प्रदर्शन कर आक्रोश व्यक्त किया। स्थानीय लोगों की माने तो गांव के लोगों को अपने खेत पर जाने के लिए कोई को व्यवस्था नहीं की गई है। इसी कारण घटनाएं घट रही है।

## प्राथमिक विद्यालय किसाड़ी में शिक्षा समिति का गठन, मुनि देवी बनीं अध्यक्ष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**ओबरा।** प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय किसाड़ी में शुक्रवार को शिक्षा समिति का गठन किया गया। प्रधानाध्यापक रंजना कुमारी की अध्यक्षता और मध्य विद्यालय गौरी सोनवर्षा के प्रधानाध्यापक रविनंदन सिंह की पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थिति में सर्वसम्मति से मुनि देवी को अध्यक्ष और कविता कुमारी को सचिव पद के लिए मनोनीत किया गया। चयन के बाद उपस्थित माताओं ने निर्वाचित अध्यक्ष और सचिव को माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक रंजना कुमारी ने कहा कि शिक्षा में गुणात्मक सुधार और मध्यान्ह भोजन योजना के सुचारू संचालन के लिए विभिन्न विद्यालयों में शिक्षा समिति का गठन किया जा रहा है, जो सराहनीय पहल है। इससे न केवल शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ेगी, बल्कि छात्रों का सर्वांगीण विकास भी संभव होगा। निर्वाचित अध्यक्ष मुनि देवी और सचिव कविता कुमारी ने सभी को धन्यवाद देते हुए आश्वासन दिया कि वे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति सजग रहेंगी और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत रहेंगी। इस मौके पर शिक्षक प्रेम कुमार, शिक्षा सेवक भोला चौधरी समेत बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थीं।

## शटर उखाड़ कर दुकान से 12 लाख की काली मिर्च चोरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मसौढ़ी।** मसौढ़ी में एक बार फिर से शटर उखाड कर ने शटर उखाड़ कर लाखों रुपए की चोरी का घटना को अंजाम दिया है। दरअसल मसौढी थाना क्षेत्र के सोनकुकरा रोड स्थित एक दुकान से 12 लाख की गोलकी चोरी कर ली है। इस मामले में पीड़ित दुकानदार श्यामनंदन सिंह पिता स्व. राम इकबाल सिंह (सोनकुकरा) ने बताया कि रात को तकरीबन 10:00 बजे खाना खाकर सोने चले गए थे और जब सुबह नींद खुली 5:00 बजे दुकान की तरफ गए तो देखा की शटर उखड़ा हुआ है, मुआयना किया तो तकरीबन 47 बोरा काली मिर्च यानी गोलीकी का बोरा गायब है, तुरंत थाना को सूचित किया, 47 बोरा गोलकी का कीमत 12 लाख बताई जाती हैं, दरअसल पीड़ित श्यामनंदन सिंह ने बताया कि 3 महीने पहले ही हम यहां पर दुकान खोले थे और पटना सिटी के मारूफगंज से यहां 60 बोरा गोलकी मंगवाए थे, जिसमें 47 बोरा गोलकी गायब है,एक बोरा मे तकरीबन 30 किलो गोलकी होती है और प्रति किलो बाजार 950 रूपये बाजार भाव है। बहरहाल पूरी घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। मौके पर पहुंचे पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है, सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई तस्वीरों में पांच नकाबपोश आए और शटर उखाड़ कर चोरी करते दिखे। पुलिस मामले की छानबीन में जुट हुई है। पीड़ित दुकानदार ने आशंका ब्यक्त की यह आसपास के गाड़ी चालकों की करतूत हो सकती है। बहरहाल मसौढ़ी शहर में शटर उखाड़ कर चोरी कर लेने की यह तीसरी बडी घटना हुई है, जो पुलिस के लिए यह चुनौती बनी हुई है, हालांकि रात में पुलिस की पेट्रोलिंग टाइट रहती है लेकिन उसे पेट्रोलिंग को चुनौती देते हुए चोर चोरी की घटना को अंजाम भी दे रहे हैं।

## वीर सपूत हरदेव नारायण सिंह की 102वीं पुण्यतिथि पर संकल्प सभा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पालीगंज।** देश के पहले सत्याग्रही वीर हरदेव नारायण सिंह की 102वीं पुण्यतिथि शुक्रवार को पालीगंज के उनके पैतृक गांव तोरणी में शहादत दिवस सह संकल्प सभा के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर उनके बलिदान को याद करते हुए वक्ताओं ने उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित किया और विभिन्न सरकारी संस्थानों का नामकरण उनके नाम पर करने की मांग की। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरसी पिपरदहा के मुखिया रियासत हुसैन ने की, जबकि संचालन डॉ राजकिशोर सिंह ने किया। कार्यक्रम में पालीगंज विधायक संदीप सौरभ, पूर्व विधायक दीनानाथ सिंह यादव, जेडीयू नेता नन्द किशोर कुशवाहा जिला पार्षद दिव्या गुंजन, राजद नेत्री शगुन सिंह और अनुमंडल पदाधिकारी अमन प्रीत सिंह ने हरदेव नारायण सिंह के मूर्ति पर माल्यार्पण किया। विधायक संदीप सौरभ ने 1923 के नागपुर झंडा सत्याग्रह आंदोलन में भाग लेने वाले वीर हरदेव नारायण सिंह के सम्मान में पालीगंज अनुमंडलीय करा का नामकारण उनके नाम पर करने की मांग की। वहीं, पूर्व विधायक दीनानाथ यादव ने स्वतंत्रता सेनानी हरदेव नारायण सिंह,रामकृत सिंह, और गिरजा प्रसाद के नाम पर अनुमंडलीय कार्यालयों के नामकरण की अपील की। जिला पार्षद दिव्या गुंजन ने बताया कि हरदेव नारायण सिंह मात्र 17-18 वर्ष की उम्र में अपनी नवविवाहिता पत्नी को छोड़ देश की आजादी की लड़ाई में शामिल हो गए थे। वहीं, उनके वंशज कमलेश कुमार सिंह ने जानकारी दी कि 18 जून 1930 को गिरफ्तारी के बाद उन्हें अमरावती सेंट्रल जेल में भेजा गया, जहां 8 अगस्त 1930 को अनशन के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। सभा में बताया गया कि उनकी अंतिम यात्रा में सरदार पटेल, डॉ राजेंद्र प्रसाद,जवाहर लाल नेहरू, विनोबा भावे जैसे कई महान नेताओं ने भाग लिया था। आज भी उनसे जुड़ी कई महत्वपूर्ण दस्तावेज नागपुर संग्रहालय में सुरक्षित हैं। कार्यक्रम में पत्रकार आलोक कुमार, सुमेर सिंह, माले नेता अनवर हुसैन सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में मांग की कि ऐसे महान सेनानी के नाम को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने के लिए शासकीय स्तर पर उचित सम्मान दिया जाए।

## बोल्ट अब हुआ 'गोबोल्ट', प्रीमियम सेगमेंट पर फोकस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** देश का सबसे तेज़ी से बढ़ता वियरेबल ब्रांड, बोल्ट अब अपने नए सफर की शुरुआत कर रहा है। कंपनी ने अब खुद को गोबोल्ट के नाम से पेश किया है, जिसके साथ नया लोगो, ज्यादा फोकस वाली बिज़नेस स्ट्रेटेजी और टेक्नोलॉजी, डिज़ाइन व रिटेल में बड़े निवेश की भी घोषणा की गई है। यह बड़ा बदलाव वित्त वर्ष 25 की शानदार सफलता के बाद किया गया है। बोल्ट ने इस साल 800 करोड़ रुपए का टर्नओवर हासिल किया, जो पिछले दो सालों में दोगुनी कमाई की तरफ इशारा करता है। अब गोबोल्ट का लक्ष्य वित्त वर्ष 26 में 1,000 करोड़ रुपए का आँकड़ा पार करना है। आज के डिजिटल दौर के ग्राहक तेज़ी से जीते हैं, आगे की सोचते हैं और फैसले लेने के लिए किसी की इजाज़त का इंतज़ार नहीं करते। उन्हें ऐसे ब्रांड चाहिए, जो उनकी रफ्तार से चलें और गोबोल्ट ठीक उसी स्पीड और सोच के साथ मैदान में उतरा है। 'गो' शब्द बदलाव की सोच का संकेत है, जिसमें रफ्तार, जुनून और बदलाव की भावना इस ब्रांड के मूल में निहित है। और यह बदलाव अब ब्रांड की पूरी बिज़नेस स्ट्रेटेजी में झलकता है, जिसमें प्रोडक्ट डिज़ाइन से लेकर रिटेल विस्तार, ग्लोबल पहचान और कस्टमर एक्सपीरियंस तक हर पहलू शामिल है। गोबोल्ट का नया लोगो भी इसी सोच को दर्शाता है। इसमें दो प्रतीक हैं: एक स्क्रूहेड और एक तीर का निशान। स्क्रू ब्रांड की आंतरिक मज़बूती, इनोवेशन और बारीकी को दर्शाता है, जबकि तीर 'गो' शब्द के जुड़ने का संकेत देता है, जो ब्रांड की आगे बढ़ने की सोच, फ्यूचरिस्टिक टेक्नोलॉजी और बदलाव की दिशा को दर्शाता है। ये दोनों मिलकर बताते हैं कि गोबोल्ट क्या है और किस दिशा में बढ़ रहा है। गोबोल्ट के को-फाउंडर, वरुण गुप्ता ने कहा, ''बोल्ट की परिभाषा मेरे लिए कभी-भी सिर्फ एक ब्रांड तक सीमित नहीं रही है।

**राजस्व महाभियान को लेकर बैठक :** दानापुर । प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को राजस्व महाभियान शिविर को सफल बनाने के लिए बैठक की गई. बैठक में बीडीओ विभेष आनंद ने बताया कि भूमि सुधार विभाग के आदेश के आलोक में बैठक की गई है।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: एसजी.टेंडर/डीएसटीई/एसडीएएच/565, दिनांक 06.08.2025;** सीनि. डीएसटीई, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **ई-निविदा सं. एसडीएसटीई/टेली/टी/08/25-26/सीएपी; कार्य का नाम साथ में उसका स्थान:** सियालदह मंडल में ड्युअल बीएपीसी तथा यूएफएसबीआई के लिए मीडिया रिडंडेंसी, डेटालॉगर के जरिए एसएमएस अलर्ट, असफल मीडिया इंडीकेशनों के साथ सहायक उपकरणों का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** रु. 7,89,75,943.73; **जमा की जाने वाली बयाना राशि/बोली सुरक्षा:** रु. 5,44,900; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **कार्य समापन अवधि:** 12 महीने। **निविदा जमा शुरू होने की तारीख:** 21.08.2025; **निविदा जमा करने की अंतिम तारीख:** 04.09.2025 को अपराह्न 2.00 बजे तक। **निविदा बोली खुलने की तारीख:** 04.09.2025 को अपराह्न 2.30 बजे। विस्तृत विवरण : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **पात्रता के तकनीकी मानदंड:** निविदादाताओं द्वारा पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, निविदा आमंत्रित किए जाने वाले माह से पहले महीने के अंतिम दिन तक, नीचे उल्लेखित श्रेणियों में से किसी भी एक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा अथवा काफी हद तक सम्पन्न किया होना चाहिए: (i) समतुल्य प्रकृति के तीन कार्य, प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए अथवा (ii) समतुल्य प्रकृति के दो कार्य, प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए अथवा (iii) समतुल्य प्रकृति का एक कार्य, जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए। **पात्रता के वित्तीय मानदंड:** निविदादाता द्वारा वी/एन अथवा 'वी' जो कम हो का न्यूनतम औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार किया होना चाहिए, जहां वी=निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, एन=कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या, जिसके लिए बोली आमंत्रित की गई है। औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार की गणना लेखा परीक्षित तुलन पत्र के अनुसार पिछले तीन वित्त वर्षों में "कुल अनुबंधकीय भुगतान" के औसत के रूप में किया जाएगा। हालांकि, पिछले वर्ष के तुलन पत्र के तैयार होना/लेखा परीक्षण होना बाकी रहने की स्थिति में औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार की गणना के लिए पिछले चौथे वर्ष के लेखा परीक्षित तुलन पत्र पर विचार किया जाएगा। निविदादाताओं को जीसीसी 2022 के अनुलनग्क-VIबी (इस निविदा दस्तावेज का प्रपत्र-6) के अनुसार अपेक्षित जानकारी के साथ चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा भलीभांति सत्यापित लेखा परीक्षित तुलनपत्र/लेखा परीक्षित तुलन पत्र के साथ भलीभांति समर्थित चार्टर्ड एकाउंटेंट से प्रमाणपत्र जमा करना होगा। **जमा किए जाने वाले अन्य दस्तावेज:** जैसा कि निविदा दस्तावेज में उल्लेखित है। **समतुल्य प्रकृति का कार्य:** "संकेत अथवा दूरसंचार का कोई भी कार्य जिसमें गड्ढे की खुदाई, संकेत अथवा दूरसंचार केबलों को बिछाना और जांच का कार्य शामिल हो"। **टिप्पणी:** निविदादाता को निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा दस्तावेज में यथा उल्लेखित पात्रता के मानदंडों को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में दस्तावेज जमा करने होंगे। निविदादाता द्वारा अनुशंसापत्रों के समर्थन में जमा किए गए दस्तावेज/प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपियों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदादाता अथवा निविदाकारी प्रतिष्ठान के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्वयं सत्यापित/डिजिटली हस्ताक्षर होना चाहिए। स्वयं सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर तथा तारीख (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होना चाहिए। (SDAH-156/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## जदयू की चुनावी मोर्चाबंदी, नए बूथों पर बीएलए-2 की तैनाती

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दानापुर।** विधानसभा बीएलए-2 मनोनयन और मतदाता पुनरीक्षण कार्य को लेकर जदयू का शुक्रवार को सगुना मोड स्थित सिग्रेनचर टावर परिसर में समीक्षा बैठक की। बैठक में जिला से लेकर पंचायत और बूथ स्तर तक के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया. बैठक की अध्यक्षता जदयू के महासचिव विनोद कुमार सिंह ने की और संचालन प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार ने किया। बैठक में जदयू कार्यकर्ताओं ने दानापुर विधानसभा सीट को जदयू सीट घोषित करते हुए विनोद कुमार सिंह को प्रत्याशी बनाने की मांग किया गया है। मौके पर कार्यक्रम समन्वयक सह पटना जिला प्रभारी पूर्व विधान परिषद राजू यादव ने बीएलए टू कार्यकर्ताओं को निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने-अपने बूथ पर सक्रिय साथियों के साथ कार्य करें ताकि कोई भी योग्य मतदाता 18 वर्ष की आयु पूरी करने के बाद वोटर लिस्ट से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि हर पात्र नागरिक को सूची में नाम जुड़वाने में बिना किसी परेशानी के मदद मिलनी चाहिए। जदयू जिलाध्यक्ष आफिस कमाल ने कहा कि बिहार में जदयू सरकार बनने के बाद से गरीब, दलित, पिछड़े व सामान्य वर्ग के लिए सैकड़ों योजनाएं शुरू की गई हैं, जिनका लाभ हर तबके को मिल रहा है। दानापुर विधानसभा प्रभारी धीरज सिंह कुशवाहा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को विकास पुरुष बताते हुए कहा कि वे बिना भेदभाव के समाज के हर वर्ग के लिए काम करते हैं। प्रदेश महासचिव विनोद कुमार सिंह ने कहा नीतीश कुमार जैसा कर्मठ और विकासशील सोच रखने वाला मुख्यमंत्री पूरे भारत में कोई नहीं है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा राज्य में सड़क, बिजली, पेंशन और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में ऐतिहासिक कार्य किए गए हैं। मसलन, पेंशनधारियों को 1100 तक की सहायता, हर माह 125 यूनिट बिजली फ्री, व सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन में सक्रिय भूमिका निभाई जा रही है।

## महिलाओं ने पेड़ों में राखी बांधकर बचाने का लिया संकल्प

### पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश, लोगों से की अधिक पौधे लगाने की अपील



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** रक्षाबंधन भाई बहन के अटूट प्रेम का त्यौहार पर्व, जो पूरे उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। ऐसे में मसौढ़ी में एक अनूठी पहल देखने को मिली। जहां पर आईसीडीएस की दर्जनों महिलाओं ने पारंपरिक गीतों को गाकर पेड़ में राखी बांधी। इसी के साथ उन्होंने पर्यावरण संरक्षण को लेकर एक खास संदेश दिया है। इस मौके पर हमारा पेड़ हमारा पर्यावरण के तहत राखी महोत्सव का आयोजन किया गया। इस राखी महोत्सव में पेड़ उनके परिवार के एक सदस्य की तरह है। राखी महोत्सव मनाने के पीछे उद्देश्य यह है कि जिस तेजी से वृक्षों की कटाई की जा रही है, उससे जलवायु परिवर्तन हो रहा है, उसे रोकने के लिए पेड़ बचाना आवश्यक है। पेड़ को बचाने के लिए महिलाओं ने पेड़ में राखी बांधकर संकल्प लिया। जिसके तहत कई महिलाओं ने हरे-भरे वृक्षों पर राखी बांधकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मसौढ़ी सीडीपीओ अर्चना कुमारी ने कहा कि जिस तरह से महिलाएं अपने भाई को राखी बांधकर उनकी लंबी उम्र की कामना करती हैं, ठीक उसी तरह उन्होंने पेड़ में राखी बांधकर यह संदेश देने की कोशिश की है कि लोग पेड़ों को बचाएं। मौके पर महिला पर्यवेक्षिक में कुमारी नीलू सिन्हा, संजुक्ता प्रसाद, अर्चना कुमारी, कुमारी रुबी, राधा कुमारी, मोनिका भारती, सुगंधा कुमारी, प्रखंड समन्वयक इंद्रजीत कुमार, डाटा ऑपरेटर सोनू कुमार के साथ कई सेविका सहायिका शामिल रही।

## छात्राओं ने छात्रों को राखी बांधी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** रक्षाबंधन से पूर्व मसौढी के विभिन्न सरकारी स्कूल में शुक्रवार को रक्षाबंधन का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शनिवार को पड़ने वाले इस पर्व को छुट्टी होने के कारण स्कूलों में एक दिन पहले मनाया गया। मसौढी के उत्क्रमित मध्य विद्यालय भैसवां में भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का प्रतीक रक्षाबंधन को उत्साह और प्रेमभाव के साथ मनाया गया। स्कूल की छात्राओं ने अपने सहपाठी भाइयों की आरती उतारी। उन्होंने तिलक लगाया और भाइयों की कलाई पर राखी बांधी। छात्राओं ने चॉकलेट खिलाकर भाइयों को शुभकामनाएं दीं। छात्रों ने भी अपनी बहनों का पैर छूकर आशीर्वाद लिया। उन्होंने बहनों को यथाशक्ति उपहार देकर उनकी रक्षा का संकल्प लिया। छात्राओ में अनुष्का, विद्या भारती, पलक, आयुष राज आदि शामिल रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय प्रसाद और शिक्षिका संगीता कुमारी, श्वेता कुमारी सहित सभी शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर शिक्षक नेयाज अहमद ने सभी छात्र-छात्राओं को रक्षाबंधन पर्व के अहमियत और इसके इतिहास के बारे में सबको बताया।

## सावन महोत्सव के तहत मेंहदी व राखी प्रतियोगिता का आयोजन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** सावन महोत्सव के तहत शुक्रवार को उच्च माध्यमिक विद्यालय खरांट मे बच्चों ने मेहदी एवं राखी निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रभारी प्रधानाचार्य मो. अनिस ने बताया कि छठी से बारहवीं तक के छात्राओं एवं शिक्षिकाओं ने मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन कर सावन महोत्सव मनाया। छात्राओ ने खुद से राखी बनाकर प्रदर्शन किया। छात्रों ने विद्यालय मे राखी बंधन महोत्सव मनाकर भाई बहन के प्रेम को जिवंत किया।इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षिका कल्पना मैम, प्रगति कुमारी, ब्युटी कुमारी, रुचि, प्रिति, बेबी, सोनी, नितु, श्वेता कुमारी ने छात्राओं को मेहदी लगाने के विभिन्न तरीका से अवगत करवाया। बच्चों को राधव,अमरेश, सोनु,चंदन, सुमित अजहर ने बच्चों को राखी का महत्व बतलाये। इस अवसर पर सुहानी कुमारी मेहंदी मे सर्वश्रेष्ठ एवं शिवानी कुमारी राखी बनाने मे प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## संक्षिप्त समाचार

### पदभार संभालते ही एक्शन में दिखे नए अंचल अधिकारी जितेन्द्र प्रसाद

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सदर अंचल कार्यालय में गुरुवार को नवनियुक्त अंचल अधिकारी (सीओ) जितेन्द्र प्रसाद ने विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया। कार्यभार प्रभारी अंचल अधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी गणेश रजक ने उन्हें सौंपा। पदभार ग्रहण करने के बाद जितेन्द्र प्रसाद ने कहा कि अंचल कार्यालय में आने वाले सभी आवेदकों को बेहतर सेवा देना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि हर आवेदन को गंभीरता से लिया जाएगा और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मौके पर राजस्व कर्मचारी रितेश सिन्हा, रितेश केसरी, राजेश चौधरी, दीनदयाल दास, बबलू अंसारी समेत कई कर्मचारी उपस्थित थे। सभी ने नए सीओ का स्वागत किया और भविष्य में सहयोग का भरोसा दिलाया।

### अर्धसैनिक बल के जवानों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सीएपीएफ वारियर्स की ओर से अर्धसैनिक बल के जवानों ने आज स्वैच्छिक रक्तदान किया। बीएसएफ जवान पंकज कुमार के नेतृत्व में ब्लड बैंक गिरिडीह में आयोजित शिविर में सेवारत और सेवानिवृत्त सात जवानों ने रक्तदान किया। मौके पर संस्था के पवन कुमार समेत कई जवान उपस्थित थे।

### कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्व मुख्यमंत्री वर्तमान में राज्यसभा के सदस्य दिशोम गुरु शिबू सोरेन का शुक्रवार को जिला कांग्रेस कार्यालय गिरिडीह में श्रद्धांजलि सभा रखी गई थी इसकी अध्यक्षता कांग्रेस के जिला अध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह ने कियाल्लउपस्थित कांग्रेसियों ने सर्वप्रथम उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी साथ ही कांग्रेसियों ने उनके किए गए कार्यों को याद करते हुए अपने अपने विचार व्यक्त किए। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष सतीश केडिया, अशोक विश्वकर्मा, मदनलाल विश्वकर्मा, प्रोफेसर कमलनयन सिंह, उपेंद्र सिंह, दिनेश विश्वकर्मा, ओबीसी जिला अध्यक्ष इतवारी वर्मा,प्रोफेसर मंजूर अंसारी, साबिर खान, बलराम यादव, पंकज सागर, सोहेल कुरेशी, गुलाम मुस्तफा सहित कई कांग्रेसी थे।

### विधायक ने स्कूली बच्चों के बीच किया साइकिल वितरण

**बगोदर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बगोदर प्रखंड के औरा में आदर्श मध्य विद्यालय, में शुक्रवार को "झारखंड साइकिल वितरण योजना" के तहत साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं स्कूली बच्चों के बीच निःशुल्क साइकिल का वितरण किया गया।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बगोदर विधायक नागेंद्र महतो ने 80 छात्रों के बीच साइकिल वितरण किया । छात्राओं को नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए विधायक ने प्रोत्साहित किया। विधायक श्री महतो ने कहा, "यह योजना विद्यार्थियों के लिए न केवल स्कूल आने-जाने को सरल बनाएगी, बल्कि उनकी शिक्षा की निरंतरता को भी सुनिश्चित करेगी।" साथ ही उन्होंने सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना किए।कार्यक्रम में पंचायत औरा के उप मुखिया जितेंद्र कुमार,पंचायत समिति प्रतिनिधि योगेंद्र यादव, शिक्षक राम किशोर महतो रवि महतो, प्रयाग महतो, महावीर कुमार महतो, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य एवं विद्यालय के शिक्षक उपस्थित थे।

### तीन लीटर चुलाई शराब के साथ युवक गिरफ्तार, जेल

**गौनाहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मटियरिया पुलिस ने गुरुवार की शाम साढ़े सात बजे तीन लीटर देशी चुलाई शराब के साथ युवक को गिरफ्तार किया ।गिरफ्तार युवक की पहचान थाना क्षेत्र के तुरकौलिया गांव निवासी विनोद राम का पुत्र दीपक राम के रूप में हुई है ।थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार युवक को मध निषेध व उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

### भूमि अभिलेख त्रुटि सुधार के लिए 16 अगस्त से महाअभियान

**मशरक (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक प्रखंड कार्यालय के सभागार में सीओ सुमंत कुमार की अध्यक्षता में भूमि अभिलेख सुधार महाअभियान को लेकर बैठक हुई। इसमें बीडीओ पंकज कुमार, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रेशमी प्रकाश सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। सीओ ने बताया कि बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की ओर से 16 से 20 अगस्त तक विशेष राजस्व महाअभियान चलाया जाएगा। इसके तहत घर-घर जाकर भूमि संबंधी अभिलेखों की अशुद्धियों का सुधार किया जाएगा। इस अभियान में जमाबंदी सुधार, छूटी हुई जमाबंदी का ऑनलाइन निष्पादन, उत्तराधिकारी नामांतरण और बंटवारा नामांतरण के आवेदन लिए जाएंगे। हल्का स्तर पर आयोजित शिविरों में संबंधित रैयतों को ऑनलाइन जमाबंदी की प्रति भी उपलब्ध कराई जाएगी।

### किराना दुकान से 25 हजार नकदी चोरी

**मशरक (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक थाना क्षेत्र के बहरौली बाजार स्थित आयुष किराना सह जनरल स्टोर से अज्ञात चोरों ने 25 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए। दुकान के मालिक पप्पू साह ने बताया कि शुक्रवार सुबह जब वे दुकान पहुंचे तो देखा कि बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे को तोड़ दिया गया है और अंदर का सामान बिखरा पड़ा है। सीसीटीवी फुटेज में दो नकाबपोश चोर दुकान में घुसकर चोरी करते हुए दिखाई दे रहे हैं। सूचना मिलने पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### परिवार नियोजन को लेकर नुक्कड़ नाटक के जरिए फैलाई जागरूकता

**मशरक (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर मोवियस फाउंडेशन व जननी संस्था द्वारा मशरक प्रखंड के विभिन्न गांवों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से परिवार नियोजन को लेकर जागरूकता फैलाई गई। मशरक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समेत आरना, चान्दबरवां, बंगरा जैसे इलाकों में कलाकारों ने प्रेरक नाटक मंचन कर परिवार नियोजन के स्थायी व अस्थायी विकल्पों की जानकारी दी। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. एस.के. विद्यार्थी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा परिवार नियोजन सेवा पखवाड़ा चलाया जा रहा है, जिसमें योग्य दंपतियों को कॉपर-टी, गर्भनिरोधक गोलियां, नसबंदी सहित अन्य सेवाएं दी जा रही हैं। जिला प्रबंधक संतोष कुमार ने बताया कि इस अभियान में पीएसआई इंडिया, पिरामल स्वास्थ्य आदि संस्थाएं सहयोग कर रही हैं।

### अलग-अलग सड़क हादसों में आधा दर्जन लोग घायल

**मशरक (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक क्षेत्र में बुधवार को हुए विभिन्न सड़क दुर्घटनाओं में करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। मुन्नी मोड़ पर बाइक ने एक साइकिल सवार वृद्ध को टक्कर मार दी। घायल की पहचान जैथर निवासी छोटाद्दीन मियां (60) के रूप में हुई। पचरूखवा गांव में ग्राइंडर मशीन से दीवार काटते समय रमेश राम (50) का पैर कट गया, जिसे गंभीर हालत में सदर अस्पताल रेफर किया गया।चरिहारा पुल पर ऑटो की टक्कर से इसुआपुर के अजय कुमार और अनिल कुमार घायल हुए। बंगरा में एनएच 227ए पर बलूआ टोला निवासी पवन सहनी गंभीर रूप से घायल हो गया। सभी घायलों का इलाज सीएचसी मशरक में किया गया।

### डीएम व एसपी ने किया ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण

**छपरा (सारण)नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर बुधवार को जिलाधिकारी अमन समीर और एसपी ग्रामीण संजय कुमार ने सदर प्रखंड स्थित इवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया। डीएम ने बताया कि आयोग के निर्देश पर मासिक निरीक्षण आवश्यक है, जिसमें सीसीटीवी की रिकॉर्डिंग, अग्निशमन यंत्र, भवन की सफाई, बिजली-पानी की व्यवस्था आदि की जांच की जाती है। एसपी ने सुरक्षा बलों को चौकसी बरतने और किसी भी अनधिकृत व्यक्ति को परिसर में प्रवेश नहीं देने का निर्देश दिया। मौके पर निर्वाचन से जुड़े कई अधिकारी व राजनीतिक प्रतिनिधि भी मौजूद थे।

### संतोष महतो सैकड़ों समर्थकों के साथ वीआईपी में हुए शामिल, महासम्मेलन की घोषणा

**तरैया (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** तरैया के साक्षी रेस्टोरेंट में आयोजित मिलन समारोह में अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष संतोष कुमार महतो ने सैकड़ों समर्थकों के साथ वीआईपी (विकासशील इंसान पार्टी) की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी सुप्रीमो मुकेश सहनी ने इस अवसर पर भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा "अजगर सांप" की तरह है, जो सहयोगी दलों को ही निगल जाती है। उन्होंने घोषणा की कि आगामी 24 अगस्त को तरैया में अति पिछड़ों का महासम्मेलन आयोजित होगा। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष हरेन्द्र सहनी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वैजनाथ सहनी, प्रदेश सचिव ओमप्रकाश पटेल समेत कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भू-माफिया के बढ़ते आतंक के खिलाफ एकजुट हों : राजेश यादव




**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बोरोटांड़ घटना के खिलाफ फॉरवर्ड ब्लॉक ने प्रतिवाद सभा कर चरणबद्ध आंदोलन की शुरूआत की भू-माफियाओं का आतंक हद से ज्यादा बढ़ चुका है। ये किसी भी तरह की जमीन का एग्रीमेंट लेकर सरेआम गुंडो को लेकर जमीन कब्जा करने उतर जाते हैं। इससे गरीब और कमजोर लोगों का हक मारा जा रहा है। कई मामलों में न चाह कर भी रैयतों को अपनी जमीन छोड़नी पड़ती है। कहीं-न-कहीं इन भू-माफियाओं को कुछ तथाकथित सफेदपोश नेताओं/ समाजसेवियों सहित प्रशासन और पुलिस के भी कुछ लोगों का प्रत्यक्ष/परोक्ष सहयोग मिलता है। यह सरासर गलत है और इस अन्याय के खिलाफ आम जनों को एकजुट होना होगा। उक्त बातें आज बेंगाबाद के पूर्व जिप सदस्य एवं ऑल इंडिया फारवर्ड ब्लाक के जिला संयोजक राजेश यादव ने बोरोटांड़ (महुआर) में हुई एक प्रतिवाद सभा को संबोधित करते हुए कही, जिसका आयोजन वहां पिछले 4 अगस्त को भू-माफियाओं द्वारा भारी संख्या में बाहरी गुंडों के साथ जमीन सीमांकन की आड़ में एक गरीब यादव परिवार को उसकी जमीन से बेदखल करने की नाकाम कोशिश किए जाने के खिलाफ आयोजित की गई थी। श्री यादव ने कहा कि, इस मुद्दे पर स्थानीय लोग चुप नहीं रहेंगे, बल्कि एकजुट होकर आतंक और किसी भी नाजायज गतिविधियों का विरोध करेंगे। उन्होंने पीड़ित परिवार द्वारा थाना में दिए गए आवेदन और मौजूद साक्ष्यों के आधार पर सभी दोषियों को गिरफ्तार करने की भी मांग की। कार्यक्रम को स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि महेंद्र चौधरी, पंचायत समिति सदस्य बासुदेव पासी, वार्ड सदस्य गाजो पंडित, छोटू पासी, शंकर यादव, संजय चौधरी, सुखदेव गोस्वामी आदि ने भी संबोधित करते हुए घटना के दोषियों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की है। कार्यक्रम में प्रतिवाद सभा के बाद बोरोटांड़ से महुआर चौक तक एक जुलूस निकाल कर अपराधियों को गिरफ्तार करने तथा भू-माफिया गुंडो के आतंक पर रोक लगाने की मांग करते हुए जोरदार नारेबाजी की गई। साथ ही, इस मुद्दे पर चरणबद्ध आंदोलन का ऐलान किया गया, जिसके तहत जिले के पुलिस-प्रशासन के आला अधिकारियों को घटना का संज्ञान देने तथा बेंगाबाद प्रखंड क्षेत्र में एनएच 114/ ए किनारे स्थित सभी गांवों में जन अभियान चलाकर लोगों को संगठित करने की घोषणा की गई आज के कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय पंचायत समिति सदस्य वासुदेव पासी तथा संचालन शिवनंदन यादव ने किया, जबकि मौके पर अन्य के अलावा फॉरवर्ड ब्लॉक नेता शंभू तुरी, रामलाल मंडल, मनोज यादव, बीरेंद्र यादव, सोमर पंडित, जागेश्वर पंडित, बलदेव पंडित, कुंजल पंडित, भूषण पासी, सौरभ वर्मा, विजय वर्मा, संतोष यादव, सुरेश यादव, बसंत यादव, पप्पू यादव, मुकेश यादव, उमा देवी, गोखली देवी, सावित्री देवी, ननकी देवी, उमेश यादव, प्रदीप यादव, चंदन कुमार आदि मौजूद थे।

## बद्रीनारायण डीएवी पब्लिक स्कूल में साइकिल रैली का आयोजन



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सिरसिया स्थित बद्रीनारायण साहा डीएवी पब्लिक स्कूल में सीबीएसई के निदेर्शानुसार 'हर घर तिरंगा अभियान' के अंतर्गत जन-जन में देशभक्ति की भावना का प्रसार करने एवं राष्ट्र ध्वज तिरंगा के प्रति सम्मान एवं गर्व की अनुभूति कराने के उद्देश्य से साइकिल रैली, रंगोली एवं राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया साइकिल रैली को विद्यालय के प्राचार्य सचिन गर्ग ने हरी झंडी दिखाकर विद्यालय के मुख्य द्वार से रवाना किया। यह रैली गिरिडीह शहर के विभिन्न चौक-चौराहों से होते हुए वंदे मातरम्, भारत माता की जय, हर घर झंडा, हाथ तिरंगा, वंदे मातरम् गाएंगे, विजयी विश्व तिरंगा प्यारा, हम झंडा फहराएंगे' का नारा लगाते हुए पुनः विद्यालय पहुंची इस साइकिल रैली में लगभग 150 छात्रों, शिक्षकों ने एवं अभिभावकों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सचिन गर्ग ने कहा कि "स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों के बीच देशभक्ति की भावना एवं राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान का भाव जागृत करने के लिए विद्यालय में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां करवाई जा रही हैं। जिसमें साइकिल रैली भी एक है। इस संबंध में संबंधित सभी पदाधिकारीयों को सूचना दे दी गई थी। प्रशासन का हमें पूर्ण सहयोग मिल रहा है। इसके लिए हम सभी प्रशासनिक अधिकारियों को हृदय से धन्यवाद देते हैं।

## बीएनएस डीएवी की छात्राओं ने पुलिस अधीक्षक को बांधी राखी, मिला सुरक्षा का वचन




**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर बद्रीनारायण साहा डीएवी पब्लिक स्कूल, गिरिडीह की नन्ही मुन्नी छात्राओं ने पुलिस कार्यालय पहुंचकर गिरिडीह जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार को रक्षाबंधन की ढेर सारी शुभकामनाएं देते हुए तिलक लगाकर राखी बांधी और उनकी दीघार्यु एवं सेवा भावना की ईश्वर से प्रार्थना की पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार ने छात्राओं की स्नेहपूर्ण भावना एवं खुशी को स्वीकार किया और उनके सुरक्षित एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार ने छात्राओं को उपहार भी भेट किए। उन्होंने छात्राओं को आत्मरक्षा, साइबर क्राइम, महिला हेल्पलाइन संबंधी महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया और बताया कि किसी भी आपात स्थिति में बिना झिझक पुलिस की सहायता ले। पुलिस बल सदैव आमजन विशेष कर छात्राओं एवं महिलाओं की सुरक्षा के लिए तत्पर और समर्पित है। उन्होंने छात्राओं को बालिका सुरक्षा संबंधी आवश्यक हेल्पलाइन नंबरो से भी अवगत कराया। और कहा कि " रक्षाबंधन एक पर्व नहीं बल्कि हमारी सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारियों को याद दिलाने वाला अवसर है।" यह कार्यक्रम पुलिस उपाधीक्षक मो कौशर अली की अगुवाई में संपन्न करवाया गया। विद्यालय के प्राचार्य सचिन गर्ग ने पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार को गुलदस्ता भेंट किया और कहा कि पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार जी ने अपने व्यस्ततम समय में से हमारे विद्यालय की छात्राओं के लिए समय निकाल इसके लिए हम उन्हें हृदय से धन्यवाद देते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं भी उपस्थित रहे।

### शिक्षक नसीम अख्तर को ऑपरेशंस रिसर्च में जेपीयू से मिली पीएचडी की उपाधि

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपर ने गणित विषय में उत्कृष्ट शोध कार्य के लिए नसीम अख्तर को ऑपरेशंस रिसर्च में पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनका शोध विषय ह्लस्टडी ऑफ सम कंट्रीब्यूशंस इन ऑपरेशंस रिसर्चह्व रहा, जिसमें उन्होंने गणितीय मॉडलिंग और निर्णय-निर्धारण की आधुनिक तकनीकों पर महत्वपूर्ण अध्ययन किया है। यह शोध कार्य विश्वविद्यालय के गणित विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) मुश्ताक खान के निर्देशन में पूर्ण हुआ। इस उपलब्धि पर शिक्षक डॉ शशि भूषण शाही, कमल कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार पांडेय, मंजीत कुमार तिवारी, मोहम्मद तौकीर अंसारी, सहकर्मियों, विद्यार्थियों व परिजनों ने उन्हें बधाई दी है। वहीं शिक्षक नसीम अख्तर ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, पत्नी तबस्सुम आरा, प्राध्यापकों, मार्गदर्शकों व विद्यार्थियों को दिया है।

### दावा आपत्ति को लेकर सहयोग करें राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अनुमंडल कार्यालय प्रकोष्ठ में शुक्रवार को निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह एसडीएम सूर्य प्रकाश गुप्ता ने मतदाता सूची प्रारूप के प्रकाशन के बाद दावा आपत्ति की प्रक्रिया को लेकर सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियो के साथ एक बैठक की। बैठक को संबोधित करते हुए ईआरओ सह एसडीओ श्री गुप्ता ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार शुद्ध व पारदर्शी मतदाता सूची के उद्देश्य से गहन पुनरीक्षण का कार्य हुआ है। मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन के बाद दावा आपत्ति की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों को दावा आपत्ति से संबंधित विभिन्न प्रपत्रों की जानकारी दी। सर्वेक्षण में छूटे व नया नाम जुड़वाने के लिए मतदाता प्रपत्र 6 भरकर आवश्यक दस्तावेज के साथ अपने बीएलओ के पास जमा करेंगे।वही नाम सुधार अथवा बूथ बदलने के लिए प्रपत्र सात भरकर जमा करना है। जबकि नाम हटवाने और एक राज्य से दूसरे राज्य में नाम स्थानांतरण करवाने के लिए प्रपत्र आठ भर कर जमा करना है।

## ग्रामीण कार्य विभाग पटना की टीम ने की साठी भसुरारी सड़क की जांच

**सड़क की खुदाई कर मोटाई व मेटेरियल का लिया सेंपल**

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के साठी-भसुरारी मुख्य सड़क के निर्माण कार्य में अनियमितता की शिकायत पर शुक्रवार को ग्रामीण कार्य विभाग पटना से गठित टीम द्वारा सड़क की जांच की गई। इस जांच टीम में जांच पदाधिकारी के रूप में सेवानिवृत मुख्य अभियंता ई. रवि शंकर एवं ई. शशि सिंह के साथ अधीक्षण अभियंता अमल प्रकाश, कार्यपालक अभियंता अजय कुमार सिंह के अलावा गुणवत्ता एवं लैब के सहायक अभियंता व उनकी टीम शामिल थी। जांच टीम ने शिकायतकर्ता की उपस्थिति में बरवा, मठिया एवं बैतापुर गांव के समीप उक्त सड़क में निर्माण कार्य की गुणवत्ता और मोटाई की जांच की। इसके साथ अधिकारियो ने गुणवत्ता की जांच के लिए सामग्रियो का सैंपल भी लिया गया। जांच पदाधिकारी ने बताया कि सड़क निर्माण में गुणवक्ता को लेकर शिकायत मिली थी। जिसके आलोक में सड़क का हर लेयर का जांच किया गया है। इसमें एसडीबीसी लेयर, बीएम, डब्ल्यूएमएम तथा जीएसबी लेयर का थिकनेस जांच किया गया। वहीं निर्माण कार्य में प्रयुक्त सामग्री के गुणवत्ता की जांच के लिए लैब टेस्ट करवाया जा रहा है। इसके जांच के बाद हीं आगे की कार्रवाई की जाएगी। सड़क जांच के दौरान सहायक अभियंता रोहित कुमार, कनीय अभियंता नवीन गौरव समेत निर्माण एजेंसी की पूरी टीम आदि उपस्थित रहे। बता दें कि मठिया के घनश्याम मिश्र ने ग्रामीण कार्य विभाग के अपर मुख्य सचिव को सड़क के निर्माण कार्य में अनियमितता समेत अन्य कई बिंदुओं पर शिकायत करते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की थी। जिसके आलोक में पटना की टीम जांच करने पहुंची थी। इससे पहले भी बेलवा व भसुरारी में उक्त सड़क निर्माण कार्य मे अनिमितता व घटिया मेटेरियल का उपयोग करने को लेकर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया है।

## सीसीआरटी उदयपुर में प्रशिक्षण लेकर लौटे सारण के दो शिक्षक

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत राजस्थान के उदयपुर स्थित सीसीआरटी में आयोजित 21 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण में सारण जिले के दो शिक्षकों ने भाग लिया। इनमें उच्च माध्यमिक विद्यालय धवरी, बनियापुर के पिंटू रंजन प्रसाद और उच्च माध्यमिक विद्यालय बनपुरा, लहलादपुर के राजेश्वर प्रसाद राजीव शामिल हैं। प्रशिक्षण के दौरान दोनों शिक्षकों ने बिहार की संस्कृति, लोककला, खानपान, पर्व-त्योहार और ऐतिहासिक धरोहरों को देश के विभिन्न राज्यों



से आए प्रतिभागियों से साझा किया। पिंटू रंजन प्रसाद ने छठ महापर्व, लिट्टी-चोखा, झिझिया, समा-चकेबा, मिथिला पेंटिंग, पटना कलम आदि पर विस्तृत पावर प्वॉइंट प्रस्तुति दी। इसके अलावा, बिहार का राज्यगीत ह्लमेरे भारत के कंठहारङ्ख तुझको शत-शत वंदन बिहारह्व सभी ने मिलकर गाया। प्रशिक्षण में एनईपी-2020, निपुण भारत, निष्ठा, आईसीटी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सहित कई शैक्षिक मॉड्यूल, कला से जुड़ी शिक्षण विधियां, टेराकोटा, फर पेंटिंग, टाई एंड डाई, शास्त्रीय नृत्य और संगीत जैसे विषय शामिल रहे। प्रतिभागियों को राजस्थान के शिल्पग्राम, चित्तौड़गढ़, कुंभलगढ़, हल्दीघाटी, दिलवाड़ा जैन मंदिर आदि का भी दौरा कराया गया। समापन समारोह में सीसीआरटी अध्यक्ष डॉ. विनोद नारायण इंदुरकर ने शिक्षकों के कार्यों की सराहना करते हुए विद्यालय व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव की उम्मीद जताई।

## ज्ञान निकेतन में संस्कृत सप्ताह सम्पन्न



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानीय गोला रोड दानापुर में स्थित ज्ञान निकेतन विद्यालय में संस्कृत सप्ताह' अत्यंत धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ। विद्यालय के निदेशक श्री सायण कुणाल ने छात्रों को संस्कृत पढ़ने की अनिवार्यता बताते हुए कहा कि देववाणी संस्कृत हमारे राष्ट्र की अस्मिता है। इसकी रक्षा हमारा परम कर्तव्य है। प्राचार्य श्री एस. एम. झा ने संस्कृत के विश्वव्यापी पहलू को सामने रखते हुए कहा कि विज्ञान को मानव कल्याण से जोड़ने के लिए संस्कृत पढ़ने की आवश्यकता है। संस्कृत के वरीय शिक्षक डॉ० सुनील कुमार प्रधान ने दैनिक जीवन में उपयोगी एवं स्वस्थ जीवन के लिए संस्कृत की महत्ता को उजागर किया तो वहीं उप-प्राचार्या श्रीमती रंजना कुमार एवं उपाचार्य श्री अमित कुमार ने आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त करने के लिए संस्कृत को ही एकमात्र विकल्प माना। 'संस्कृत सप्ताह' में विद्यालय की सभी प्रमुख क्रियाविधि एवं प्रार्थनासभा संस्कृत में संचालित हुई। अन्तरसदनीय गीता श्लोकपाठ प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें वरीय वर्ग में -

प्रथम-कृति कुमारी, गुरुगोविन्द सिंह सदन
द्वितीय-उज्जवल कुमार तिवारी, छत्रपति शिवाजी सदन
तृतीय- आशुतोष आनन्द, टीपू सुल्तान सदन
कनीय वर्ग में - प्रथम- केशव मिश्र, गुरुगोविन्द सिंह सदन
द्वितीय- अंकुर कुमार सिंह, टीपू सुल्तान सदन
तृतीय- राजवीर यादव, छत्रपति शिवाजी सदन एवं गोविंद कुमार झा, महाराणा प्रताप सदन

## हरगुण उच्चतर विद्यालय में जितेन्द्र प्रसाद ने संभाला प्रधानाध्यापक का पद

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शुक्रवार को हरगुण उच्चतर विद्यालय, सरिसवा में प्रभारी प्रधानाध्यापक के रूप में जितेन्द्र प्रसाद ने पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में सादे लेकिन गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के शिक्षक, शिक्षाकर्मी और सम्मानित लोग उपस्थित रहे।माध्यमिक शिक्षक संघ बेतिया के सचिव, अध्यक्ष तथा राज्य कार्यकारिणी के अध्यक्ष ने नए प्रभारी प्रधानाध्यापक को बधाई देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में विद्यालय का सर्वांगीण विकास होगा और शिक्षा की गुणवत्ता में सकारात्मक बदलाव आएगा।विद्यालय के सभी शिक्षकों ने पुष्पगुच्छ और सम्मान के साथ उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर वरीय शिक्षक आचार्य मृत्युंजय पाण्डेय, मनीष कुमार, सुभाष प्रसाद, राकेश कुमार, हरिशंकर मिश्रा, प्रिया सिंह, जितेन्द्र कुमार आर्या, सुमन सिन्हा, सतेन्द्र राव और कृष्णा पाण्डेय समेत सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।जितेन्द्र प्रसाद ने पदभार ग्रहण करते हुए कहा कि वे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और विद्यालय की शैक्षणिक प्रगति को अपनी पहली प्राथमिकता बनाएंगे। समारोह का समापन आपसी सौहार्द और भविष्य में बेहतर कार्य की शुभकामनाओं के साथ हुआ।

## सड़क दुर्घटना में एक नाबालिग की हुई मौके पर मौत



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के कोलडीहा में शुक्रवार की सुबह हुई सड़क दुर्घटना में एक नाबालिक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए मृतक की पहचान पहाड़ीडीह निवासी कुर्बान अंसारी के रूप में की गई है ।घटना के बाबत बताया गया कि स्कूटी पर सवार तीन नाबालिक गिरिडीह मॉर्निंग वॉक करने के लिए कोलडीहा के रास्ते से गिरिडीह स्टेडियम जा रहे थे। इसी दरमियान कोलडीहा पेट्रोल पंप के पहले एक तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी को ठोकर मार दी टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कूटी पर सवार एक नाबालिक युवक की मौत हो गई जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए । वहीं वहां के लोगों ने आनन फानन में सभी को सदर अस्पताल पहुंचाया गया । जहां चिकित्सकों ने कुर्बान को मृत घोषित कर दिया जब ठीक है हेलो का इलाज कराया जा रहा है। इस घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने शव को कोलडीहा मस्जिद के पास रखकर सड़क जामकर विरोध प्रदर्शन करना शुरू कर दिया । इधर घटना की सूचना मिलने के बाद नगर थाना प्रभारी ज्ञान रंजन दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और आक्रोशित लोगों को समझने का प्रयास किया। वंही इस मामले की जानकारी मिलने के बाद गिरिडीहबी.डी.ओ गणेश रजक भी मौके पर पहुंचे तथा लोगों को समझाया गया इसके बाद लोगों ने जाम को हटाया।

# बड़े भाई ने ही की थी छोटे भाई की हत्या, गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के हसपुरा थाना क्षेत्र में 2 अगस्त को सुप्तावस्था में युवक की गोली मारकर हत्या करने के मामले का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मामले का उद्भेदन करते हुये कांड के वादी और मृतक के बड़े भाई को ही गिरफ्तार किया है। साथ ही घटना में प्रयुक्त देसी कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद किया है। दाउदनगर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक कुमार दास ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रेसवार्ता कर जानकारी देते हुए बताया कि दो अगस्त को हसपुरा थाना क्षेत्र के महमदपुर गांव निवासी स्व. भोला विश्वकर्मा के पुत्र छोटू कुमार को सोये अवस्था में अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। कांड के उद्भेदन मामले में पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया था। गठित टीम द्वारा उपयुक्त साक्ष्य और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर काड के वादी और मृतक के बड़ा भाई रविरंजन कुमार को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के निशानदेही पर उसके दलान से एक देसी कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद किया गया। पूछताछ में उसने अपना अपराध स्वीकार किया है। अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताया कि मैं कर्ज चुकाने के लिए अपने घर की जमीन को बेचना चाहता था जिसे मेरा छोटा भाई छोटू बेचने नहीं दे रहा था। वह हमेशा नशे की हालत में मारपीट करता था और मेरे सीने पर चढ़कर गला दबाकर हत्या की प्रयास करता था। मेरी पत्नी के साथ उसका अवैध संबंध भी था। लड़ाई-झगड़े में पत्नी भाई का समर्थन करती थी। परेशान होकर उसने अपने दोस्त हरेंद्र सिंह से बहाना बनाकर एक देसी कट्टा और दो गोली मंगवाया तथा सोये अवस्था में भाई की गोली मारकर हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि मामले में हरेंद्र सिंह की तलाश की जा रही है। उसे जल्द ही उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जायेगा। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष दिनेश कुमार सहित अन्य पुलिस बल शामिल थे।



# शेष लंबित कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण करें : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी श्रीकान्त शास्त्री की अध्यक्षता में शुक्रवार को पंचायती राज विभाग से संबंधित समीक्षात्मक बैठक का आयोजन समाहरणालय के सभा कक्ष में किया गया। बैठक में संबंधित विभागीय अधिकारियों को विभिन्न योजनाओं की अद्यतन प्रगति की विस्तृत समीक्षा हेतु आमंत्रित किया गया था। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना के अंतर्गत अब तक निर्गत कार्यादेशों तथा उनके आलोक में विभिन्न पंचायत क्षेत्रों में स्थापित सोलर स्ट्रीट लाइटों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को यह निर्देश दिया गया कि शेष लंबित स्थापन कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण किया जाए तथा प्रत्येक पंचायत क्षेत्र में कार्य की अद्यतन जानकारी पोर्टल पर अद्यतन की जाए। इसके अतिरिक्त, ग्राम पंचायतों एवं पंचायत समितियों के ऑनलाइन अंकेक्षण कार्य की प्रगति की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी द्वारा यह स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि अंकेक्षण कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता न हो तथा सभी आवश्यक अभिलेख एवं साक्ष्य ऑनलाइन अपलोड करना सुनिश्चित करें। बैठक में पंचायत सरकार भवन के निर्माण कार्य की प्रगति पर भी विस्तृत चर्चा हुई। जिन प्रखंडों और पंचायतों में निर्माण कार्य प्रगति पर है, वहां गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने हेतु विशेष निर्देश दिए गए। साथ ही जिन स्थलों पर कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है, वहां शीघ्र भूमि चिन्हांकन एवं निविदा प्रक्रिया पूर्ण करने का आदेश दिया गया। महालेखाकार, पटना द्वारा किए गए अंकेक्षण के उपरांत दर्ज आपत्तियों के निराकरण की अद्यतन स्थिति की भी समीक्षा की गई। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि शेष आपत्तियों का समुचित उत्तर साक्ष्य सहित निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत कर निराकरण सुनिश्चित करें। साथ ही षष्ठम राज्य वित्त आयोग एवं पंद्रहवें वित्त आयोग के तहत प्राप्त आवंटनों के विरुद्ध स्वीकृत योजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि पंचायत स्तर पर क्रियान्वित की जा रही योजनाएं जनहित से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ी होती हैं, अतः इनकी गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्ध निष्पादन अत्यंत आवश्यक है। बैठक के अंत में जिला पदाधिकारी द्वारा सभी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारियों एवं प्रखंड विकास पदाधिकारियों को यह निर्देश दिया गया कि विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरती जाए तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी कार्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित की जाए। बैठक में जिला पंचायत राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद सहित सभी प्रखंडों के बीपीआरओ एवं बीडीओ उपस्थित रहे।



# जम्होर नगर पंचायत में दस माह के भीतर हो सकते हैं चुनाव

## नगर विकास एवं आवास विभाग ने जारी की अधिसूचना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नवगठित जम्होर नगर पंचायत में आगामी 6 से 10 महीने के भीतर नगर निकाय चुनाव होने की संभावना है। नगर विकास एवं आवास विभाग से प्राप्त संकेतों के अनुसार प्रशासनिक स्तर पर तैयारी शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी औरंगाबाद यात्रा के दौरान जम्होर को नगर पंचायत का दर्ज़ा देने की घोषणा की थी। इसी के अनुपालन में बिहार सरकार ने 29 जुलाई को अधिसूचना जारी करते हुए जम्होर को आधिकारिक रूप से नगर पंचायत घोषित कर दिया। नगर विकास एवं आवास विभाग की अधिसूचना के मुताबिक, नवगठित जम्होर नगर पंचायत का क्षेत्रफल 9.17 वर्ग किलोमीटर होगा, जिसमें 2011 की जनगणना के अनुसार 13,573 की आबादी निवास करती है। इस नगर पंचायत में जम्होर और सरसौली गांव शामिल किए गए हैं, जिसे संयुक्त रूप से नगर पंचायत जम्होर कहा जाएगा। सूत्रों के अनुसार, प्रशासनिक सुविधा और कार्य संचालन के लिहाज से फिलहाल जम्होर नगर पंचायत को दाउदनगर या औरंगाबाद नगर परिषद से टैग किया जा सकता है, जब तक कि यहां स्वतंत्र प्रशासनिक ढांचा पूरी तरह तैयार नहीं हो जाता। स्थानीय नागरिकों में नगर पंचायत का दर्ज़ा मिलने को लेकर उत्साह है। उनका मानना है कि इससे क्षेत्र में शहरी सुविधाओं का विस्तार, आधारभूत ढांचे का विकास और नगर प्रबंधन में तेजी आएगी। वहीं, चुनाव की संभावनाओं ने स्थानीय राजनीति में भी हलचल तेज कर दी है। जानकारों के अनुसार, नगर पंचायत बनने के बाद जलापूर्ति, सड़क, नाली, स्वच्छता, बिजली व्यवस्था और शहरी सौंदर्यीकरण जैसे कार्यों में प्राथमिकता दी जाएगी। प्रशासनिक और तकनीकी औपचारिकताएं पूरी होते ही चुनाव की अधिसूचना जारी की जा सकती है।

# 20 सूत्री की बैठक में भ्रष्टाचार पर उठे सवाल, कार्रवाई की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** प्रखंड मुख्यालय के बहुउद्देशीय भवन में शुक्रवार को प्रखंड कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गयी। इस दौरान समिति के सदस्यों ने अधिकारियों के संरक्षण में प्रखंड कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार पर साक्ष्य के साथ सवाल उठाए और मामले को सरकार की नजर में लाकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई कराने की बात कही। 20 सूत्री अध्यक्ष प्रवीण कुमार ने मनरेगा के कार्यक्रम पदाधिकारी के संरक्षण में चल रहे भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत बैरांव में मनरेगा के तहत किए जा रहे वृक्षारोपण कार्य में वैसे लोगों के अकाउंट में पैसा डाला जा रहा है जो मनरेगा में काम नहीं करते हैं। उन्होंने साक्ष्य के लिए योजना में काम कर रहे सभी मजदूरों का जॉब कार्ड संख्या के साथ नाम का उल्लेख किया। मौके पर उपस्थित प्रखंड प्रमुख धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि मैं व्यक्तिगत रूप से इन लोगों को जानता हूं। ये जॉब कार्डधारी मजदूर नहीं हैं। यह काम गलत तरीके से किया गया है। वहीं 20 सूत्री उपाध्यक्ष हरेंद्र सिंह ने जन वितरण प्रणाली, मनरेगा, बाल विकास परियोजना में अनियमितता का आरोप लगाया। समिति के सदस्य हीरा सिंह ने आवास योजना में हो पैसों की उगाही के लिए बीडीओ को ज़िम्मेदार बताया। उन्होंने कहा कि बीडीओ के संरक्षण में आवास सहायक बिचौलियों की मदद से पैसों की उगाही करा रहे हैं। इधर सदस्य योगेंद्र मेहता, विजय सिंह, सुरेंद्र मेहता, परमेश्वर बैठा, हिमांशु शेखर ने भी जॉब कार्ड एवं नल जल के लिए पीएचईडी के जेई पर आरोप लगाया। समिति के सदस्यों ने कहा कि अधिकारी सरकार द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार कर रहे हैं। इससे जनता के बीच सरकार की बदनामी हो रही है। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि पूर्व की बैठक में अंबा को नगर पंचायत बनाने की मांग की गई थी। प्रखंड कार्यालय द्वारा इसका नक्शा बनाकर जिला मुख्यालय में भेज दिया गया है। बीडीओ की बात सुन समिति के सदस्यों ने खुशी जाहिर की और ताली बजाकर समर्थन किया। वहीं लोगों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी के कार्यों की सराहना की। बैठक के बाद ब्रह्मकुमारी बहनों द्वारा उपस्थित लोगों को राखी बांधी गई। इस मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष प्रवीण कुमार, उपाध्यक्ष हरेंद्र सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार, प्रखंड प्रमुख धर्मेंद्र कुमार, सदस्य हीरा सिंह, हिमांशु शेखर, विजय सिंह, राजकुमार पासवान, सुरेंद्र सिंह, सीडीपीओ श्वेता कुमारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी शिशिर कुमार रंजन आदि उपस्थित थे।



# हत्यारोपित राजू गुप्ता दोषी करार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के जिला जज नवम पंकज पांडेय की अदालत ने बारूण थाना कांड संख्या 179/2020, एसटीआर 60/2021 व 198/2022 में सुनवाई पूरी करते हुए काराधीन अभियुक्त राजू प्रसाद गुप्ता (खजुरी फार्म, बारूण) को हत्या और आर्म्स एक्ट के मामले में दोषी करार दिया है। अदालत ने भादंवि की धारा 302 और आर्म्स एक्ट की धारा 27 के तहत दोष सिद्ध किया। सजा की बिंदु पर सुनवाई की तारीख 21 अगस्त 2025 तय की गई है। अभियुक्त 11 सितंबर 2020 से जेल में बंद है। मामले की प्राथमिकी सूचक शिवपूजन चौधरी (निवासी खजुरी फार्म, बारून) ने दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि 1 सितंबर 2020 को शाम करीब 5:30 बजे वे अपने पुत्र ओमप्रकाश चौधरी के साथ घर पर मौजूद थे। तभी अभियुक्त अपने दो सहयोगियों के साथ पिस्तौल लहराते हुए घर में घुसा और ओमप्रकाश चौधरी को गोली मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात के बाद अभियुक्त फरार हो गया था। सूचक के अनुसार, उनके पुत्र का गांव की एक महिला से अवैध संबंध था, जिससे अभियुक्त नाराज था और इसी रंजिश में हत्या की घटना को अंजाम दिया गया। मामले में 30 नवंबर 2020 को आरोपपत्र दाखिल हुआ और 17 मार्च 2021 को आरोप गठन हुआ। जांच के दौरान अभियुक्त के घर से देसी कट्टा और खाली खोखा बरामद किया गया था।

# संस्कृति दर्पण संघ ने की रक्षाबंधन उत्सव की शुरुआत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को नई दिशा और समाज में बहन-बेटियों की सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से संस्कृति दर्पण संघ द्वारा नगर भवन में भव्य और ऐतिहासिक रक्षाबंधन उत्सव का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला महामंत्री एवं रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष सतीश सिंह, मार्गदर्शक अजीत चंद्र, संस्था के अध्यक्ष प्रकाश चौहान एवं महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका प्रीतम मोदनवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान बहनों ने कई रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं जिनमें भाई-बहन के प्रेम, स्नेह और अटूट बंधन को भावपूर्ण तरीके से दर्शाया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण वह क्षण रहा जब सैकड़ों बहनों ने सतीश सिंह की कलाई पर राखी बांधी और उनसे यह वचन लिया कि वे समाज में महिलाओं और बहनों के सम्मान एवं सुरक्षा के लिए हमेशा खड़े रहेंगे। इस भावुक क्षण पर सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। सतीश सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आज से मैं केवल अपने परिवार की बहनों को ही नहीं बल्कि पूरे समाज की हर बेटी और बहन को अपनी बहन मानकर उनका सम्मान और सहयोग करूंगा। मार्गदर्शक अजीत चंद्र ने इस आयोजन को औरंगाबाद के इतिहास में एक अनूठा और प्रेरणादायक प्रयास बताया और कहा कि ऐसे आयोजन समाज को एकजुट करने और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर संघ के सचिव चंदन गुप्ता, कोषाध्यक्ष पंकज सोनी, विश्वनाथ कुमार, सोनू योगी, रोशन कुमार पंडित, रोशन मिश्रा, सुनील कुमार मोदी, तेजस्वी कुमार सहित बड़ी संख्या में महिला सदस्य, कार्यकर्ता और सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे।




# बेल रोड पर गड्ढों में फंसे वाहन, घंटों जाम से लोग परेशान

**ओबरा(नबिटा संवाददाता)।** प्रखंड के बेल-पौथू पथ पर चपरी स्थित गहरे गड्ढों में कई वाहन फंस जाने से शुक्रवार को घंटों तक आवागमन बाधित रहा। इस दौरान लंबा जाम लग गया, जिससे राहगीरों और यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क की स्थिति लंबे समय से जर्जर है। आए दिन यहां दुर्घटनाएं हो रही हैं, लेकिन संबंधित अधिकारी और जनप्रतिनिधि समस्या के समाधान को लेकर उदासीन बने हुए हैं। यह मार्ग कई सड़कों को जोड़ने वाला मुख्य पथ है, जिससे बड़ी संख्या में लोग रोजाना आवागमन करते हैं। वार्ड सदस्य जयनंदन पासवान और सुनील यादव ने कहा कि सड़क किनारे बने नालों की समय पर सफाई न होने के कारण पानी का बहाव सड़क पर हो रहा है, जिससे सड़क टूटकर गहरे गड्ढों में तब्दील हो गई है। अब स्थिति यह है कि वाहन तो दूर, पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि सड़क की मरम्मत जल्द नहीं की गई तो किसी दिन यहां बड़ी अनहोनी हो सकती है। कई बार लोग फिसलकर चोटिल हो चुके हैं, फिर भी जिम्मेदार विभाग और जनप्रतिनिधियों की चुप्पी बनी हुई है।

# लिपिकों ने मशाल जुलूस निकाल जताया विरोध

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में कार्यरत लिपिकों ने अपनी 10 सूत्री मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ विरोध तेज कर दिया है। शुक्रवार की शाम औरंगाबाद समाहरणालय परिसर से लिपिकों द्वारा मशाल जुलूस निकाला गया। यह जुलूस समाहरणालय से निकलकर रमेश चौक तक गया और पुनः समाहरणालय परिसर में आकर समाप्त हुआ। इस दौरान लिपिकों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को जोरदार ढंग से दोहराया। बिहार अनु सचिवीय कर्मचारी संघ (गोप गुट), औरंगाबाद के जिला सचिव योगेन्द्र कुमार ने बताया कि 25 जून 2025 से ही राज्यव्यापी स्तर पर चरणबद्ध आंदोलन चलाया जा रहा है। बावजूद इसके सरकार की ओर से अब तक मांगों पर कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार की चुप्पी और उदासीनता से कर्मचारीगण अपने को उपेक्षित और हतोत्साहित महसूस कर रहे हैं। संघ के सचिव ने स्पष्ट किया कि राज्य इकाई के निर्देशानुसार औरंगाबाद जिले के समस्त लिपिक 9 अगस्त 2025 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। हड़ताल तब तक जारी रहेगी जब तक सरकार उनकी 10 सूत्री मांगों को मान नहीं लेती। उन्होंने यह भी चेताया कि अगर शीघ्र कोई समाधान नहीं निकला तो इससे प्रशासनिक कामकाज बुरी तरह प्रभावित होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी।




# एड्स जागरूकता के लिए युवाओं ने लगायी दौड़

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** भारत सरकार के राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन के तत्वावधान में देशव्यापी रेड रन 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय में रेड रन का महाविद्यालय स्तरीय चरण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस आयोजन का उद्देश्य न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना था, बल्कि युवाओं को सामाजिक सरोकार, स्वास्थ्य विषयक जिम्मेदारी और राष्ट्रीय चेतना से जोड़ना भी था। कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विजय रजक के संरक्षण एवं गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। उन्होंने लाल झंडी दिखाकर रेड रन प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम के नोडल पदाधिकारी डॉ. विवेक कुमार के नेतृत्व में संपूर्ण आयोजन का कुशल संचालन सुनिश्चित किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं की बड़ी संख्या में भागीदारी देखने को मिली। प्रतिभागियों ने शारीरिक कौशल, अनुशासन एवं सामाजिक दायित्व के प्रति प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। यह आयोजन विद्यार्थियों के भीतर नेतृत्व, सहयोग और समर्पण की भावना को सुदृढ़ करता हुआ प्रतीत हुआ।




# डीएम ने प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान-2025 के अंतर्गत प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची से संबंधित दावा एवं आपत्ति पंजीकरण प्रक्रिया का प्रचार-प्रसार विविध माध्यमों से जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। इसी के मद्देनजर शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा ध्वनि विस्तारक यंत्र से युक्त ई-रिक्शा को समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह प्रचार वाहन जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए आम नागरिकों को विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के उद्देश्यों, प्रक्रिया और निर्धारित तिथियों के संबंध में जागरूक करेगा। गौरतलब है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के आलोक में जिले में 01 अगस्त से 01 सितंबर तक की अवधि को विशेष दावा एवं आपत्ति दर्ज करने हेतु निर्धारित किया गया है। इस अवधि के दौरान कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, किसी अपात्र नाम को विलोपित कराने, या पूर्व से दर्ज प्रविष्टियों में संशोधन अथवा आपत्ति दर्ज कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर सकता है। इस प्रक्रिया को सुगम एवं सुलभ बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा सभी प्रखंडों एवं नगर निकाय क्षेत्रों में प्रत्येक कार्य दिवस को पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जहां नागरिक निर्वाचन संबंधी प्रपत्र प्रस्तुत कर सकते हैं। नाम जोड़ने हेतु फॉर्म-6, नाम विलोपित करने हेतु फॉर्म-7, तथा प्रविष्टियों में संशोधन अथवा स्थानांतरण हेतु फॉर्म-8 निर्धारित है, जिन्हें निर्धारित प्रारूप में भरकर बीएलओ अथवा संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को समर्पित किया जा सकता है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने अपील की है कि वे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें तथा यह सुनिश्चित करें कि उनका नाम मतदाता सूची में यथोचित रूप से दर्ज हो। इस अवसर पर अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रत्ना प्रियदर्शिनी, कला एवं संस्कृति पदाधिकारी कुमार पप्पू राज मौजूद रहे।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक – कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

BAYC Institute
स्थापित 1972
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7
नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
भारत का पहला कॉलेज
डॉक्टर बनें
एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन




DIPLOMA COURSE
DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DEMS Electrohomeopathy Medicine
DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine | DNYS Naturopathy Yoga
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

BACHELOR DEGREE COURSE
MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BEMS Electrohomeopathy Medicine
BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture | MBAS Medicine in ALT Science
अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2 | अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE
MD (Acu Yoga) MD (TM) | MD (EH)
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजएट | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL COURSE
BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL COURSE
MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार
Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES


डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।
कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।


डा. अजय प्रकाश
सचिव

9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in
Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com